चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -225, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज 16

सोनाक्षी सिन्हा ने रिकॉर्ड ब्रेकिंग में पूरा किया शॉट 2

एक नजर

भोजशाला : याचिकाकर्ता के सर्वे में शामिल होने की मंजूरी से कोर्ट का इनकार

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने धार के भोजशाला विवाद के मुकदमे के पक्षकारों में से एक को भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में जारी सर्वे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं बनता है। हाईकोर्ट के आदेश पर एएसआई भोजशाला के विवादित परिसर में 22 मार्च से सर्वे कर रहा है। सर्वे का आदेश भोजशाला से जुड़े विचाराधीन मुकदमे के पक्षकारों में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर दिया गया था। हाईकोर्ट हिंदू और मुस्लिम पक्षों की चार याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति एस ए धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने इनमें से एक याचिका दायर करने वाले लोगों में से कुलदीप तिवारी की अर्जी सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रद कर दी है।

जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने जिले के उरी इलाके में सबुरा नाला रुस्तम में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठियों को ललकारा। इस पर घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सैनिकों ने जवाब दिया। इस कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान जारी है।

छत्तीसगढ़: दंतेवाड़ा के मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के इलाके में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। किरंदुल क्षेत्र के अंतर्गत पुरंगेल, बड़ेपल्ली, दोडीतुमनार और गमपुर के जंगल में माओवादियों की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रवाना किया गया था। शुक्रवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की।

सातवीं बार रेपो दर 6.5 % पर कायम, 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी

- चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा
- इस बार भी राहत : ईएमआई में नहीं होगा बदलाव
- मकान, वाहन समेत ईएमआई में बदलाव की संभावना कम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार सातवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के सात और खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक तात्कालिक जरूरतों के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है।

रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों ईएमआई में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के इन निर्णय की जानकारी दी। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच डॉ. शशांक भिड़े, डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर को बरकरार रखने के पक्ष में जबकि प्रो. जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी के पक्ष में मत दिया।

एमपीसी सदस्यों ने लक्ष्य के अनुरूप खुदरा महंगाई को लाने के लिए उदार रुख को वापस लेने के निर्णय को कायम रखने का फैसला किया है। दास ने कहा, आर्थिक वृद्धि की मजबूत संभावनाएं इस बात की गुंजाइश देती हैं कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर ध्यान दे सके। चूंकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितताएं चुनौतियां बनी हैं, ऐसे में एमपीसी महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर सतर्क है। आर्थिक वृद्धि पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार तथा असंगठित क्षेत्र की स्थिति में सुधार, मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने से निजी उपभोग बढ़ेगा। उन्होंने कहा हमारा अनुमान है कि जीडीपी की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहेगी। जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

सब्जियों की दर पर नजर रखेंगे : दास

मुंबई। शक्तिकान्त दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक सब्जियों के दर पर नजर बनाए रखेगा जो बढ़ती गर्मी से प्रभावित हो सकती हैं। आईएमडी ने इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में लू चलने का पूर्वानुमान लगाया है। गेहूं की उपलब्धता पर उतना असर नहीं पड़ेगा जितना दो साल पहले पड़ा था जब मार्च से काफी लू चली थी। मुद्रास्फीति कम होने का अंतिम पड़ाव हमेशा चुनौतीपूर्ण और मुश्किल होता है।

स्वर्ण भंडार तैयार करने में जुटा भारत

मुंबई। दास ने बैठक के बाद कहा, हम सोने का भंडार बना रहे हैं जो हमारे मुद्रा भंडार नियोजन का हिस्सा है। उन्होंने इसके लिए खरीदे गए सोने की मात्रा की कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन आंकड़ों की ओर इशारा किया जो स्वर्ण भंडार के मूल्य में वृद्धि को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का मूल्य 51.48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

यूपीआई से जमा कर सकेंगे नकदी

नयी दिल्ली। आरबीआई यूपीआई से नकदी जमा करने वाली मशीन की सुविधा देगा। पीपीआई (प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप से यूपीआई भुगतान की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में नकद जमा करने की मशीन में पैसा जमा करने के लिए मुख्य रूप से डेबिट कार्ड का उपयोग किया जाता है।

मदरसा शिक्षा : हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

लखनऊ पीठ ने मदरसा अधिनियम को संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मदरसा अधिनियम के प्रावधानों को रद्द करते हुए छात्रों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। इससे 17 लाख छात्र प्रभावित होंगे...हमारा मानना है कि छात्रों को अन्य स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश उचित नहीं था। राज्य 30 जून, 2024 तक जवाब दायर करेगा। एसएलपी को जून 2024 के दूसरे सप्ताह में अंतिम निपटान के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। उच्च न्यायालय के 22 मार्च, 2024 के आक्षेपित आदेश और फैसले पर रोक रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 22 मार्च के मदरसा बोर्ड के संबंध में दिए गये फैसले पर रोक लगा दी। लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। इस फैसले पर रोक लगने से करीब 17 लाख मदरसा छात्रों को राहत मिलेगी।

तीन-सदस्यीय पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों को बारीकी से विचार करने योग्य पाया तथा केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में '2004 अधिनियम की प्रथम दृष्ट्या गलत व्याख्या' मानते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का निर्देश 17 लाख छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। पीठ ने कहा, यह सुनिश्चित करने में राज्यों के वाजिब हित हैं कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि 2004 का अधिनियम धर्मनिरपेक्षता और बुनियादी ढांचे और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। ये निष्कर्ष हालांकि मदरसा बोर्ड को सौंपी गई नियामक शक्ति से मेल खाते प्रतीत होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 28(1) में प्रावधान है कि सरकार द्वारा पूर्ण सहायता प्राप्त संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले का समर्थन करते हुए दलील दी कि लगभग 17 लाख छात्रों को नियमित संस्थानों में समायोजित किया जा सकता है और अगर फैसले पर रोक लगाई गई तो राज्य को 1096 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी आदि ने फैसले की वैधता पर सवाल उठाया।

उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने 'फरमान' पारित कर 1908 से नियामक व्यवस्था के तहत चलाए जा रहे मदरसों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से 17 लाख छात्रों के अलावा 10,000 शिक्षक भी प्रभावित हुए हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कहा, क्या राज्य सहायता देकर धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन कर रहा है? क्योंकि हम इस्लाम पढ़ाते हैं, इसलिए यह संस्था धार्मिक निर्देश देने वाली नहीं बन जाती।

1,096 करोड़ खर्च करती है सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा कि प्रदेश सरकार मदरसों पर हर साल 1,096 करोड़ का वित्तीय बोझ उठाती है। अटॉर्नी जनरल के. वेंकटरमणी ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले का मदरसों के पंगु होने पर प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका एकमात्र परिणाम यह होगा कि उन्हें कोई सरकारी सहायता नहीं मिलेगी।

मदरसों की तरफ से क्या दी गई दलील

याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि मदरसों में गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और अन्य विषय पढ़ाए जाते हैं। यह मानना गलत है कि मदरसों में केवल धार्मिक शिक्षा दी जाती है। हरिद्वार और ऋषिकेश में भी बहुत प्रसिद्ध गुरुकुल हैं जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। क्या आप उन्हें यह कहकर बंद कर देंगे कि वे धार्मिक शिक्षा के स्थान हैं?

मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया इलाहाबाद उच्च न्यायालय की यह बात सही नहीं प्रतीत होती कि बोर्ड का गठन धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा। प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय ने 2004 के अधिनियम के प्रावधानों के गलत अर्थ निकाले, जो (अधिनियम) किसी भी धार्मिक निर्देश का प्रावधान नहीं करता है। मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निर्देश जारी करना होगा कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

कांग्रेस ने जनगणना समेत किए कई वादे

नई दिल्ली, एजेंसी

घोषणापत्र जारी

- पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उसने जाति जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और नई शिक्षा नीति में संशोधन करने समेत कई वादे किए हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। यह पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि घोषणा पत्र में भविष्य के भारत की तस्वीर है। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव, संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और इन्हें बचाने की कोशिश करने वालों के बीच होने जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी हुआ। संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम आदि भी मौजूद थे।

पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 10 प्रतिशत आरक्षण को सभी वर्ग के गरीबों के लिए लागू करेगी। नई शिक्षा नीति पर राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर संशोधन होगा।

कांग्रेस का घोषणापत्र 'झूठ का पुलिंदा' : भाजपा

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस इस तरह का घोषणापत्र लेकर आई है। कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है।

रामनवमी पर 20 घंटे होंगे रामलला के दर्शन, प्रसार भारती करेगा प्रसारण

अयोध्या कार्यालय

- सात लाइन से पहुंचेंगे श्रद्धालु, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में लिया गया निर्णय

अमृत विचार : रामनवमी पर राम मंदिर में श्रद्धालुओं को रामलला के 20 घंटे दर्शन सात लाइन के जरिए होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणिराम दास छावनी में हुई। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि रामलला के जन्मोत्सव का प्रसारण प्रसार भारती करेगा। श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन अभी संभव नहीं है। उन्होंने अभी 20 घंटे दर्शन की तिथि और समय नहीं बताया है। उनका कहना है कि परिस्थितियों को देखकर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर में बालकराम के श्रृंगार, भोग, आरती के लिए चार घंटा लग रहा है। किसी भी परिस्थिति में समय का परिवर्तन नहीं हो सकता है, लेकिन बाकी समय श्रद्धालु दर्शन से वंचित न रहे इसकी व्यवस्था होगी। वर्तमान में 14 घंटे दर्शन हो रहे हैं। सुबह साढ़े छह से रात साढ़े नौ बजे तक दर्शन होते हैं। बीच में दोपहर 12 से एक बजे तक दर्शन बंद रहता है।

15 से 18 तक पास निरस्त

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि रामनवमी पर आने वाली भीड़ को देखते हुए 15 से 18 अप्रैल तक किसी भी प्रकार का विशेष पास जारी नहीं किया जाएगा। पूर्व में ऑनलाइन के माध्यम से जारी हुए पास भी निरस्त होंगे।

एनसीईआरटी की किताबों में किया बाबरी मस्जिद, गुजरात दंगे के संदर्भ में संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी बोले- बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा
- संशोधन 11 और 12 कक्षा तथा अन्य राजनीति विज्ञान में किया

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यपुस्तकों में बदलाव करते हुए अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराए जाने, गुजरात दंगों में मुसलमानों के मारे जाने और मणिपुर के भारत में विलय के संदर्भ में संशोधन किया है। एनसीईआरटी ने हालांकि संशोधित गए संदर्भों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा हैं और इसका संबंध नए पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार नयी पुस्तकों के विकास से नहीं है। यह बदलाव कक्षा 11 और 12 तथा अन्य की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में किया गया है।

एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम मसौदा समिति द्वारा तैयार किए गए बदलावों का विवरण देने वाले एक दस्तावेज़ के अनुसार, राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भों को राजनीति में नवीनतम घटनाक्रम के अनुसार बदल दिया गया है। कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय-8 में पूर्व में कहा गया था, 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम थे। संशोधन के बाद इस वाक्य को अब 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए कर दिया गया है। बदलाव के पीछे एनसीईआरटी का तर्क है, किसी भी दंगे में सभी समुदायों के लोगों का नुकसान होता है। यह सिर्फ एक समुदाय नहीं हो सकता।

आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक कराने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कराने वाले मास्टर माइंड की निशानदेही पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने वाले मुख्य आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को यह कामयाबी तब मिली जब सिपाही भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा से पूछताछ की गई। राजीव की निशानदेही पर आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक कराने वाले अमित सिंह को एसटीएफ मुख्यालय बुलाया गया। इसी के बाद एसटीएफ ने ये मामला भी खोल दिया।

अमित वर्तमान में लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहता है। वह पूरे वैस पुरवा करनैलगंज, गोंडा का निवासी है। वह लखनऊ के गोमतीनगर में कामर्स की कोचिंग चलाता था। बलिया के दीपक दुबे के माध्यम से अमित राजीव से मिला। डील के बाद अमित ने राजीव को टीजीटी परीक्षा- 2020, 2021 का पेपर पढ़ाने को 20 लाख दिया था। उसने कई भर्ती परीक्षाओं में राजीव को अभ्यर्थी दिए। राजीव ने पुलिस व आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर आउट कराने को कहा था। राजीव ने बताया था कि अभ्यर्थियों को लखनऊ और प्रयागराज में पेपर का उत्तर पढ़ाया जाएगा। पेपर के बदले डॉ शरद सिंह से 15 लाख प्रति अभ्यर्थी देना तय था। प्रारंभिक परीक्षा के लिए प्रति अभ्यर्थी दो लाख देना तय हुआ था। शासन ने इसकी जांच एसटीएफ को दी थी। पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह के नेतृत्व में इसकी जांच की गई।

निर्वाचन आयोग ने भाजपा संबंधी बयान पर आतिशी को नोटिस दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतिशी के भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क के बयान पर आयोग सख्त

निर्वाचन आयोग ने आप नेता आतिशी को शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे इस बयान का तथ्यों के साथ समर्थन करने के लिए कहा कि भाजपा ने पार्टी में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था। भाजपा ने आतिशी के झूठे बयान पर एक दिन पहले आयोग का रुख किया था, जिस पर आयोग सख्त है।

आयोग की नोटिस में कहा कि आतिशी दिल्ली सरकार में मंत्री हैं और एक राष्ट्रीय पार्टी की नेता हैं। सार्वजनिक मंच से नेताओं द्वारा जो भी कहा जाता है उस पर मतदाता विश्वास करते हैं और इस तरह से उनके दिए बयान प्रचार विमर्श को प्रभावित करते हैं। वह अपेक्षा करते है कि आप नेता के दिए बयानों का तथ्यात्मक आधार होना चाहिए। आतिशी ने दो अप्रैल को दावा किया था कि भाजपा ने उनसे पार्टी में शामिल होने या एक महीने में गिरफ्तार होने के लिए तैयार रहने को संपर्क किया था। उन्होंने कहा था, भाजपा ने मेरे करीबी व्यक्ति के माध्यम से मुझसे संपर्क किया।

आयोग क्या भाजपा का सहायक संगठन: आतिशी

आप नेता आतिशी ने कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि क्या यह भाजपा का सहायक संगठन है। आतिशी ने आरोप लगाया कि आयोग से उन्हें नोटिस का ईमेल भेजे जाने से एक घंटे पहले भाजपा ने इसे मीडिया में लीक कर दिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस के बैंक खाते को फ्रीज किए जाने के बाद आयोग ने केंद्रीय एजेंसियों को नोटिस क्यों नहीं जारी किया। भाजपा के आपत्तिजनक पोस्टर पर आयोग को पत्र लिखे, कार्रवाई नहीं हुई।

अनियमित जीवनशैली विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में मधुमेह का माता-पिता से सीधा कनेक्शन, 5 से 17 साल तक के बच्चे हो रहे शिकार

...अपनी ही ममता को बांटा जा रहा मिठास भरा दर्द

अंकित चौहान, बरेली

एक्सक्लूसिव

- जिला अस्पताल आने वालों बच्चों में दस फीसदी टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित
- परिजनों से 70% बच्चों को जन्मजात मधुमेह होने का होता है खतरा

अमृत विचार: माता पिता की खराब जीवन शैली और दिनचर्या के कारण व्यस्क तो डायबीटिज के शिकार तो हो ही रहे, इसके कारण अपनी संतान का भी जिंदगी भर का दर्द दे रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बच्चों में डायबीटिज का माता पिता से सीधा कनेक्शन है। अकेले बरेली शहर में हर माह 5 से 10 बच्चे टाइप वन डायबीटिज पीड़ित मिल रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या ये है कि बच्चों की टाइप वन डायबीटिज के इलाज के नाम पर इंसुलिन लेना ही है।

हर मां-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे कभी बीमार न पड़े। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हर समय उनका ख्याल रखते हैं। उनको चौंकाने बात ये हो सकती है कि उनके खराब लाइफ स्टाइल का फर्क उनके साथ साथ उनके बच्चों का जीवन खराब कर सकता है। जिला अस्पताल स्थित एनसीडी यानि गैर संचारी रोग केंद्र पर 5 से 17 साल तक ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित हैं। टाइप 1 के सर्वाधिक मामलों में कारण अनुवांशिक होता है।

शरीर में नहीं बनता इंसुलिन : वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता दोनों मधुमेह से ग्रसित हैं तो उनके बच्चों को मधुमेह होने का खतरा 70 फीसदी तक होता है, वहीं अगर माता-पिता में अगर किसी एक को मधुमेह है तो बच्चों को इसका खतरा 30 फीसदी तक होता है। दरअसल, मधुमेह टाइप 1 अनुवांशिक होता है। इसका होने का मुख्य कारण यह है कि शरीर में इंसुलिन नहीं बनता है इसलिए बच्चे को जीवन भर इंसुलिन लगवाना पड़ता है।

दस फीसदी तक बच्चों में हो रही मधुमेह टाइप 1 की पुष्टि

एनसीडी क्लीनिक प्रभारी डॉ. मयंक के अनुसार हर माह यहां आने वाले 100 मरीजों में 5 से 10 ऐसे बच्चें हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित मिल रहे हैं। इन मरीजों में 5 से 18 साल तक के मरीज शामिल हैं। हालांकि मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, इंसुलिन समेत अन्य संसाधन मौजूद हैं। हालांकि हर कुछ बच्चे जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है वह भी केंद्र पर आकर इंसुलिन लगवा रहे हैं।

इन बातों का रखें ध्यान, फौरन लें डॉक्टर की सलाह

बार बार पेशाब जाना कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को संकेत माना जाता है, पर अगर अत्यधिक प्यास के साथ बार-बार पेशाब आने की समस्या महसूस होती है तो ये मधुमेह का संकेत हो सकता है। बच्चे में इस तरह के लक्षणों पर जरूर ध्यान दें। कई बार टाइप-1 डायबिटीज के संकेत बहुत स्पष्ट नहीं होते हैं, इसलिए इन लक्षणों पर ध्यान देकर आप गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम कर सकते हैं।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	04	203
रियान पराग (आरआर)	03	181
हेनरिक क्लासेन (एसआरएच)	03	167

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
मोहित शर्मा (जीटी)	04	07
मयंक यादव (एलएसजी)	02	06

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	04	02	02	00	04	-0.580
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	04	01	03	00	02	-0.876
दिल्ली कैपिटल्स	04	01	03	00	02	-1.347
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष बल्लेबाजों से प्रदर्शन की उम्मीद

जयपुर, एजेंसी

- दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं विराट कोहली

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी। गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिये हैं। अलजारी जोसेफ और रीसे टॉप्ले भी चल नहीं सके हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

चेन्नई सुपर किंग्स ने हैदराबाद को दिया 166 रनों का लक्ष्य

सीएसके के शिवम दुबे ने 45 और रविंद्र जडेजा ने ताबड़तोड़ 31 रन ठोंके

शिवम दुबे

हैदराबाद, एजेंसी

शिवम दुबे की 45 रनों और अजिंक्य रहाणे की 35 रनों की पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है।

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र 12 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाये। शिवम दुबे ने 24 गेदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 45 रन ठोक डाले। डैरिल मिचेल 13 रन बनाकर आउट हुये। रवींद्र जडेजा 31 रन और महेन्द्र सिंह धोनी एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट को एक-एक विकेट मिला।

चेन्नई सुपरकिंग्स पारी:

रचिन रविंद्र का मार्कराम बो भुवनेश्वर	12
ऋतुराज गायकवाड़ का समद बो शाहबाज	26
अजिंक्य रहाणे का मार्कंडेय बो उनादकट	35
शिवम दुबे का भुवनेश्वर बो कमिंस	45
रविंद्र जडेजा नाबाद	31
डेरिल मिचेल का समद बो नटराजन	13
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	01

अतिरिक्त : 02, **कुल योग :** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 165 रन

गेंदबाजी : अभिषेक 1-0-7-0, भुवनेश्वर 4-0-28-1, नटराजन 4-0-39-1, कमिंस 4-0-29-1, मार्कंडेय 2-0-21-0, शाहबाज 1-0-11-1, उनादकट 4-0-29-1

सीएसके के अजिंक्य रहाणे का विकेट लेने के बाद खुशी जताते हैदराबाद के खिलाड़ी।

मयंक यादव को टेस्ट में खिलाना जल्दबाजी होगी : शेन वाटसन

कोलकाता, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता आलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि भले ही मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सभी को आकर्षित किया है लेकिन उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खिलाने की जल्दबाजी करना समझदारी नहीं है।

पंजाब किंग्स के खिलाफ पदार्पण करने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के 21 साल के तेज गेंदबाज ने लगातार मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के अभियान में मदद की है। वाटसन ने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''निश्चित रूप से मयंक यादव के बारे में काफी चर्चा हो रही है जिनकी रफ्तार विश्व स्तरीय है और उन्होंने विश्व स्तरीय कौशल भी दिखाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स भाग्यशाली है कि उनके पास ऐसा खिलाड़ी है।'' उन्होंने कहा, ''बड़े मंच पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करना और उन पर दबदबा बनाना बहुत विशेष है।'' तो क्या वह टेस्ट के लिए तैयार है।

खेल डायरी

सेंथिल जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6-11, 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था।

बालाजी-बेजेमैन एटीपी ह्यूस्टन के सेमीफाइनल में

ह्यूस्टन। भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।

युकी-ओलिवेट्टी मराकेश ओपन के सेमीफाइनल में

मराकेश (मोरक्को)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रिया के दूसरी वरीयता प्राप्त लुकास मीडलेर और अलेक्जेंडर एर्लेर से होगा। विश्व युगल रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज युकी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले युगल खिलाड़ी हैं।

कैंडिडेट्स शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रा पर रोका। पुरुष वर्ग में फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रा पर रोका।

नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस

पेरिस। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है। नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है। नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, "ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।"

बेंगलुरु में आईपीएल मैच एनजीटी की निगरानी में होगा

बेंगलुरु। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शहर में पानी के बढ़ते संकट के बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य संबंधित राज्य अधिकारियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले पानी की जानकारी का ब्यौरा देने को कहा है। एनजीटी ने राज्य क्रिकेट संघ के अलावा बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) और कर्नाटक राज्य नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) से भी पानी के स्रोत और इसकी मात्रा के बारे में दो मई तक जानकारी सौंपने को कहा है। केएससीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभेंदू घोष ने कहा, हमने नोटिस देख लिया है।

सूर्यकुमार के फिट होने से मुंबई इंडियंस ने ली राहत की सांस

मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को टीम के अभ्यास सत्र में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शामिल होने से राहत की सांस ली। लंबे समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने वाले सूर्यकुमार ने नेट सत्र में अभ्यास करके बिना किसी परेशानी के बड़े शॉट लगाये। इससे यह उम्मीद जगी कि वह दिल्ली कैपिटल्स के आगामी मैच में मैदान में उतर सकते हैं।

पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में अपने तीनों मैच हारकर बेहद निराशाजनक शुरुआत की है। यह 33 साल का आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही खेल से दूर है। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया से उबरने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ा। वह टखने की चोट से भी जूझ रहे थे जो उन्हें पिछले साल के अंत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी थी। सूर्यकुमार वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के लिए पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। वह दोपहर के सत्र में टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक घंटे से अधिक समय पहले पहुंचे थे। उन्होंने नेट सत्र में एक घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास का अभ्यास किया। कुछ दिन पहले उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मैदान के सभी हिस्सों में स्ट्रोक लगाए। उन्होंने गेंद को बिल्कुल वैसे ही मारा जैसा वह चाहते थे।

चोटिल कुलदीप यादव को दो मैचों में आराम की सलाह

मुम्बई, एजेंसी

कमर की चोट के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज कुलदीप यादव को एहतियात के तौर पर आराम की सलाह दी गई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह कब मैच खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। कुलदीप चोट के कारण आगामी दो मैचों में नहीं खेल पायेंगे। हालांकि उनकी चोट गंभीर नहीं है इसलिए वह टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं और वर्तमान में मुंबई में हैं।

कुलदीप ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में दिल्ली कैपिटल के शुरुआती दो मैच खेले और पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैचों में तीन विकेट लिए हैं। हालांकि विशाखापटनम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह अगले दो मैच नहीं खेल पाए। भारतीय चयनकर्ता की कुलदीप की चोट प्रगति पर बारीकी से नजर रहेगी। वह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए भारत की टीम में स्पिन स्लॉट में से एक जगह लेने के लिए सबसे आगे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सफल टेस्ट सीरीज के बाद कुलदीप आईपीएल में खेल रहे।

सोनाक्षी सिन्हा ने हीरामंडी के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग में पूरा किया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में पूरा कर दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानि पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

ईद के अवसर पर मास्क टीवी पर रिलीज होगी कोड ब्लू

मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर ईद के अवसर पर 10 अप्रैल को फिल्म कोड ब्लू रिलीज होगी। मास्क टीवी की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया, कोड ब्लू 10 अप्रैल को रिलीज हो जाएगी। कोड ब्लू एक समाजिक कुरीतियों पर आधारित तीन तलाक के ऊपर आधारित फिल्म है जिसमें समाज के अंदर मुस्लिम महिलाओं की एक अलग किस्म की पीड़ा की नई परिभाषा से दर्शक रूबरू होंगे। इस फ़िल्म के माध्यम से महिलाओं के उत्पीड़न और उनके मूलाधिकारों के बारे में जागरूक करने का काम किया गया है। मास्क टीवी ओरिजनल के तहत फ़िल्म कोड ब्लू का निर्माण टैग प्रोडक्शसन ने किया है जिसके निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट हैं। लेखक निर्देशक अलीना खान ने बताया कि फ़िल्म कोड ब्लू के जरिये दर्शकों को हम इस दुनिया में बसी एक अलग दुनिया से साक्षात्कार कराने जा रहे हैं। इसमें हमने ट्रिपल तलाक की विभीषिका को झेलने के बाद उसकी शिकार महिला की मानसिकता को दिखाया है। ट्रिपल तलाक एक जुर्म है, इससे एक झटके में किसी नवविवाहिता या फिर किसी बुजुर्ग महिला की जिंदगी तबाह हो जाती है।

नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानी मानी गायिका नेहा कक्कड़ ने सोनी एंटरटेनमेंट पर प्रसारित हो रहे सिंगिग रियलिटी शो के प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की है। इस रविवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 के 'प्यारेलाल जी स्पेशल' में दिग्गज संगीतकार प्यारेलाल रामप्रसाद शर्मा नजर आयेंगे। सभी प्रतियोगी और कैप्टन संगीत सम्राट प्यारेलाल जी और उनकी पत्नी सुनीला शर्मा की उपस्थिति में प्यारेलाल जी की कुछ कालजयी धुनों पर प्रदर्शन करते हुए अपनी सिंगिंग क्षमता दिखाएंगे, जिसमें क्लासिक फिल्मी गानों से लेकर कदम थिरकाने वाली धुनें शामिल हैं। कैप्टन मोहम्मद दानिश की टीम के प्रतिभाशाली प्रतियोगियों - निशांत गुप्ता और देवनश्रिया के डुएट गाने 'वो हैं ज़रा खफा खफा' और 'हम तुम दोनों जब मिल जाएंगे' हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। प्यारेलाल शर्मा ने कहा, आप दोनों ने पूरे दिल से यह गाना गाया, इतनी सुंदरता और सटीकता से धुनों और हारमनी को बुना। यह वाकई उल्लेखनीय था और आप में से हर किसी ने सहजता से अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जब आपने गाना शुरू किया तो मैंने देखा कि आप मेरे अलावा हर जगह देख रहे थे। आप घबराहट महसूस कर रहे थे, इसलिए आपने मंच पर अपनी निगाहें टिकाए रखकर गाया। आपके परफॉर्मेंस ने मुझे गहराई से छू लिया और मैं अवाक हूं क्योंकि मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं है कि आप कितने बेहतरीन परफॉर्मर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

एक नजर

कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

रूरा। अजईपुरवा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा में कथा वाचक कुंडल कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओ का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान को माखन इसलिए अच्छा लगता है। क्यूकि माखन भक्त का प्रतीक है। उन्होंने कथा प्रवचन में कालीय नाग की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कालिया नाग बृज के पास से होकर बहने वाली यमुना नदी में आता था। खेल-खेल में श्रीकृष्ण में कालिया नाग का मर्दन किया था। इस दौरान अनुज सविता, कपिल शुक्ला, अभय अग्निहोत्री, राहुल पांडेय, अंकित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

ट्रेन से गिरकर अज्ञात महिला जख्मी

रूरा। मड़ौली गांव के समीप ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात महिला घायल हो गई है। रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को रूरा रेलवे स्टेशन के समीप खंभा नंबर 1054/16-18 के बीच करीब 35 वर्षीय एक अज्ञात महिला किसी ट्रेन से गिर कर घायल हो गई। उसे सीएचसी रूरा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने इलाज शुरू किया। उन्होंने बताया कि महिला के होश में न होने के कारण नाम व पता की जानकारी नहीं हो सकी है।

किशोरी ने घर में फंदा लगाकर दी जान

पुखरायां। अंगुरी गांव निवासी एक किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंगुरी गांव निवासी रामदास की (15) पुत्री प्रिंसी ने घर के अंदर छत में लगे कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

निचली रामगंगा नहर पुल का निर्माण अधूरा

150.85 लाख से बन रहा पुल, अधूरे निर्माण से पांच किमी का चक्कर, मार्च तक बनना था

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। क्षेत्र के सिठमरा गांव से निकली निचली रामगंगा नहर पुल का निर्माण कार्य अक्टूबर माह में शुरू हुआ था। उस दौरान तत्कालीन इटावा सांसद ने क्षेत्रीय लोगों से मार्च माह तक कार्य पूर्ण हो जाने की बात कही गई थी। लेकिन मार्च माह बीतने के बाद भी पुल का सिर्फ आधा निर्माण हो सका है। जिससे लोगों को पांच किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

रूरा क्षेत्र के सिठमरा गांव के पास से निकली निचली रामगंगा नहर पर बना पुल काफी जर्जर होकर टूट गया था। स्थानीय एवं आसपास के गांव के लोगों की मांग पर तत्कालीन इटावा सांसद रामशंकर कठेरिया ने सिंचाई विभाग व अन्य अधिकारियों को कई बार पत्र लिखे।

इसके बाद करीब 150.85 लाख रुपये की लागत से पिछले साल अक्तूबर माह में निर्माण कार्य शुरू हुआ था। तत्कालीन सांसद ने शिलान्यास के समय जन चौपाल में ग्रामीणों से वादा किया था कि होली तक पुल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और आवागमन के लिए शुरू भी कर दिया जाएगा। लेकिन मौजूदा समय में पुल का निर्माण कार्य आधा ही हो पाया है। इससे ग्रामीणों में रोष है।

ऐसे में लक्ष्मणपुर, जिनई, बनीपारा, अडरेपुरवा, ममोलीपुर, अंबियापुर आदि कई गांव के लोग व स्कूल जाने वाले छात्रों को पांच किलोमीटर का चक्कर लगाकर आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

सिठमरा में निचली रामगंगा नहर में अधूरा बना पुल। अमृत विचार

नहर में पानी छोड़े जाने की वजह से कार्य स्थगित है। इसलिए पुल बनने में समय लग रहा है। अधिकारियों को अवगत करा दिया है। जुलाई माह में पुल का निर्माण पूर्ण हो जाएगा।
-अंकित सिंह एई सेतु निगम

रामगंगा नहर पर कई बार अस्थायी पुल का निर्माण किया गया है। लेकिन पानी का तेज बहाव होने के कारण पुल बह गया। वहीं पक्का पुल बनने में देरी से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है।
-मुकेश सविता निवासी सिठमरा

तत्कालीन इटावा सांसद ने होली तक पुल का निर्माण पूरा होकर आवागमन के लिए खोले जाने की बात कही थी, लेकिन अभी तक केवल आधा पुल ही बना है। जिससे लोगों को पांच किमी का चक्कर लगाना पड़ता है।
-आकाश शर्मा निवासी सिठमरा

सार-संक्षेप

होली खेलते भाजपा नेता। अमृत विचार

भाजपा के होली मिलन समारोह में फाग की धूम

कानपुर देहात। भाजपा की ओर से अकबरपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान फगुआरों ने पारंपरित फाग गाकर शमां बांध दिया। शुक्रवार को अकबरपुर में होली मिलन समारोह में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला पहुंचे। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सिंह गुड्डन व चेयरमैन दीपाली सिंह ने आए हुए अतिथियों का फूल माला व प्रतीक चिंह के साथ स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि होली मिलन कार्यक्रम आपस में बैर भाव दूर करने का माध्यम है। सतयुग से चली आ रही परंपरा को हम बड़े श्रद्धा भाव से मनाते हैं। ताकि आपस के मनभेद को दूर किया जा सके। इस दौरान दिनेश राय, राजेश शुक्ला, डॉक्टर सतीश शुक्ला, राम प्रकाश कुशवाहा, राजेंद्र सिंह राजू, बंसलाल कटियार, राम प्रकाश कुशवाहा, विकास भोले, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार, रवि शुक्ला, करुणा शंकर दिवाकर, विद्यासागर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

जलभराव व गंदगी से बजबजाती अब्दुल कलाम नगर की गली। अमृत विचार

गंदगी से बजबजा रही अब्दुल कलाम नगर की गलियां

मूसानगर। नगर पंचायत के अब्दुल कलाम नगर वार्ड में बजबजाती गलियों से लोग परेशान हैं। वहीं गंदगी से उठने वाली दुर्गंध लोगों को घरों के अंदर तक बेहाल करती है। शिकायत के बावजूद समस्या का निराकरण न होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मूसानगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 अब्दुल कलाम नगर निवासी वाशिद कुरैशी, हमराज कुरैशी, आमिर, नजर, नईम, आसिफ कुरैशी आदि लोगों ने बताया कि नालियों के न होने से रास्ते में जलभराव रहता है। साथ ही मेन रास्ते में जलभराव व कूड़ा-कचरा जमा है और मच्छर पनप रहे हैं। ऐसे में लोगों के बीच संक्रामक बीमारियों के होने का भय व्याप्त है। वहीं बजबजाती गंदगी से उठती सड़ांध घरों के अंदर तक लोगों को बेहाल करती है। जलभराव, कीचड़ से बजबजाती सड़क से लोगों का पैदल निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में कई बार समस्या को लेकर नगर पंचायत अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अभी तक हालात जस के तस बने हुए हैं। इस बावत ईओ संजय पटेल ने बताया कि जानकारी मिली है। समस्या का समाधान जल्द कराया जाएगा।

सिकंदरा के सामुदायिक शौचालय में चार साल से ताला बंद

सिकंदरा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सिकंदरा नगर पंचायत के पटेल नगर में चार साल पहले बने सामुदायिक शौचालय में आज भी ताला लटक रहा है। जिससे पास बनी सीएचसी व कस्बावासी शौच के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर होते हैं और दिक्कत उठानी पड़ती है। बता दें सिकंदरा नगर पंचायत के पटेल नगर में कस्बा वासियों की सुविधा के लिए करीब चार साल पहले सामुदायिक शौचालय बनवाया गया था। निर्माण के बाद से शौचालय का उदघाटन करने के बाद उसे चालू कराना तो दूर नगर पंचायत अधिकारी व कर्मी उसका ताला तक खोलना भूल गए। ऐसे में करीब चार वर्षों से सुलभ शौचालय में ताला लटक रहा है। जबकि इसी के पास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जहां पर हर रोज दर्जनों मरीज व तीमारदार आते हैं। लेकिन शौचालय का ताला न खुला होने के कारण उन्हें शौच के लिए भटकना पड़ता है। इसी तरह की दिक्कत बाजार आने वाले लोगों व राहगीरों को भी उठानी पड़ती है। ऐसे में स्वच्छ भारत मिशन के दावों की पोल भी खुलती नजर आ रही है। अधिशासी अधिकारी शालिनी त्रिपाठी से मोबाइल पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

सिकंदरा के सामुदायिक शौचालय में लटकता ताला।

गिट्टी लादकर जा रहा डंपर खड्ड में गिरा

मंगलपुर। गिट्टी लादकर जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गया। शुक्रवार को सिकंदरा की ओर से गिट्टी लादकर रसूलाबाद जा रहा एक तेज रफ्तार डंपर जौरवा गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर खड्ड में जाकर गिर गया। डंपर अनियंत्रित होते ही चालक व परिचालक ने कूद कर अपनी जान बचाई।

भूमि विवाद में जानलेवा हमला करने पर रिपोर्ट

संवाददाता पुखरायां

- 11 के खिलाफ लिखी गई एफआईआर, पुलिस ने शुरू की हमलावरों की तलाश

अमृत विचार। भोगनीपुर पुलिस ने ग्यारह लोगों के विरुद्ध युवक पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज की है।

बताते चलें कि रहमतुल्लाह पुत्र भीखा निवासी भोगनीपुर कानपुर देहात का जमीनी विवाद अब्दुल अनीस मालिक से चल रहा है। रहमतुल्लाह का कहना है कि अब्दुल अनीस मलिक अपने दबंग साथियों के साथ मिलकर उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा है। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई। रोक के बावजूद भी अनीश ने काम बंद नहीं किया। एक अप्रैल को उसके पुत्र मो. राशिद ने जब काम होते देखा तो मना किया। जिसपर अनीस मलिक ने अपने साथी बन्ने खां सिद्दीकी, निज़ाम, लालू, इरसाद व गेस्ट हाउस रॉयल गार्डन के छह मजदूरों के साथ लाठी डंडों और सरिया से हमला कर दिया। जिससे मो. राशिद घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी पुखरायां भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे अकबरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भोगनीपुर पुलिस ने अब्दुल अनीस मलिक उसके दस साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है।

अभियोजन पक्ष से जिरह का मौका समाप्त

बलवंत हत्याकांड

- जिरह के लिए समय सीमा बढ़ाने की अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। चर्चित बलवंत हत्याकांड में आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व तत्कालीन एसओजी आरक्षी दुर्वेश यादव द्वारा अभियोजन पक्ष साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र सिंह से जिरह का अवसर दोबारा दिए जाने के बावजूद जिरह के लिए किसी के न उपस्थित होने तथा प्रशांत गौतम की तरफ से जिरह की तिथि स्थगन का प्रार्थना पत्र देने पर न्यायालय ने निरस्त कर साक्षी से जिरह का अवसर समाप्त कर दिया है।

यह जानकारी वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने देते हुए बताया कि गवाह से आरोपी प्रशांत पांडेय व सोनू यादव की तरफ से जिरह पूर्व में पूर्ण की जा चुकी है। साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र के मुख्य परीक्षा बयान 14 मार्च को अंकित किए गए थे। तब शेष आरोपियों की तरफ से साक्षी से नियत तिथि को जिरह नहीं की गई थी। न्यायालय ने शेष आरोपियों को जिरह का अवसर समाप्त कर दिया था। बाद में आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी, आरक्षी दुर्वेश यादव, अनूप कुमार, तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह, तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय की तरफ से अभियोजन साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र सिंह से जिरह हेतु अवसर देने का प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर न्यायालय ने जिरह का अवसर प्रदान कर 4 अप्रैल की तिथि करने के आदेश किए थे। गुरुवार को तीन आरोपियों की तरफ से जिरह की गई थी। जबकि दुर्वेश यादव व प्रशांत गौतम के अधिवक्ताओं ने मौखिक निवेदन कर 5 अप्रैल की तिथि नियत कराई थी। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में न्यायालय ने आरोपी तत्कालीन रनियां थाना प्रभारी शिव प्रकाश सिंह व आरक्षी महेश गुप्ता को तलब करने के लिए वादी अंगद सिंह की तरफ से पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र की सुनवाई के लिए 8 अप्रैल की तिथि नियत करने के आदेश किए है। मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच दुर्गेश की न्यायालय में चल रही है। शुक्रवार को सभी आठों पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए।

ई-रिक्शा व ऑटो की अराजकता से जोखिम में जान

- कई चालकों के पास नहीं डीएल बिना पंजीयन भरते फर्राटा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जनपद में ई-रिक्शा व ऑटो की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बेपरवाह वाहन चालक क्षमता से अधिक सवारियां भरकर फर्राटा भर रहे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। साथ ही जाम की स्थिति भी बनी रहती है। बावजूद इनपर लगाम लगाने में प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।

यातायात पुलिस जिले की सड़कों पर बिना नंबर प्लेट व बिना कागजात वाले वाहनों का तुरंत चालान काटकर चालक के हाथ में थमा रही हैं। लेकिन कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर बड़ी संख्या में बिना पंजीयन के फर्राटा भरने वाले ई-रिक्शा यातायात नियमों को मुंह चिढ़ा रहे है। ज्यादातर ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं हैं। इन्हें परिवहन विभाग की ओर से यातायात नियमों व संकेतों के बारे में कभी कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित भी नहीं किया गया है। ऐसे में ई-रिक्शा व ऑटो को कब, कहां और कैसे रुकना और मोड़ना है। कितनी गति में किस दिशा में वाहन चलाना है। इससे भी चालक अंजान हैं। अपनी मर्जी के मुताबिक बिना संकेत दिए न सिर्फ दाएं-बाएं मुड़ रहे हैं। बल्कि बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारियों को उतारने व बैठाते दिखते है। इसके चलते आए दिन मार्ग दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इसके बावजूद चालकों पर न तो परिवहन विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है और न ही स्थानीय पुलिस चालान करती है। अकबरपुर अंडरपास चौराहा से लेकर माती रोड, रूरा रोड चौराहा, एसबीआई रोड आदि मार्गों पर हर रोज सुबह से ही ई-रिक्शा व ऑटो चालकों की अराजकता शुरू हो जाती है। एआरटीओ प्रवर्तन सोमलता ने कहा कि वाहन चालकों के लाइसेंस की जांच के लिए जिले के प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाया जा रहा है।

अकबरपुर अंडरपास चौराहा पर बेतरतीब खड़े ऑटो। अमृत विचार

तमंचा के साथ दो शातिर अपराधी हुए गिरफ्तार

संवाददाता राजपुर/पुखरायां,

अमृत विचार। राजपुर व भोगनीपुर पुलिस ने दो युवकों को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

राजपुर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कस्बे के भाल मार्ग पर नहर बंबी किनारे एक संदिग्ध युवक किसी घटना की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया तो उसे दौड़ा कर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। युवक के खिलाफ कोर्ट में कई मुकदमे चल रहे हैं। पूछताछ में उसने पुलिस को अपना नाम कल्लू पांडेय निवासी राजपुर कस्बा बताया है।

थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसी तरह भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि पुरैनी गांव के समीप पकड़े गए विक्रम सिंह उर्फ बाबू निवासी पुरैनी के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है।

रमजान में अदा करें फितरा और जकात

नमाज अता करते अकीदतमंद। अमृत विचार

रसूलाबाद/मूसानगर। शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज रसूलाबाद कस्बा स्थित बड़ी जामा मस्जिद में पेश इमाम हाजी अब्दुल रऊफ खान बक़ाई ने अता कराई। वहीं दारुल उलूम उस्मानिया मोहम्मदिया पठान मोहाल में मौलाना नायाब खान अजहरी ने पुर सुकून माहौल में नमाज अदा कराई। अब्दुल रऊफ बक़ाई ने बताया कि रमजान में फ़ितरा और ज़कात इसलिए दिया जाता है। ताकि गरीबों की भी मदद की जा सके। वे ठीक प्रकार से खा पी सकें और अच्छे कपड़े पहन सकें। इसी तरह लोहिया नगर में मौलाना कुतुबुद्दीन, चितीपुर में हाफिज शाहिद रजा ने अलविदा जुमा की नमाज़ अदा कराई। वहीं मूसानगर की सितारा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज़ इमाम हाफ़िज़ कारी असरार अहमद ने अता कराई। उन्होंने तक़रीर पेश की। क्षेत्र की नूरी मस्जिद, कर्बला मस्जिद, मदीना मस्जिद, अरब शाह मस्जिद, बड़ी मस्जिद, शाही मस्जिद, आतिशबाज़ मस्जिद, गौसिया मस्जिद आदि में अलविदा जुमा की नमाज़ अता की गई।

मस्जिदों में नमाजी उमड़े | सुरक्षा के चलते पुलिस-प्रशासन के अफसर लेते रहे जायजा

अलविदा जुमा की नमाज में मांगी अमन-चैन की दुआ

संवाददाता, राजपुर/सिकंदरा

अमृत विचार। मुकद्दस रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज सादगी और पाकीजगी के साथ अदा की गई। जिलेभर की मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ जुटी। मस्जिदों के बाहर और छतों पर भी नमाज पढ़ने की व्यवस्था की गई। इस दौरान मुल्क की तरक्की व अमन-चैन के लिए हजारों हाथ उठे। वहीं सुरक्षा के मददेनजर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

राजपुर की पुरानी जामा मस्जिद में मौलाना नियामतउल्लाह ने अलविदा जुमा की नमाज़ अदा कराई। नमाज से पहले रमजान में जकात, फितरा, इमदाद करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि जकात अदा करें, इसमें कोताही न करें। परवरदिगार जकात देने वालों के माल को महफूज रखता है। एक हाथ से दें और दूसरे हाथ को पता न चले। अपने माल को अल्लाह के रास्ते में खर्च करें। हर इंसान को बराबरी का दर्जा दें। क्योंकि ये सभी अल्लाह की मखलूक हैं। लोगों से कहा गया कि जिस तरह रमजान में इबादत की है। उसी तरह पूरे साल करें। इधर सटटी, अफसरिया, रमऊ, जल्लापुर समेत क्षेत्र की मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से जुमा की नमाज़ अदा की गई। सुरक्षा के लिहाज से तहसीलदार संतोष कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र की मस्जिदों में लगातार निरीक्षण कर नमाज़ का जायजा लिया। इसी तरह सिकंदरा क्षेत्र की मजिस्जदों में अलविदा जुमा की नमाज पुलिस-प्रशासन की अता की गई। इमाम साहब ने बताया कि अलविदा जुमा की नमाज मुस्लिम भाइयों के लिए काफी अहमियतदार होती है। रोजेदारों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। माना जाता है कि अलविदा की नमाज में अल्लाह से जो भी दुआ की जाती है। उसे जरूर पूरी करते हैं। इस मौके पर परवेज आलम कलाम कुरैशी उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष, नाजिर हुसैन समाजसेवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान रसधान, सिकंदरा, पीतमपुर, पिंडार्थू, संदलपुर, खोजाफूल आदि कस्बों की मस्जिदों में नमाज अता की गई।

सिकंदरा क्षेत्र की मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अता करते लोग। अमृत विचार

राजपुर क्षेत्र की मस्जिद में नमाज अता करते लोग। अमृत विचार

आग से गृहस्थी जली

रसूलाबाद। रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के कन्हई पुरवा गांव निवासी रामकांति के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की चपेट में आने से गृहस्थी का सारा सामान जल गया। साथ ही एक मवेशी भी गंभीर रूप से झुलस गया। पीड़ित महिला ने बताया कि घर में शादी के लिए रखे करीब 60 हजार रुपए भी जलकर खाक हो गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

एक नजर

बालिकाओं को किया गया जागरूक

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

आठ लोगों पर की गई शांतिभंग की कार्रवाई

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को आठ लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई। चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 78 वाहनों का चालान करते हुए 11 वाहनों का सीज किया। वहीं एक वाहन से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूल है।

पांच ओवरलोड वाहनों पर की कार्रवाई

किशनपुर। थाना क्षेत्र में संचालित मझिगवां मोरंग खदान से लगातार निकल रहे ओवरलोड वाहनों की सूचना पर संयुक्त टीम में गुरूवार की देर रात छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पांच ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की गई। खनन अधिकारी ने राजस्व टीम व पुलिस के साथ मिल रारी मोड़ के पास चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें मझिगवां मोरंग खदान से बालू लेकर जा रहे पांच ओवरलोड ट्रैक्टर मिले। बालू से भरे ओवरलोड सभी ट्रैक्टरो पर कार्यवाही की गई है। छापेमारी का अभियान लगातार जारी रहेगा।

करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा

बिन्दकी। नगर के जहानपुर मोहल्ला निवासी नमित दुबे पुत्र दिनेश दुबे शुक्रवार को अपने घर में नहाने के बाद बगल मे बने मंदिर की रेलिंग पर गीले कपड़े फैलाने लगा। कपड़े फैलाते समय रेलिंग मे आ रहे करंट की चपेट मे आ जाने से बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन परिजनों ने युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया है। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बारात घर के परिसर में उगाई जा रही फसल

हद हो गई

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

अमृत विचार। विजयीपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल के मजरे बहरी का डेरा गांव में करीब चार वर्ष पूर्व बारात घर का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इस बारात घर पर पूर्व प्रधान का कब्जा बताया जा रहा है। आज तक यह बारात घर ग्राम पंचायत को नहीं मिल सका है। अब परिसर में फसल उगाई जा रही है।

बहरी का डेरा मजरे रायपुर भसरौल ग्राम पंचायत में बारात घर का निर्माण सांसद निधि की कोटे से कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब उस पर पूर्व प्रधान का कब्जा बना हुआ है। ग्राम पंचायत में बना बारात घर आज तक ग्राम पंचायत को हैंडओवर नहीं किया गया है। जिससे आज भी ग्रामीण बारात घर का उपयोग नहीं कर सके हैं। बताया जा रहा है कि बारात घर के परिसर में पूर्व प्रधान पिछले कई वर्षों से फसल उगा रहा है। इस वर्ष भी लाखों रुपए की लागत से बने बारात घर के परिसर में अरहर की फसल उगाई गई है। अभी हाल ही में करीब दो दिन पूर्व बारात घर के परिसर में अरहर की खड़ी फसल का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद आनन-फानन में खड़ी अरहर की फसल को कटवा डाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से बारात घर में पूर्व प्रधान का कब्जा है। बारात घर में बनाई गई बाउंड्री वॉल के अंदर ग्राम प्रधान द्वारा हर वर्ष फसल उगाई जा रही है। बारात घर बनने के बाद भी गांव में बहन बेटियों की शादी में आज भी बारात रोकने के लिए ठिकाना ढूंढना पड़ता है। कई बार उच्चाधिकारियों से बारात घर को कब्जा मुक्त कराने की शिकायत की गई। लेकिन उच्चाधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायत को अनसुना कर दिया। वहीं ग्राम पंचायत में नियुक्त सचिव अभिलाष चन्द्र मिश्रा ने बताया कि बारात घर का निर्माण सांसद निधि से कराया गया था। अभी तक बारात घर ग्राम पंचायत को नहीं मिल सका है। जिससे हमें इस बारे में जानकारी नहीं है।

बारात घर के परिसर में खड़ी अरहर की फसल। अमृत विचार

- चार वर्ष पूर्व कराया गया था बारात घर का निर्माण, ग्राम पंचायत के सुपुर्द नहीं भवन

सार-संक्षेप

भागवत कथा सुनते भक्त। अमृत विचार

किसी को कष्ट न देना सबसे बड़ा धर्म

बिंदकी-फतेहपुर। किसी का दिल न दुखाना, किसी को कष्ट न पहुंचाना, मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। यह बात मलवां विकासखंड क्षेत्र के डीघ गांव में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में ज्ञान की गंगा बहाते हुए आचार्य पंकज त्रिपाठी ने कही। डीघ गांव में 31 मार्च से लेकर 6 अप्रैल तक चलने वाले श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में शुक्रवार को आचार्य पंकज त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए क्योंकि अहंकार ही पतन का कारण और विनाश का कारण बनता है। अच्छे सत्संग से खराब से खराब व्यक्ति महान बन जाता है वही गलत संगत से अच्छा व्यक्ति भी बुरा बन जाता है और उसके पतन का कारण बनता है। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में रुक्मणी विवाह का वृतांत सुनाया। जिसको मौजूद भक्तों तथा श्रद्धालुओं ने मंत्र मुग्ध होकर सुना और पुण्य के भागीदार बने। बताया गया कि 6 अप्रैल तक प्रतिदिन श्रीमद् भागवत महापुराण कथा होगी। वहीं 7 अप्रैल को विशाल भंडारा होगा। जिसमें लोग प्रसाद ग्रहण कर धन्य होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से संतोषी देवी के अलावा कृष्णा सिंह, दीपक सिंह, प्रकाश सिंह, इंद्रजीत सिंह, साधना, रंजना सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

चेकिंग में ओवरलोड ट्रक सहित कई वाहनों पर कार्रवाई

बिन्दकी। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अधिकारियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के चलते एआरटीओ ने पुलिस बल के साथ दो अलग-अलग स्थान में चार व तीन पहिया वाहनों का भी चालान किया गया। इस कार्रवाई से हड़कंम मचा रहा। शुक्रवार को एआरटीओ लक्ष्मीकांत द्वारा पुलिस बल के साथ ओवरलोड वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बकेवर कस्बे में एक मोरंग भरा ओवरलोड ट्रक पकड़ा गया। एआरटीओ ने कानूनी कार्रवाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं दूसरी ओर बिंदकी कस्बे में भी एआरटीओ ने मोरंग भरा ओवरलोड ट्रक पकड़ा। कानूनी कार्रवाई कर कोतवाली बिंदकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। शुक्रवार को ही कस्बे के गांधी चौराहे में एआरटीओ लक्ष्मीकांत और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे एवं कस्बा इंचार्ज नीरज कुशवाहा द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस बीच जिन चार पहिया वाहनों में कागजात नहीं थे, चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं थे या गाड़ियों की नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थे। उनका चालान किया गया। इसके अलावा जिन टेंपो में अधिक सवारियां थी व गाड़ी के पर्याप्त कागज नहीं थे और नंबर प्लेट सही नहीं थी उनका भी चालान किया गया।

टायर कंपनी का टैंक फटने से चार मजदूर झुलसे, भर्ती

किसी को जानकारी नहीं, चुपचाप कराया जा रहा इलाज

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम गोधरौली स्थित चोरी से चल रही एक बेनामी टायर कम्पनी में शुक्रवार की शाम गरम तेल का टैंक फटने से चार मजदूर गम्भीर रूप से झुलस गए है। उनका इलाज भी चोरी छिपे चल रहा है। घटना को कंपनी मालिक के द्वारा गुप्त रखा है। पुलिस को इस घटना की कोई जानकारी नहीं दी गई।

घायल तौशीफ का भाई कलीमुद्दीन ने बताया है कि नेशनल हाईवे स्थित ग्राम गोधरौली के पास एक बिना नाम की कम्पनी है जहां पर पुराने टायर जलाकर तेल निकाला जाता है। शुक्रवार की शाम टैंक का ढक्कन खोलने पर टैंक फट गया और वहां पर वर्कर मो तौसीफ पुत्र हनीफ (22) निवासी ग्राम रामनगर हेबड़ी थाना दौराहरा जिला लखीमपुर खीरी, हरीश पुत्र राजाराम (24) निवासी ग्राम बिकमपुर, विवेक सिंह पुत्र संतोष सिंह (29) निवासी ग्राम अभयपुर तथा एक अज्ञात गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को चोरी छिपे बक्सर रोड स्थित आरपी मिश्रा मेडिकल कॉलेज में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। जिसमें एक घायल को यहां से हटाकर किसी अज्ञात अस्पताल भेजा गया है।

आश्चर्य की बात यह है कि औंग एसओ व बिन्दकी सीओ को इसकी जानकारी नहीं है। कम्पनी मालिक ने घायल के परिजनों को झूठा लालच देकर पुलिस में रिपोर्ट न करने के लिए हर प्रकार के हथकंडे अपनाए हुए हैं।

> मामले की जानकारी हुई है। पुलिस भेजी गई है। जांच व घायलों के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सुशील कुमार दुबे, सीओ बिंदकी**

दुकानों के बाहर तक हुए कब्जे पर जताई नाराजगी

संवाददाता, बिंदकी

अमृत विचार। शुक्रवार को नगर व क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी ने नगर के कुछ दुकानों के बाहर तक अतिक्रमण देख जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपना अतिक्रमण हटा लें। वरना नगर पालिका के माध्यम से अतिक्रमण हटाया जाएगा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जुर्माना भी किया जाएगा। अधिकारियों के तेवर देखकर दुकानों में हड़कंप मचा रहा।

शुक्रवार को उप जिलाधिकारी बिंदकी अभिनीत कुमार तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार दुबे नगर व क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। जिस समय वह कस्बे के खजुहा रोड में पहुंचे तो देखा कि कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर तक रोड के पास तक फुटपाथ में सामान रखकर अतिक्रमण किया गया है। यह देखकर दोनों अधिकारी रुक गए और दुकानदारों को जमकर फटकार लगाई और हिदायत दी। कहा कि कोई भी दुकानदार दुकान के बाहर फुटपाथ तक अतिक्रमण नहीं करेगा। अगर कोई दुकानदार अतिक्रमण करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। नगर पालिका के माध्यम से अतिक्रमण हटाया जाएगा और जुर्माना की भी कार्रवाई की जाएगी।

- उपजिलाधिकारी और सीओ ने किया नगर भ्रमण अतिक्रमण हटाने के निर्देश

जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए बच्चों को देंगे शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक स्कूलों में छात्र-छात्राओं में जीवन मूल्यों की समझ विकसित की जाएगी। इससे किताबी ज्ञान हासिल कर वह न सिर्फ सफल अफसर, नेता, डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश को विकास की ओर ले जाने में योगदान दे सकें।

जिले में बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पहली बार अनुभूति पाठ्यक्रम लागू होगा। इन स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा छह से आठ तक के हजारों छात्र-छात्राओं में किताबी ज्ञान के साथ जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने मनोविज्ञान और निर्देशन विभाग के विशेषज्ञों को अनुभूति पाठ्यक्रम, हैंडबुक विकसित करने के निर्देश जारी किए हैं। सामाजिक भावनात्मक अधिगम एवं मूल्यों की समझ विकसित करने के लिए कार्यशालाएं शुरू होंगी। कक्षा छह, सात व आठ के लिए अलग-अलग तैयार हो रहे पाठ्यक्रम के जरिए छात्र-छात्राओं में जीवन मूल्यों की समझ विकसित की जाएगी। बीएसए ने बताया कि अनुभूति पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

- सिद्धांतों के आधार पर बनाए जाएंगे पाठ्यक्रम
- छात्रों में विकसित की जाएगी जीवन मूल्यों की समझ

नई शिक्षा नीति के तहत बढ़ा कदम

- बच्चों के व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए एनईपी में दिए गए मूलभूत सिद्धांतों के आधार पर शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक, नैतिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय, मूल्य, शांति एवं सौहार्द, सामाजिक, संवैधानिक व जीवन कौशल को आधार बनाया गया है। बच्चे मूल्यों की अनुभूति तब कर पाएंगे जब उनमें ज्ञान और समझ होगी और क्रिया के माध्यम से उसे आत्मसात करेंगे।

स्वयं निर्णय लेने की बढ़ेगी क्षमता

- बच्चों में कक्षा में अध्यापन के जरिए ज्ञान और समझ विकसित होगी और फिर प्रेरक प्रसंगों, कहानियों व प्रश्नों आदि क्रियाविधि के जरिए स्वयं सीखने, निर्णय लेने तथा उचित व अनुचित की समझ विकसित होगी।

मवेशियों के शवों से आ रही दुर्गंध, हुई शिकायत

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। गर्मी शुरू होते ही नहरों में पानी कम हो गया है। जिससे मवेशियों के शवों से निकल रही दुर्गन्ध से आस पास के ग्रामीण काफी परेशान है। जिसकी शिकायत करने के बाद भी नहर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर नहर विभाग की शिकायत करेंगे।

इस समय पड़ रही गर्मी के बीच नहरों में पानी कम होने पर मृत पड़े मवेशियों के शव से उठ रही दुर्गन्ध से आस पास के गांव के लोग काफी परेशान हैं। इस मामले में युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा कि निचली गंगा नहर में पानी कम होने के बाद नहर में पानी कम होने के बाद मृत मवेशियों के शव से आ रही दुर्गन्ध के कारण आसपास के लोग काफी परेशान हैं। जिसकी शिकायत नहर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से किया गया। उसके बाद भी नहर विभाग के अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा कि पधारा, जलाला, शाहजहापुर के ग्रामीणों ने शिकायत किया है। नहर विभाग की उदासीनता से कारण अभी तक नहर में पड़े मृत मवेशियों के शव को नहीं हटाया गया। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से मिलकर की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते मवेशियों के शव को नहीं हटाया गया तो आसपास बीमारी फैल सकती है। मांग है कि समय से नहर की सफाई कराई जाए।

- शिकायत का नहर विभाग ने नहीं लिया संज्ञान, ग्रामीण करेंगे डीएम से शिकायत

शटरिंग कर रहे मिस्त्री की करंट की चपेट में आने से मौत

फतेहपुर। निर्माणाधीन मकान में शटरिंग का काम कर रहा मिस्त्री हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जब तक किसी को कोई जानकारी होती उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

राधानगर थाना क्षेत्र के ढकौली गांव निवासी अतुल कुमार उर्फ अंकुर पुत्र स्व. इंद्रपाल शटरिंग का काम करता था। परिजनों ने बताया कि पावर हाउस के पास एक निर्माणाधीन मकान में शटरिंग का कार्य कर रहा था तभी ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन का एक तार उससे छू गया। आसपास किसी के न होने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। परिजनों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आम की अच्छी पैदावार, बागवान खुश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। फलो के 'राजा' कहे जाने वाला आम इस बार झूम कर आया है। फाल्गुनी बयार में खुशी से बौराती बारात के साथ झूम रहे राजा ने अपने चहेतों को खुश कर दिया है। विश्वास न हो तो अपने आसपास नजरें दौड़ा लीजिए, फलों का राजा आम अपनी लहलहाती बौरों के साथ पूरे शबाब पर है। यह नजारा देख आम के बागवान काफी खुश हैं। अब उन्हे आम की बौरों को फलों में बदलने का इंतजार है।

आम की बागवानी करने वाले किसान इस वर्ष काफी खुश दिख रहे हैं। इसकी वजह फलों के राजा आम के फूलों की जबरदस्त आमद है। कुछ सावधानियां बरत कर आम की फसल को कैश कराया जा सकता है। जिले के हथगाम, सुल्तानपुर घोष, धाता, ऐरायां, हुसैनगंज, असोथर, अमौली, ललौली जैसे क्षेत्रों में आम की व्यापक फसल होती है। कृषि विशेषज्ञ मानते हैं कि फूलों की जिस तरह से आमद हुई है, उसके मुताबिक उत्पादन काफी होगा। प्राकृतिक कारणों के अलावा फलों के पेड़ों से गिराव को रोकना होगा।

अंतर में आती है आम की फसल : आम जैसी नकदी फसल को एकांतर फसल कहा जाता है। एक वर्ष अच्छा फूल यानी बौर आती है तो दूसरे वर्ष बहुत कम या बिल्कुल नहीं आती। जिस वर्ष फूल आते हैं उसे आन ईयर और जिस वर्ष फूल कम या नहीं आते उसे ऑफ ईयर कहा जाता है। अधिकतर व्यवसायिक किस्मों में एकान्तरित फलन होता है।

- आम आदमी की पहुंच तक आम आने की उम्मीद
- सावधानी बरत कर नुकसान से बच सकते किसान

आम की फसल में बरतें ये सावधानी

- फूल से फल बनने के दौरान नियमित सिंचाई आवश्यक मानी जाती है।
- सिंचाई नालियों द्वारा थलहों में की जानी चाहिए। ताकि पेड़ को नमी मिल सके।
- आम को विभिन्न कीटनाशकों से बचाना चाहिए। कीटों पर नजर रखी जाए।
- फूलों के दौरान पेड़ों पर जानवरों व व्यक्तियों को नहीं चढ़ना चाहिए। इससे नुकसान होता है।
- फल झड़ने की दर को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए।

मिज कीट लगने की संभावना है

- कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि इस समय आम में मिज कीट लगने की संभावना होती है। कीटनाशक प्रबंधन द्वारा फल झड़न की दर में नियंत्रण किया जा सकता है। कीटनाशकों का छिड़काव व नमी बरकरार कर आम की पैदावार बेहतर की जा सकती है।

चिंता का सबब सूरज की तपिश में छाया के अभाव से राहगीर परेशान

सड़क किनारे से गायब हो गए हरे वृक्ष

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

अमृत विचार। फाल्गुन के बाद चैत बैशाख में सूरज की प्रचण्ड किरणें आमजनमानस को बेहाल करने लगती हैं। सड़कों से निकलने वाले राहगीर चाहे पैदल हो या बाइक से निगाहें हर पल घने हरे वृक्ष की छाया को ढूंढती रहती हैं। नेशनल हाईवे हो या फिर चाहे कोई सम्पर्क मार्ग अधिकांशतः सड़क किनारे छाया की कोई व्यवस्था नहीं बची है। जबकि राज्य व केन्द्र सरकार के प्रत्येक विभागों में हर साल वृक्षारोपण के लिए बजट में खर्च का प्रावधान रहता है और सबसे बड़ी बात यह है कि वृक्षारोपण अभियान को भारत सरकार से राष्ट्रीय कार्यक्रम का दर्जा भी प्राप्त है, इसके बावजूद भी इस कार्यक्रम को धरती पर ठीक ढंग से उतारा नहीं गया है।

इन सम्पर्क मार्गों में कभी नहीं हुआ वृक्षारोपण: ग्राम प्रधान हाजीपुर धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि औंग-सकूरा मार्ग, बड़ाहार से शिवराजपुर व मानिकपुर मार्ग, बड़ाहार से होलापुर मार्ग, औंग से शिवराजपुर मार्ग, कौड़िया से छिवली, गोधरौली से रावतपुर मार्ग तथा यहीं से लोधनपुरवा मार्ग सहित करीब इस थाना क्षेत्र के 15 से अधिक सम्पर्क मार्ग ऐसे हैं जहां पर कभी वृक्षारोपण नहीं हुआ। यदि कहीं इन मार्गों में एकाध वृक्ष देखने को मिल जाएं तो समझो ईश्वर की कृपा है।

ग्रामीणों की हमेशा तीखी प्रतिक्रिया होती रहती है कि वृक्षारोपण कार्यक्रम सिर्फ फोटो खिंचवाने और नेतागिरी चमकाने का एक साधन मात्र बनकर रह गया है, इसे कोई अपना धर्म नहीं समझता है।

हाईवे निर्माण के लिए हुई हरे वृक्षों की कटान

कस्बा के अजय मिश्रा ने बताया कि जनपद की सीमा पाण्डु नदी से रामपुर मोड़ तक नेशनल हाईवे के दोनों ओर फोर लेन निर्माण के दौरान दोनों तरफ छाया के लिए वृहद रूप से वृक्ष लगाए गए थे। जो सकड़ों की संख्या में हरे भरे वृक्ष सिक्स लेन के निर्माण की भेंट चढ़ गए। सड़क बनाने के लिए बेरहमी से आरे चले लेकिन उन्हें पुन: रोपित नहीं किया गया और न ही वृक्ष लगवाने के लिए किसी ने पहल की। - **अजय मिश्रा**

प्राकृतिक धरोहर की नहीं होती निगरानी

मानस सेवा समिति के अध्यक्ष भैयालाल यादव ने पर्यावरण पर चिन्ता जाहिर करते हुए कहा है कि हरे वृक्ष चाहे जंगलों में हों या बस्ती में, सरकारी जमीन में हों या किसी की व्यक्तिगत भूमि में, हरे वृक्षों की गणना प्राकृतिक धरोहर के रूप में होती है, ये हरे वृक्ष सभी को नि:शुल्क ऑक्सीजन देने के साथ, गर्मियों में छाया तथा प्रत्येक सीजन में कोई न कोई फल प्राप्त कराते हैं। इसके बावजूद इन्हें कोई संरक्षण नहीं मिला और न ही इनकी कोई निगरानी होती है। - **भैयालाल यादव**

युवती समेत दो ने फांसी लगाकर दे दी जान

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों गुरूवार की रात युवती समेत दो लोगों ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह हुई घटनाओं की जानकारी पर उनके परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के खासमऊ गांव निवासी राम शंकर तिवारी की पुत्री प्रिया तिवारी होली के पर्व पर अपनी बुआ के यहां खखरेरू थाना क्षेत्र के बरैचा गांव गई थी। बताया जा रहा है कि गुरूवार की रात संदिग्ध अवस्था में उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा।

इधर सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज बाईपास निवासी कालका प्रसाद का पुत्र रितेश कुमार ने मामूली विवाद के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अयोध्या में धूम मचाएंगे जेल में बने रामनामी थैले

कारागार में रामनामी थैला बनातीं महिला बंदी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों द्वारा तैयार रामनामी थैले अयोध्या धाम में धूम मचा रहे हैं। अयोध्या मंदिर स्थापना के दौरान भेजे गए रामनामी थैलों के बाद एक बार फिर से पांच हजार थैले तैयार करने का लक्ष्य मिला है। जिसे पूरा करने के लिए महिला एवं पुरुष बंदी सिलाई मशीन से रामनामी थैले तेजी से तैयार किए जा रहे हैं।

कारागार प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिला कारागार में निरुद्ध महिला व पुरुष बंदियों द्वारा अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के डिमांड पर 5 हजार रामनामी थैले तैयार किए जा रहे हैं। जिसका 14 रुपए प्रति थैले के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। थैलों की मांग को लेकर जेल अधीक्षक समेत हिंदू-मुस्लिम कैदियों में उत्साह जगा है और मेहनत के साथ थैले तैयार कर भक्तों के प्रसाद के लिए भेजे जा रहे हैं। साथ ही इन बंदियों को रोजगार भी मिल रहा है। मुस्लिम बंदी भी रोजा रखते हुए बड़े उत्साह के साथ थैलों की सिलाई कर रहे हैं।

अयोध्या राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जिला कारागार फतेहपुर के बंदियों द्वारा आपसी सहयोग व भक्ति भावना से रामनामी थैले भक्तों के प्रसाद के लिए अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट को भेंट किए गए थे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक क्लिक में आभा एप पर खुलेगी बीमार की 'केस हिस्ट्री'

पांच साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति का बनेगा हेल्थ कार्ड, दस्तक अभियान के दौरान पंजीकरण का काम भी शुरू होगा

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोगों को बेहतर इलाज देने के साथ ही उनकी बीमारी को लेकर अस्पताल और डाक्टर बदलने पर भी किसी तरह की परेशानी न होने के लिये अब स्वास्थ्य विभाग हर व्यक्ति की हेल्थ आईडी बना रहा है। इसमें व्यक्ति के स्वास्थ्य और कहीं भी इलाज कराने का विवरण होगा। एक क्लिक से डाक्टर आपकी बीमारी व उसके पहले हुए उपचार की भी जानकारी जुटा लेगा।

आयुष्मान भारत योजना में अब पांच साल से ऊपर की आयु के हर व्यक्ति का हेल्थ कार्ड बनाने का काम शुरु हुआ है। इसमें आशा बहू संचारी रोग अभियान में दस अप्रैल से शुरु हो रहे दस्तक अभियान के साथ ही लोगों को आभा कार्ड बनवाने के लिये पंजीकृत भी करेंगीं। आभा कार्ड (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट) व्यक्ति को दिया जायेगा। इसके जरिये उसमें उसकी बीमारी से लेकर उपचार तक का डाटा फीड किया जायेगा। आईडी में मिलने वाले यूनिक नंबर से व्यक्ति कभी भी किसी अस्पताल में जाता है तो उसे कार्ड लेकर जाना होगा। वहां पर डाक्टर एक क्लिक पर आईडी खोलकर आपकी बीमारी व उसके पहले हुये उपचार आदि का विवरण देख लेगा। इससे डाक्टर को मरीज से तमाम सवाल जवाब भी नहीं करने होंगें। वहीं डाक्टर मरीज का जो भी उपचार करेगा वह उसके विवरण में दर्ज कर देगा। इससे देश में कोई भी व्यक्ति किसी भी अस्पताल में जाकर अपना उपचार करा लेगा। इसके लिये उसे अपनी बीमारी की फाइल और जांच रिपोर्ट का झोला लादकर नहीं चलना पड़ेगा। जनपद में हेल्थ कार्ड बनाने का काम शुरु हो चुका है। एसीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि योजना के अनुसार जिले में पांच साल से ऊपर आयु के लोगों को हेल्थ कार्ड बनाये जाने हैं। इस पर काम शुरु हो गया है। आशा और आंगनबाड़ी घर-घर दस्तक देकर आभा आइडी बनाने के काम भी गति देंगी।

दस से चलेगा दस्तक अभियान पांच बीमारियों पर फोकस

संचारी रोग अभियान के तहत दस अप्रैल से दस्तक अभियान भी शुरु होगा। इसमें आशा और आंगनबाड़ी हर घर में जाकर वहां किसी सदस्य की बीमारी की जानकारी करेगी। इसके साथ ही उसे कुपोषित बच्चों के अलावा टीबी व अन्य बीमारियों के बाबत भी जानकारी जुटानी होगी। कम से कम पांच सूचनायें दर्ज होगीं। इसके जरिये विभाग गर्मी के मौसम में अपनी आगे की रणनीति तैयार कर लेगा।

जिला अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए लगी लंबी लाइन। अमृत विचार

दवाओं की कमी से जूझ रहा आयुष विंग। अमृत विचार

दस्त के साथ गले में इन्फेक्शन बढ़ा

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिला अस्पताल में दस्त और गले में खराश वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बदले मौसम की चपेट में आए मरीज बुखार के साथ सांस की तकलीफ से परेशान हैं। गंभीर रोगियों को भर्ती किया जा रहा है। पिछले कई दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। रात में ठंडा महसूस होता है। जबकि दिन में तेज धूप के साथ गर्मी से लोग परेशान हैं। इससे वायरल फीवर, उल्टी-दस्त और गले में इंफेक्शन आदि की समस्या बढ़ गई है।

जिला अस्पताल में सबसे ज्यादा मरीज खांसी, जुकाम, बुखार के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। फिजीशियन के साथ-साथ बाल रोग विशेषज्ञ के पास मरीजों की भीड़ पहुंच रही है। शुक्रवार को 12 बजे तक के अस्पताल में हड्डी रोग के डॉक्टर से पुरानी चोटों का दर्द उभरने पर मरीज बड़ी संख्या में दवा लेने पहुंचे थे। फिजीशियन डा एनके सक्सेना ने बताया कि मौसम जो बदल रहा है उससे बुखार के मरीज भी बढ़ने लगे हैं। दस्त के मरीज भी आ रहे हैं। यह सब गर्मी का प्रकोप है। ठंडे और गर्म के चक्कर में लोग बीमार हो रहे हैं। जो भी बीमार आ रहे हैं उन्हें देखकर दवा दी जा रही है और बचाव के तरीके बताये जा रहे हैं जिससे कि बीमार सही हो सकें। उन्होंने बताया कि जो मरीज गंभीर लग रहे है उनकी जांच भी करायी जा रही है। वहीं अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे आबू नगर के रहने वाले नौशाद ने बताया कि एक घंटे इंतजार के बाद उन्हें इलाज मिल पाया। वह हृदय रोग के डॉक्टर को दिखाने गये थे वह नहीं मिले।

आयुष विंग में दवाओं की कमी

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। सरकार जहां आयुर्वेदिक पद्धति के इलाज पर जोर दे रही है। वहीं जिला अस्पताल में स्थित आयुष विंग धीरे-धीरे दम तोड़ता नजर आ रहा है। यहां पर पिछले डेढ़ साल से दवाओं का अकाल पड़ा हुआ है।

जिला अस्पताल के परिसर में आयुष विंग अस्पताल बना हुआ है। यहां पर तीन पद्धतियों से इलाज किया जाता है। इनमें यूनानी, होम्योपैथी, आयुर्वेदिक के तीनों पद्धतियों के अलग-अलग डॉक्टरों की तैनाती के साथ फार्मासिस्ट तैनात हैं। लेकिन बताते हैं कि पिछले डेढ़ साल से यहां पर आयुर्वेदिक व यूनानी पद्धति की दवाओं का संकट है। आयुर्वेद व यूनानी दवा का स्टाक पूरी तरह से खत्म हो गया हैं।

> आयुष विंग में दावाओं की कमी के बारे में मांग पत्र भेजा गया है। लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। कोई आदेश मिलता है तो तत्काल दवाओं की व्यवस्था होगी।
> -डॉ. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

होम्योपैथिक की मात्र पांच प्रकार की दवाएं शेष बचे हैं। यहां पर आने वाले मरीजों को सिर्फ परामर्श मिल रहा है। दवाएं बाहर से महंगी कीमत पर खरीदनी पड़ रही हैं। अस्पताल के कर्मचारियों की माने तो आयुष विंग की दावों की खरीद का मामला जिले स्तर से नहीं से नहीं बल्कि राजधानी स्तर पर फंसा हुआ है। इससे दवा की खरीद नहीं हो सकी है। जिला अस्पताल सीएमएस डॉ. पीके सिंह ने बताया कि आयुष बिंग अस्पताल सीएमओ के स्तर से संचालित हो रहा है।

बच्चों से कहीं बेहतर बुजुर्गों की आंखों की रोशनी

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि बच्चों से कहीं बेहतर बुजुर्गो की आंखों की रोशनी है। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों से लेकर निशुल्क शिविरों में जांच पड़ताल के दौरान ऐसी ही हकीकत सामने आ रही है।

बदली जीवन शैली और मोबाइल का अधिकाधिक प्रयोग बच्चों की आंखों की रोशनी को कमजोर कर रहा है। यही कारण है कि स्कूली बच्चे कम उम्र में ही चश्मा लगा रहे हैं तो वहीं अभी भी ऐसे बुजुर्गो की संख्या काफी है जो कि 60 साल की उम्र के बाद भी अभी भी चश्मा नहीं लगा रहे हैं। मोबाइल फोन, टेलीविजन और अन्य डिजिटल उपकरणों में बच्चों की जीवन शैली को काफी हद तक प्रभावित किया है। इससे बच्चों की आंखों की रोशनी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। कोरोना काल के बाद जो डिजिटल उपकरणों का प्रयोग अधिकाधिक होने लगा उसका चलन अभी भी जारी है। विद्यालयों में पढ़ाने की बजाय अध्यापक एनसीईआरटी के नोटस डाउनलोड कर सीधे बच्चों को भेज रहे हैं। यही वजह है कि बच्चे मोबाइल का प्रयोग कर अपने नोट्स तैयार करने को मजबूर हैं। आंखों को ज्यादा देर तक रगड़ने से बच्चों की आंखों की रोशनी भी कमजोर हो रही है। खासतौर पर अवकाश के दिनों में बच्चों की



- मोबाइल का अधिक प्रयोग बन रहा कारण
- अस्पताल में बुजुर्गों से अधिक पहुंच रहे बच्चे

दिनचर्या एक दम बदल रही है। पढ़ाई के दिनों में स्कूल से आकर बच्चे सीधे तौर पर मोबाइल में ही अपने बचपन को सीख रहे हैं। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में जो स्थिति सामने आ रही है वह कम हैरत वाली नहीं है। बड़े बुजुर्गो के बजाय बच्चों की आंखों की रोशनी काफी हद तक कमजोर हो रही है। ऐसे में उम्र की बढ़ती दहलीज तक बच्चों की आंखों की रोशनी किस हद तक होगी यह भी चिंता का कम विषय नही है। अभी भी शहर में ही ऐसे बुजुर्ग हैं जिनकी रोशनी बच्चों से कही अधिक मजबूत है। वह सीधे तौर पर अखबार पढ़ने से लेकर अन्य काम काज में चश्मे का प्रयोग तो कतई नही कर रहे हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. आदर्श की मानें तो बच्चों का खानपान भी सही न होने से आंखों पर कुप्रभाव पड़ रहा है। बच्चों को चाहिए कि वह मोबाइल से दूरी बनाने का पूरी तौर पर प्रयास करें।

सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार, तापमान 40 के करीब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही अधिकतम तापमान 40 के आसपास पहुंच गया है। जिससे दोपहर की चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हैं। शुक्रवार सीजन का सबसे गर्म दिन आंका गया। दोपहर के समय शहर की सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा।

गर्मी का मौसम इस बार शुरुआत से ही लोगों की कड़ी परीक्षा ले रहा है। दोपहर की धूप और हवाएं लोगों के सफर में खलल डाल रही हैं। लोग तरह-तरह के उपाय करके शिद्दत की गर्मी से बचाव कर रहे हैं। शुक्रवार को भी बदस्तूर मौसम लोगों के लिए दिक्कत बना रहा। लोग अब दोपहर को जरूरी काम होने पर ही घरों के साथ अपने कार्यस्थल से निकल रहे हैं। सफर के दौरान लोग पानी, गमछा, कैप, स्टॉल आदि चीजों का उपयोग करके गर्मी से मामूली राहत पा रहे हैं। बाजारों में ऐसी चीजों की खूब बिक्री हो रही है। लोग घरों में पंखों के साथ अब नियमित रूप से एसी चलाने लगे हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो इस सीजन का सबसे गर्म साथ ही आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। बीते गुरुवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा था। लोगों में चर्चा है कि अभी जब यह हाल है तो मई-जून में गर्मी का आलम कुछ ज्यादा ही होगा।

धूप से बचाव के लिए छाता ही सहारा बना।

बाजारों में दिखने लगा सन्नाटा

शहर से लेकर कस्बों तक में दोपहर के वक्त सन्नाटा दिखने लगा है। बाजार में खरीदारी करने के लिए दोपहर के वक्त निकलने से लोग बच रहे हैं। शहर के चौक बाजार, हरिहरगंज, आईटीआई रोड समेत अन्य बाजारों में बीते एक सप्ताह से सुबह व शाम खरीदारी करने वालों की संख्या बढ़ी है। वहीं दोपहर में आने वाले ग्राहक कम हुए हैं। कपड़ा व्यापारी रज्जन ने बताया कि मौसम का असर बाजार पर पड़ रहा है। हालांकि दुपट्टों व गमछों की बिक्री बढ़ गई है। रेडीमेड कपड़ा दुकानदार पीयूष ने बताया कि सूती कपड़े के गमछे लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। 20 से 100 रुपये तक का गमछा बाजार में हैं।

निजी स्कूलों में बेची जा रही हैं महंगी किताबें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। नया शिक्षासत्र शुरू होते ही निजी स्कूलों में अनाप शनाप फीस और किताबों के नाम पर दोहन भी शुरू हो गया है। स्कूलों की मनमानी से क्षुब्ध अभिभावकों नाराजगी देखने को मिल रही है। कुछ अभिभावकों ने मामले की शिकायत डीएम से करने का मूड बना रहे हैं।

अभिभावक देवेन्द्र अवस्थी, सुनील गुप्ता, पंकज शर्मा, राजीव श्रीवास्तव समेत अन्य ने बताया कि निजी विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की किताबें और ड्रेसिंग निश्चित स्थानों दुकानों के माध्यम से खुलेआम बेची जा रही हैं। दुकानों पर कक्षावार किताबों के पैकेट बना कर रखे गये हैं। प्रत्येक पैकेट की अपने तरीके से कीमतें रखी गयी हैं। 3500 से 15000 तक की किताबों के सेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जिससे अभिभावकों के ऊपर नाजायज खर्चे का दबाव है। प्राइवेट स्कूलों की ओर से शिक्षा का व्यापार किया जा रहा है। इस मामले में पैनल बनाकर प्राइवेट स्कूलों की जांच कराई जानी चाहिए।

- पब्लिक स्कूलों में वसूली जा रही मनमानी फीस
- नहीं लागू होती एनसीईआरटी की पुस्तकें

सार-संक्षेप

ट्रक-कंटेनर की भिड़ंत में चालक की मौत

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर औद्योगिक क्षेत्र सौंरा में पुल के पहले उल्टी दिशा से आ रहे मोरंग लदे ट्रक व कंटेनर में भिड़ंत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में एक ट्रक के चालक की मौत हो गई। जिसकी पहचान पुलिस ने सुबह करा ली है।कानपुर प्रयागराज हाइवे में गुरुवार की रात एक कंटेनर और उल्टी दिशा से आ रहे मोरंग लदे ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे की जानकारी पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह व एसआई उमेश चन्द्र यादव व चौकी इंचार्ज सौंरा राहुल पांडे पहुंचे। पुलिस के मुताबिक एक चालक की मौत हुई है, जिसकी पहचान गाजीपुर जनपद के वसिष्ठ के रूप में हुई है। वही कंटेनर चालक हुसेनगंज के गढ़ीवा निवासी अमन सोनकर समेत दो लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हरा पेड़ काटने पर ठेकेदार व पेड़ मालिक पर रिपोर्ट

किशनपुर। थाना क्षेत्र के चतुरपुर मजरे गढ़ा गांव में गुरूवार को बिना परमिशन नीम का हरा पेड़ काट डाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ मलिक वह ठेकेदार पर वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। संगोलीपुर मडैयन मजरे गढ़ा गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद निषाद ने अपने खेत में खड़े नीम के चार पेड़ों को असोथर थाना क्षेत्र के बगहा मजरे सरकंडी गाव निवासी गंगा प्रसाद निषाद को बेच दिया था। जिसमें बयाना के तौर पर पांच सौ रुपए मिले। बताया जा रहा है कि गंगा प्रसाद निषाद लकड़ी का ठेकेदार है जो छूट के पेड़ों की लकड़ियों को कटवा कर बेचने का व्यापार करता है। गुरूवार को वह उन नीम के हरे पेड़ों को काट रहा था। इसी दौरान मुखबिर के जरिए पुलिस को हरे पेड़ काटने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां कई लोग मौजूद थे। इस दौरान पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो चंद्रिका प्रसाद द्वारा पेड़ को बेचने की बात सामने आई।

मारपीट कर पत्नी को घर से निकाला

जाफरगंज। थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव निवासी आयशा पत्नी कमाल ने थाने में पति के खिलाफ तहरीर देकर बताया कि पति चार साल से बात-बात पर मारपीट करता है लेकिन उसने कभी शिकवा शिकायत नहीं की। गुरूवार को किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर पत्नी के साथ मारपीट कर तलाक देने और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी दो संतान हैं। पीड़िता ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह का कहना हैं तहरीर मिली है कार्यवाही की जाएगी।

अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। बिन्दकी पुलिस ने फरीदपुर गांव निवासी करन पुत्र रमेश के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी लेकिन वह फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

पाइप लाइन बिछाने को खोदी सड़कें दे रहीं दर्द

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गांवों में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल पहुंचाया जाना है। इसके लिए पाइप लाइन डालने को सड़कें खोदी जा रही हैं। इसके चलते लोगों को काफी समस्या हो रही हैं। ठेकेदार पाइप लाइन डलवाने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं करा रहे हैं। इससे लोग व राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं।

धाता, विजयीपुर समेत अन्य ब्लाकों के लगभग सैकड़ों गांवों में पाइप लाइन डलवाने का कार्य कराया गया है। कार्यदायी संस्था के ठेकेदार पाइप लाइन डालकर खोदी गई सड़कों को दुरुस्त करना भूल गए हैं।

शहर में 40 फीसदी हो पाया विद्युत सुधार का कार्य

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर में बिजली व्यवस्था को सुधारे जाने की कवायद चल रही है। गर्मी से पहले विभाग अपने कील कांटे दुरुस्त करने में जुटा है। इसके लिए करोड़ों रुपयों से काम काज कराया जा रहा है। तार तथा पोल बदले जा रहे हैं और ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। हालांकि अभी तक शहरी क्षेत्र में 40 फीसदी ही काम पूरा हो पाया है। इसके लिए कार्यदाई संस्था की ढिलाई को जिम्मेदार माना जा रहा है।

गर्मी में होती है परेशानी

अभी तक स्थिति यह है कि आमतौर पर गर्मी के दिनों में लोकल फाल्ट के कारण बिजली सप्लाई बाधित होती रहती है। आंधी और बरसात में सप्लाई बाधित होना निश्चित है। इसके लिए जर्जर तार और पुराने पोल को जिम्मेदार माना जाता रहा है। अब तारों और पोलों को बदला जा रहा है। अधिशाषी अभियंता सदर राजमंगल सिंह ने बताया कि शहर में जर्जर तारों तथा पोल को बदलने का काम तेजी से हो रहा है।

विभाग का दावा है कि यह व्यवस्थाएं ठीक हो जाने के बाद गर्मी के दिनों में बिजली सप्लाई में परेशानी नहीं होगी। इस कामकाज के चलते दिन में बिजली सप्लाई कुछ देर के लिए बंद करके काम किया जा रहा है। हालांकि अभी जिस तरह से काम चल रहा है उसके चलते इसमें एक महीने से अधिक समय लगने की पूरी संभावना है और गर्मी शुरू हो चुकी है। शहर में ही कई स्थानों पर बिजली के तार और पोल पुराने हो चुके हैं, जिनके कारण अब तेज हवा और बरसात में बिजली सप्लाई बाधित होती है।

माह-ए-रमजान | अंतिम जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट, पल-पल की जानकारी लेते रहे अधिकारी

कड़ी चौकसी के बीच अलविदा की नमाज, मांगी अमन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रमजान माह के अंतिम जुमे की नमाज को लेकर शहर समेत पूरे जिले की मस्जिदों के बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। निर्धारित समय पर समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में पहुंच कर नमाज अदा कर मुल्क की सलामती व अमन चैन की दुआएं मांगी। डीएम सी. इंदुमती एवं एसपी उदय शंकर सिंह ने भ्रमण कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

नमाज के दौरान एसपी और एएसपी एलआईयू के साथ कोतवाली पुलिस शहर स्थित तकिया चांद शाह मस्जिद, मोचियाना मस्जिद व जामा मस्जिद सनगांव में भ्रमण कर स्थित पर निगाह रखते हुए स्थानीय लोगों को वार्ता की और अमन चैन बनाए रखने की अपील की। संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस के साथ नजर रखी गई। ऐसे ही जहानाबाद, खागा, हथगाम, थरियांव, बहेरा सादात, छिवलहा, औंग, चौडगरा, सहित मस्जिदों में अलविदा की नमाम शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई।

अलविदा की नमाज अता करते नमाजी। अमृत विचार

सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे डीएम सी. इंदुमती व एसपी उदय शंकर सिंह।

खचाखच भरी रहीं ग्रामीणांचलों की मस्जिदें

धाता। विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज सकुशल संपन्न हुई। क्षेत्र के अहमदपुर कुसुम्भा, नेन्दौरा सहित नगर पंचायत धाता में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई। कस्बे के अब्दुल कलाम नगर स्थित शाही बड़ी मस्जिद के इमाम हाफिज असीरूद्दीन ने अपनी तकरीर में कहा कि जो बंदा रोजे रखता है तो उसके गुनाहों को बख्श दिया जाता है।

मस्जिदों में उमड़ी भीड़

मुकद्दस रमजान के अलविदा जुमे में नमाजियों की मस्जिदों में भीड़ उमड़ी। अलविदा जुमे की नमाज बाद अमन की दुआ की गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्वक नमाज संपन्न हुई। रमजान के आखिरी जुमे अलविदा नमाज को लेकर नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर में जहां नमाजी सुबह 11 बजे के बाद मस्जिदों में पहुंचने लगे थे, मस्जिदों में अलग अलग समय पर जब पहली अज़ान लगी तो मस्जिदें नमाजियों से फुल हो चुकी थी। अलविदा की नमाज बाद मुल्क में अमन और भाईचारे के लिए दुआ की गई।

डीएम-एसपी ने देखी व्यवस्था, शांतिपूर्ण निपटी नमाज

फतेहपुर। अलविदा की नमाज में पुलिस की कड़ी निगेहबानी रही। शहर से देहात तक चप्पे चप्पे पर नजर रखी गई। प्रमुख स्थलों पर पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा। अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से हो इसको लेकर पहले से ही इंतजाम कर लिए गए थे। जिलाधिकारी सी इंदूमति, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह शहर के चौक बाजार आदि स्थानों पर पहुंचे।

शहर काजी ने बताया अलविदा जुमा की नमाज का महत्व

फतेहपुर। काज़ी शहर कारी फरीद उद्दीन कादरी ने अलविदा जुमा कीं नमाज़ से पहले मस्जिद बंदगी मिया मोहल्ला पनी में अपनी तकरीर के दौरान कहाकि रमज़ान के महीने के आखरी जुमे को अलविदा जुमा कहा जाता है। अलविदा का शाब्दिक अर्थ जुदाई के है यानी इसके बाद रमज़ान में जुमा अब इस वर्ष न होगा। काज़ी शहर कारी फरीद उद्दीन कादरी ने इस्लामी शरिअत पर चल कर एक सच्चे इंसान हो जाने को कहा और कुरान की आयतों के हवाले से जहा पवित्र रमज़ान कीं खूबियां बताई, वहीं दुनिया में अमनो सुकून का रास्ता भीं कुरान के उसूलों पर चल कर तलाशने को कहा। क्योंकि इस्लाम वो धर्म है जो क़यामत तक आने वाले इंसानो की रहनुमाई करेगा। पैगम्बर-ए-इस्लाम की शिक्षा पर चल कर ही दुनिया में अमनो शान्ति का माहौल पैदा किया जाना यक़ीनी हो सकता है। शिक्षा की अहमियत को उजागर करते हुए कहाकि मज़हबे इस्लाम में तालीम हासिल करना फ़र्ज़ है। इसलिए इल्म (शिक्षा) इंसानी तरक्की की पहली मंजिल है। अलविदा नमाज के बाद अल्लाह ताला की बारगाह में सभी नमाजियों ने मुल्क व सारी दुनिया के लिए अमनो शान्ति की दुआ की।

तकरीर करते शहर काजी। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE
I, No JC-502300H NB SUB Nishan Singh, R/o Village-Warring, Post-Moharipur, Teh. & Distt.-Taran Taran, Punjab have changed my name from Harwinder Kaur to Harvinder Kaur vide Affidavit dated 04 Apr 2024. In future I must be known as Harwinder Kaur to Harvinder Kaur.

सूचना
आवश्यकता
अनुभवी मैनेजर/ कुक/स्वीपर की अयोध्या में 'द रामालया' निकट देवकाली, 'होम स्टे' के लिए चाहिये।
संपर्क करें- 9129959499
साल में लाखों कमाएं

सूचना
सूचित हो कि मैं रेवती देवी (Rewati Devi) अपने पुत्र पूरन सिंह गैड़ा के आर्मी नं.- 4205814L, निवासिनी- मानू ध्याड़ी, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेवती देवी (Ravti Devi) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेवती देवी (Rewati Devi) दर्ज किया जाये।

सूचना
सूचित करता हूँ कि मैं बबलू पुत्र स्व बदलू निवासी-सब्जी, बबुरा पोस्ट-बीजेमऊ, परगना-सरेनी, तहसील-लालगंज जिला रायबरेली मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश बदलू के स्थान पर बाबू अंकित हो गया है। अतः मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में बाबू के स्थान पर बदलू अंकित किया जाये। मेरे सभी दस्तावेजों पर बदलू ही अंकित है। जो कि सही और सत्य हैं।

सूचना
सूचित हो कि मैं रूपरानी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निवासी- ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना-नवाबगंज, पो0-धन्नी जिला-बहराइच, उ0प्र0 की मूल निवासिनी हूँ। पहले मेरा नाम रूपरानी था। लेकिन अब मेरा नाम राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निकट -ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना-नवाबगंज, पो0-धन्नी जिला-बहराइच, उ0प्र0 के समस्त सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता हो गया है।

विद्युत आपूर्ति में लापरवाही पर दो एसएसओ हटाए गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक्सईएन ने की कार्रवाई गर्मी में सुचारु रहेगी आपूर्ति
- बदले गए पोल, बढ़ाई जा रही ट्रांसफार्मरों की क्षमता

अमृत विचार। निजी नलकूपों समेत घरेलू बिजली आपूर्ति में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में लापरवाही पाए जाने पर एक्सईएन विद्युत ने बेहरिन स्थित पावर हाउस के दो ऑपरेटरों पर कार्रवाई करते हुए हटा दिया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को सुचारु रूप से बिजली दी जाएगी। इसको लेकर विभाग की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई है।

एक्सईएन मगन सिंह ने बताया कि ओवरलोडिंग न होने के बाद भी बिजली सप्लाई ठीक से न दिए जाने के मामले में बेहरिन पावर हाउस पर तैनात दो ऑपरेटरों को हटाते हुए क्रमशः मानपुर तथा इंदरगढ़ भेज दिया गया है जबकि वहां से कर्मचारियों को बेहरिन की जिम्मेदारी दी गई है। कहा कि बिना किसी ठोस कारण के कटौती किए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई तय है। कहा कि गर्मी में बिजली की निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। इसको लेकर बिजनेस प्लान के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदल दिया गया है। पोल भी बदले गए हैं तथा लगभग सभी ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की गई है जिससे ओवरलोडिंग की समस्या न आए। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि जिनके यहां एसी लगे हैं और लोड कम है, उसे बढ़वा लें। ऐसा न करने और पकड़े जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

नदी में डूबे किशोर का शव दूसरे दिन मिला

तिर्वा, कन्नौज। ईशन नदी पर दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर डूब गया। खोजबीन में करीब 24 घंटे बाद उसका शव थोड़ी दूर पर झाड़ियों में फंसा मिला। शव निकलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना इंदरगढ़ के भौरामऊ गांव निवासी आशू (14) पुत्र शिवपाल गुरुवार की दोपहर अपने दोस्तों के साथ टिकरी गांव के पास ईशन नदी में नहाने गया था। नहाते-नहाते वह डूबने लगा। साथी को डूबते देखकर अन्य साथी शोरगुल मचाने लगे। शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़ पड़े और उसकी नदी में खोज करने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोर बुलाए। साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी खोज में लग गई। खोज में दूसरे दिन किशोर का शव पास में ही एक झाड़ी मे फंसा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लोस चुनाव: 9,736 मतदान कार्मिकों की सूची जारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र कन्नौज के लिए वोट 13 मई को डाले जाएंगे। मतदान किन-किन कर्मचारियों को कराना है, उसकी ड्यूटी जारी हो गई है। शुक्रवार को विकास भवन में कई विभागों के लोग ड्यूटी ले गए। पहले चरण के रेंडमाइजेशन के बाद कुल 9,736 मतदानकार्मिकों के आदेश जारी हुए हैं।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने कक्ष संख्या पांच से ड्यूटी वितरण कराई। इसके लिए विकास भवन के करीब 30 कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई थी। उनको निर्वाचन से जुड़े अन्य कार्य भी दिए गए हैं। हालांकि 18 से 22 अप्रैल तक चलने वाले प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम ही शामिल होंगे। इनकी संख्या 4570 है।

विकास भवन में मतदान कार्मिकों की ड्यूटी छांटते कर्मी। अमृत विचार

- 18 से 22 अप्रैल तक दिया जाएगा पहले चरण का प्रशिक्षण, तैयारियां शुरू कीं

बताया गया है कि ड्यूटी मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय की भी जारी हुईं हैं। ड्यूटी आदेश आने के बाद कर्मचारियों ने उसे व्यवस्थित किया। विभाग का नाम लिखा। अन्य जरूरी प्रक्रिया पूरी कर रजिस्टर पूरा किया। दोपहर को वितरण शुरू हुआ है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में 1519 बूथ हैं। इसके लिए 2311 पीठासीन अधिकारी, 2259 मतदान अधिकारी प्रथम, 2573 मतदान अधिकारी द्वितीय और 2593 मतदान अधिकारी तृतीय की ड्यूटी लगाई गई है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को नौनिहाल भी लगाएंगे जोर

कन्नौज। लोकसभा क्षेत्र का मतदान 13 मई को होगा। ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की मुहिम में बच्चे भी शामिल होंगे। वह हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। जागरुकता रैली निकालेंगे। साथ ही कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश करेंगे। इसको लेकर सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया गया है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने पत्र में कहा है कि प्राथमिक स्कूल, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में अभिभावक-अध्यापक बैठक व मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम कराया जाए। 15 अप्रैल से 10 मई तक सभी परिषदीय स्कूलों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलेगा। कार्यक्रम सुबह 10 से 12 बजे तक कराए जाएंगे। इसमें सभी अध्यापकों का होना जरूरी है। अभिभावकों को बुलाने के लिए छात्रों के नोट बुक में दो दिन पहले ही सूचना दी जाएगी। बीएसए ने बताया कि 13 मई को मतदान में शामिल होने के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी। अभिभावकों के बीच सरल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। गीत-नुक्कड़ नाटक बच्चों के ओर से पेश किए जाएंगे। उसके बाद प्रधानाध्यापक दोपहर एक बजे तक नोडल शिक्षक संकुल को निर्धारित प्रारूप सूचना देंगे। वहां से आगे सूचना भेजी जाएंगी।

यह कार्यक्रम भी होंगे

- बीएसए ने बताया कि कार्यक्रमों में स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाए। निपुण भारत मिशन के तहत प्रत्येक छात्र के शैक्षिक स्तर पर चर्चा होगी। स्कूल में उसकी शत-प्रतिशत उपस्थिति बनाने के प्रयास होंगे। अभिभावकों को छात्र-छात्राओं में नैतिक मूल्यों व स्वच्छता की आदत विकसित किए जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

गरीबों के आवास बनवाने में चौथे नंबर पर आया जिला

पीएम और सीएम आवास योजना ग्रामीण की रैंकिंग में बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कभी 37वें नंबर पर था जनपद, एक महीने में हुई बेहतर प्रगति

अमृत विचार। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में वर्ष 2023-24 की जिले की सूबे में चौथी रैंक आई है। लाभार्थियों को किस्त देने के बाद निर्माण कार्य भी तेजी से कराया गया, जिससे करीब एक महीने में रैंकिंग में सुधार हुआ। बताया गया है कि आवास के मामले में कन्नौज का नंबर 37वां था।

पीएम आवास बनवाने में प्रदेश में पहले स्थान पर गौतम बुद्ध नगर, दूसरे पर गाजियाबाद, तीसरे पर अमरोहा व चौथे पर कन्नौज है। हालांकि तीन नंबर तक जो जिले आए हैं, उसमें कन्नौज के सापेक्ष 10 फीसदी भी लक्ष्य नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 33,385 आवासों का लक्ष्य दिया गया। उसके सापेक्ष 33,380 को पहली किस्त, 33,335 को दूसरी और 33,243 तीसरी किस्त मिली। 33,311 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो गया। यह प्रगति 99.78 फीसदी है। इसी तरह सीएम आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य 1890 आवासों का है। उसके सापेक्ष खाता सत्यापन व जांच 1889 का हुआ। पहली किस्त 1888 लाभार्थियों को मिली। दूसरी किस्त 1884 व तीसरी किस्त 1864 को दी गई। 1883 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो गया। कुल प्रगति 99.63 फीसदी है। पहले स्थान पर बुलंदशहर, दूसरे पर अमरोहा व तीसरे पर हापुड़ है। चौथे पर कन्नौज आया है।

साइट निरीक्षण में कन्नौज पांचवें नंबर पर

साइट का अधिकारियों की ओर से निरीक्षण करने में कन्नौज पांचवें स्थान पर है। जिले का लक्ष्य 1560 है इसके सापेक्ष 1903 प्रगति हुई जो 121.99 फीसदी है। पहले नंबर पर बाराबंकी, दूसरे पर बुलंदशहर, तीसरे पर वाराणसी और चौथे पर सोनभद्र है।

> जिले में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विकास कार्यों को समीक्षा हुई। जिन विभागों में कोई दिक्कत थी, उसे दूर किया गया। आवास के मामले में सूबे में कन्नौज की रैंक 37 थी, जो अब टाइप फाइव के अंदर चौथे नंबर पर आया है। सचिवों को भी कार्य तेजी से पूरे करने के निर्देश दिए गए थे। जो भी विकास कार्य होंगे, उनको तेजी से पूरा कराया जाएगा।
>
> –रामकृपाल चौधरी, सीडीओ

पति के एक्सीडेंट की खबर देकर महिला का अपहरण

कन्नौज। पति के एक्सीडेंट की खबर देकर युवक ने महिला को अगवा कर लिया। पीड़ित पति ने कोर्ट के आदेश पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला अपने साथ लाखों रुपये की नकदी और जेवरात भी ले गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि वह ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। 19 जनवरी को वह प्रतिदिन की तरह ऑटो रिक्शा लेकर गया था। शाम सात बजे वह घर पहुंचा तो पत्नी नहीं मिली। बेटी ने बताया कि ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम मलगई निवासी शादाब खां पुत्र हसरुद्दीन आया। उसने बताया कि पापा का तिर्वा के पास एक्सीडेंट हो गया है और वह तिर्वा में भर्ती है। उसने मां को साथ लिया और एक लाख रुपये व जेवरात भी ले गया। उसने पत्नी व शादाब की काफी तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना उपनरीक्षक राधा मोहन शर्मा को दी गई है। जल्द ही महिला को बरामद कर आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी।

छह साल से जेल में बंद गैंगस्टर का आरोपी बरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चीफ डिफेंस काउंसिल ने की निःशुल्क पैरवी
- जमानत पर बाहर चल रहे आरोपियों पर भी दोष साबित नहीं हो सका

अमृत विचार। गैंगस्टर के मामले में छह साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपी को आरोप साबित न होने पर अपर ज़िला जज हरेंद्र नाथ ने ससम्मान रिहा कर दिया। इस मामले में जमानत पर बाहर दो अन्य अभियुक्त भी दोषमुक्त हो गये।

घटनाक्रम के अनुसार चार अप्रैल 2012 को थानाध्यक्ष राजेंद्रधर ने औरैया जनपद के चिटकापुर थाना अजीतमल निवासी श्यामबिहारी, वीरेंद्र दुबे, शैलेंद्र दुबे व इटावा निवासी सरोज तिवारी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत कराया था। आरोप लगाया कि उक्त सभी आरोपी गैंग बनाकर हत्या व लूट जैसे अपराध करते हैं। 17 जनवरी 2018 को आरोपियों को जेल भेजा गया था। विवेचक ने सभी के विरुद्ध आरोपपत्र प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान वीरेंद्र दुबे की मृत्यु हो गई जबकि सरोज व शैलेंद्र जमानत पर रिहा हो गए। वहीं श्यामबिहारी की ओर से पैरवी करने के लिए कोई नहीं आया और न ही कोई वकील नियुक्त हुआ। वर्ष 2023 में श्यामबिहारी ने जेल अधीक्षक के माध्यम से ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन भेजकर निःशुल्क विधिक सहायता के लिए अनुरोध किया। प्राधिकरण की सचिव अपर ज़िला जज लवली जायसवाल के निर्देशन में चीफ़ डिफ़ेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण तिवारी ने श्यामबिहारी की ओर से निःशुल्क पैरवी की। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि आरोपियों के विरुद्ध महज़ एक मुक़दमा पंजीकृत था जिसमे वह दोषमुक्त हो गये हैं। मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर ज़िला जज/ विशेष न्यायाधीश हरेंद्र नाथ ने सभी अरोपियों को दोषमुक्त घोषित करते हुए कहा कि अभियोजन आरोपों को साबित करने में असफल रहा। अदालत के फ़ैसले के बाद ज़िला कारागार से देर शाम श्यामबिहारी रिहा हो गया।

सार-संक्षेप

कृष्ण जन्म की कथा पर झूमे श्रोता

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम नदसिया स्थित बाबा श्री हनुमान जी के दरबार में चल रही साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के षष्टम दिवस पर शुक्रवार को रूरा कानपुर देहात के कथावाचक आचार्य रमाशंकर मिश्रा ने कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। आचार्य ने बताया कि कलयुग में जो भक्त पूजा आराधना करता है भगवान उसके वश में होते हैं। परमात्मा सर्व शक्तिमान है। जीवन की सारी समस्याएं एवं किए गए अपराधों का पाप ईश्वर के स्मरण मात्र से नष्ट हो जाते हैं। मनुष्य को भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। परमात्मा कभी निराश होने ही नही देगा। उन्होने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव से लेकर प्रभु की पावन मयी बाल लीलाओं का वर्णन किया तो भक्त भावविभोर होकर झूमने लगे। कथा के आयोजक डॉ. रामपाल द्विवेदी ने बताया कि शनिवार को कथा विराम व रविवार को विशाल भंडारा होगा।

कथावाचक आचार्य रमाशंकर।

उपहार व अंकपत्र के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

विदाई समारोह में पुरस्कृत किए गए छात्र-छात्राएं

गुरसहायगंज, कन्नौज। प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर रतनपुर में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कक्षा 5 की छात्रा नेंशी, दिव्यांशी ने प्रथम, सूर्या दादा ने द्वितीय, बंधन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों ने छात्रों को मेडल, उपहार व अंकपत्र देकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिक्षक संकुल विपिन माथुर, एसएमसी देवीदयाल, प्रधान प्रदीप कुमार शुक्ला, प्रंचार्ज प्रधानाध्यापक अभिषेक वर्मा, स्नेहलता, अनुराग रंजन आदि मौजूद रहे।

महर्षि कश्यप की जंयती पर निकाली शोभायात्रा

तिर्वा, कन्नौज। महर्षि कश्यप की जयंती पर धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। शुक्रवार को डी. एन. कॉलेज के सामने महर्षि कश्यप बंशी सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान कश्यप की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ठठिया तिराहे, क्रांति चौराहा होते हुए गांधी चौक पर पंहुची जहां पर कई समुदाय के लोगों ने भगवान कश्यप के चित्र पर पुष्प वर्षा कर नमन किया। इसके बाद इंदरगढ़ तिराहे पर शोभा यात्रा संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद सुब्रत पाठक, कैलाश राजपूत, सौरभ गुप्ता, मिथलेश बाथम, प्रभात वर्मा ने महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। समिति के अध्यक्ष ध्रुव कश्यप, विजय बाथम, घनश्याम बाथम, शिवा बाथम, राजीव बाथम सनी बाथम, अमित बाथम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शोभा यात्रा का संचालन रामअवतार मन बसिया द्वारा किया गया है।

शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म, आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- रिपोर्ट दर्ज, आरोपी का पिता पुलिस की हिरासत में
- पुलिस ने कराया पीड़िता का मेडिकल परीक्षण

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवक के पिता को हिरासत में लेते हुए पीड़िता का मेडिकल कराया है।

अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वह मूलतः हरदोई का निवासी है। वर्तमान में कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहता है। तीन अप्रैल को तड़के साढ़े चार बजे उसकी 17 साल की पुत्री शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। तभी घर के सामने रहने वाले युवक चंदन राजपूत पुत्र छेदालाल राजपूत ने इसे दबोच लिया। वह धमकी देते हुए पुत्री को घर के अंदर घसीट ले गया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। पुत्री ने शोर मचाया तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुत्री ने घर आकर घटना की जानकारी दी।

मामले में कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी के अलावा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने पर वह तो नहीं मिला लेकिन उसके पिता को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि प्रयास किया जा रहा है जल्द ही आरोपी को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

'रमजान से ही शुरू होंगे अखिलेश के बुरे दिन'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सपा मुखिया ने मोदी के डर से रमजान को बुरे और नवरात्रि को अच्छे दिन बताकर अपनी मंशा जाहिर कर दी है। इसी रमजान से अखिलेश यादव के बुरे दिन शुरू होंगे। शुक्रवार को राही पर्यटक आवास गृह में प्रेसवार्ता में यह बात बसपा से लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने कही। उन्होंने सपा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सपा नेताओं का मुस्लिम हितैषी बनना एक दिखावा है। उनकी घोषणा के बाद अखिलेश को प्रत्याशी नहीं मिल पा रहा है।

प्रत्याशी घोषित होने के बाद कानपुर के बड़े कारोबारी इमरान पहली बार कन्नौज पहुंचे थे। प्रेस वार्ता में कहा कि कन्नौज में सपा मुखिया ने रमजान को बुरे और नवरात्र को अच्छे दिन कहा था। इससे मुस्लिम समाज आहत हुआ है। भगवान के बनाए सभी दिन अच्छे होते हैं तो फिर सपा मुखिया भेदभाव क्यों कर रहे हैं! कहा कि सपा-कांग्रेस गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिलेगी, क्योंकि देश का अल्पसंख्यक हकीकत को जान चुका है। कहा कि बसपा ने हमेशा सर्व समाज की राजनीति की है। कन्नौज को जिला बनाकर विकास की आधारशिला पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने ही रखी थी। जिले के विकास के लिए सबसे पहले 140 करोड़ रुपये का बजट भी दिया था। इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष बबलू गौतम आदि उपस्थित थे।

यूपीटी में पत्रकारों से वार्ता करते बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर। अमृत विचार

- बसपा प्रत्याशी इमरान ने बोला सपा प्रमुख पर हमला

जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे भाजपा सांसद

बसपा प्रत्याशी ने कहा कि सपा के परिवारवाद के खिलाफ वह भी 2014 में आम आदमी पार्टी से मैदान में उतरे थे। इसके बाद 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हो गया, जिसमें बसपा का कैडर वोट भाजपा में चला गया और कन्नौज से सुब्रत पाठक जीत गए। वह जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे, जिससे अब जनता यहां से सांसद बदलने के मूड में है।

दुर्घटनाओं में पांच लोग हुए घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दंपति व पुत्री सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीगढ़ निवासी धर्मेंद्र यादव पुत्र नेत्रपाल अपनी पत्नी नीलम व पुत्री आशी को बाइक से लेकर छिबरामऊ दवा लेने आए थे। वापस गांव जाते समय श्रीनाथ कोल्ड स्टोरेज के पास दूसरी बाइक की टक्कर से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर पिता पुत्री को कानपुर स्थित हैलेट हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना में किसी प्रकार घायल हुए बाइक सवार मां मीना देवी पत्नी कैलाश और उनका पुत्र रविंद्र कुमार को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

UNISED Innovation in Education
UNISED
(Unit of Science & Educational Development)
आर ई सी REC
Rashtriya Aavishkar Lab UNISED, BSA Office, Govind Nagar, Kanpur Nagar-208006

निविदा आमंत्रण सूचना

सिद्धार्थ नगर (उत्तर प्रदेश) में 100 सूर्य ऊर्जा संचालित स्मार्ट क्लासेज के सन्दर्भ में इच्छुक एजेंसीज को आमंत्रण। विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर लॉगिन करें www.unised.in आवेदन की अंतिम तिथि 25th अप्रैल 2024 है।

दबंगों ने महिला को मारपीट कर किया घायल

तिर्वा, कन्नौज। गालीगलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गाजीपुर्वा गांव निवासी शांति देवी पत्नी धनीराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि एक अप्रैल को गांव के ही अजय कुमार केदार, नितिन, नागेश गालीगलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कार्रवाई | बस के साथ ही अड्डे के बाहर खड़ी कारों का भी किया गया चालान

जीटी रोड पर खड़ी अनुबंधित बस से लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बस अड्डे के बाहर जीटी रोड पर अनुबंधित बस खड़ी कर दिए जाने से जाम की स्थिति बन गई। मौके पर चेकिंग कर रहे यातायात प्रभारी ने बस का चालान करते हुए भविष्य में अड्डे के भीतर ही खड़ी करने की हिदायत दी। इसके अलावा खड़े कार व निजी वाहनों के भी चालान किए।

यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने शुक्रवार को यातायात पुलिस की तीन टीमें बनाकर बैरियर चेक पोस्टों पर ओवरलोडिंग करने वाले सवारी वाहनों की चेकिंग का विशेष अभियान चलाया। इसमें पाल चौराहे पर यातायात उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह और मंडी समिति बैरियर चेक पोस्ट पर यातायात उप निरी रविनंदन माथुर एवं मकरंद नगर से रोडवेज बस स्टैंड तक उन्होंने स्वयं चेकिंग की। ओवरलोडिंग करने वाले ऑटो एवं टेंपो के चालान कर भविष्य के लिए चेतावनी दी।

सरायमीरा बस स्टैंड के आसपास आड़ा, तिरछा खड़े वाहनों के भी चालान काटे। अनुबंधित रोडवेज बस का चालक सड़क के किनारे बस को खड़ा करके शौच के लिए स्टैंड के अंदर चला गया। इस कारण मुख्य सड़क पर जाम लगने लगा। बस में वाहन स्वामी के मौजूद होने पर प्रभारी ने बस का चालान काटा और भविष्य में बस को रोडवेज बस स्टैंड के अंदर खड़ा करने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा गाड़ी को नो पार्किंग जोन में खड़ा करने पर भारी जुर्माना अदा करना पड़ सकता है। प्रभारी ने बताया कि ओवरलोडिंग में 47 सवारी वाहनों के चालान किए हैं। इस मौके पर मुख्य आरक्षी प्रमोद, मुख्य आरक्षी चालक मुबीन खां व आरक्षी प्रसन्न कुमार भी रहे।

अनुबंधित बस का चालान करते यातायात प्रभारी आफाक खां।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

इंस्पेक्टर बनकर दी बेटे के एनकाउंटर की धमकी

बेटे की आवाज में बात करता रहा आरोपी, 70 हजार ठगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जालसाज ने दिए दो नंबर साइबर थाने में मामला दर्ज
- आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, तालग्राम का मामला

अमृत विचार। 'हैलो! तुम्हारे बेटे ने एक लड़की के साथ गैंगरेप किया है। लड़की की मौत हो गई है और मैंने तुम्हारे बेटे को पकड़ लिया है। मैं कानपुर से पुलिस इंस्पेक्टर बोल रहा हूं। आज तुम्हारे लड़के का एनकाउंटर कर दिया जाएगा।' यह वॉट्स एप कॉल सुनते ही पिता के होश उड़ गए। इसके बाद एआई तकनीक से बेटे की आवाज में बात कर 70 हजार रुपये ठग लिए गए।

शुक्रवार को यह मामला जिले के साइबर क्राइम थाने में दर्ज किया गया। तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम रोहली निवासी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उनका बेटा अभय सिंह कानपुर में एक कोचिंग सेंटर में पढ़ता है। 31 मार्च को दोपहर

1.15 बजे एक वॉट्सएप कॉल आई, जिसमें एक व्यक्ति ने स्वयं को कानपुर का इंस्पेक्टर बताते हुए बेटे को गैंगरेप व मर्डर का आरोपी बता दिया। यह सुनकर वह घबरा गए। बेटे को बचाने के लिए उसने 2.50 लाख रुपये की मांग की। घबराहट में उन्होंने उसके बताए दो नंबरों पर रुपये भेज दिए। पहला फोन पे नंबर किसी गोलू गिरि के नाम का था, जिसमें उन्होंने 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए। दूसरा फोन पे नंबर राहुल उर्फ रंजीत कुमार के नाम का था, जिसमें उन्होंने 20 हजार रुपये भेज दिए। बाद में जब बेटे से बात हुई तो ठगी की जानकारी हुई। कानपुर में इस तरह की कोई घटना ही नहीं हुई थी। उन्होंने घटना की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की, जिस पर साइबर क्राइम थाने में उनकी रिपोर्ट दर्ज की गई।

प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा दिए गए नंबरों की पड़ताल की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रिश्तेदारी में आई युवती का अपहरण

सौरिख। दस दिन पहले पिता के साथ रिश्तेदारी में आई युवती का गांव से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद युवती का सूराग नहीं लगा तो पिता ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मैनपुरी जनपद के किशनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति अपने मामा की मौत पर होली के बाद थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी 26 वर्षीय बेटी के साथ आया था।27 मार्च को वह बेटी को रिश्तेदारी में ही छोड़कर दूसरे गांव रिश्तेदारी में मिलने चला गया दूसरे दिन वापस लौटा तो पुत्री के गायब होने की जानकारी हुई।काफी खोजबीन के बाद पता चला कि गांव का युवक राहुल पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी सचिन कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी गई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बंद करने का विरोध

नगर के चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन। अमृत विचार

पीएचसी पर विरोध व्यक्त करते भाकियू सावित्री के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- तिर्वा रोड स्थित सीएचसी में किया जाना है विलय
- 65 वर्ष पुराने भवन को खाली करने के निर्देश

अमृत विचार। कई दशकों से नगर के मुख्य चौराहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। 20 मार्च को मुख्य चिकित्साधिकारी ने भवन पुराना व जर्जर होने का हवाला देते हुए इसे खाली कर सीएचसी के भवन में स्थानांतरण के आदेश दिए थे। इसकी जानकारी पर लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए चौराहे के पीएचसी को बंद न करने की मांग की।

शुक्रवार को चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पदाधिकारियों के साथ पहुंचे भाकियू सावित्री के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता उर्फ राजू ने मौजूद फार्मासिस्ट मोनू कटियार से इसकी जानकारी ली। फार्मासिस्ट ने सीएमओ कार्यालय से भवन खाली करने और सीएचसी में शिफ्ट करने के आदेश की जानकारी दी। इस पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पीएचसी का संचालन मुख्य चौराहा से ही करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पहले ही विभाग द्वारा यहां से आकस्मिक सेवाएं बंद कर दी गई है। केवल ओपीडी बची थी उसे भी बंद किया जा रहा है। इससे गंभीर व सामान्य रोगियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान जिला सचिव अभिषेक मिश्रा, रमाशंकर, नईम उर्फ मन्नू, कासिम, आकाश, सोनू, राजू, सोएल आदि लोग मौजूद रहे। इस संबंध में एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने बताया कि पीएचसी का भवन लगभग 65 वर्ष पुराना है। अब जर्जर अवस्था में है। कभी भी कोई हादसा हो सकता है। जनहानि न हो इसके लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पीएचसी को सीएचसी में शिफ्ट किया जा रहा है। पीएचसी के स्टाफ को सीएचसी में मर्ज किया जाएगा। डिप्टी सीएमओ महेन्द्रभान सिंह ने बताया कि भवन को खाली कराने के निर्देश मिले है। पीएचसी को सीएचसी में शिफ्ट कराया जा रहा है। आदेश मिलने पर पीएचसी भवन में कार्य कराया जाएगा।

सपा ने पूछा, क्या मंत्री दिला पाए तहसीलदार को न्याय?

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सपा के जिला प्रवक्ता आकाश शाक्य ने लगाए भाजपा सांसद पर आरोप
- बोले, सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री पर किए जा रहे बेबुनियादी प्रहार

अमृत विचार। सपा के प्रदेश सचिव व जिला प्रवक्ता आकाश शाक्य ने कहा है कि भाजपा के नेता लगातार जनता के बीच झूठ और भ्रम फैला रहे हैं। भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तमाम बेबुनियादी आरोप लगाए हैं। पीड़ित तहसीलदार को समाज कल्याण मंत्री भी न्याय नहीं दिला पाए।

शुक्रवार को सपा के प्रदेश सचिव ने जारी की विज्ञप्ति में कहा है कि सांसद पाठक खुद को झूठे मुकदमों में फसाने की बात करते रहते हैं जबकि उनका आपराधिक चरित्र सबके सामने है। वर्तमान भाजपा सरकार में उनके सांसद रहते हुए रिपोर्ट दर्ज हुई है। इसके अलावा कोरोना संक्रमण काल के दौरान दलित तहसीलदार अरविंद कुमार को सरकारी आवास में परिवार के सामने घुसकर पीटा था। पिछले साल कृषि मंडी समिति पुलिस चौकी में दरोगा के साथ भी मारपीट की थी। साथ ही पुलिस कस्टडी से आरोपियों को छुड़ा लिया था। प्रदेश सचिव का दावा है कि कन्नौज की जनता सांसद के चरित्र को समझ गई है, इस वजह से वह बौखलाए हुए हैं।

इसी बौखलाहट में अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को फोन करके अपमानित कर रहे हैं। प्रदेश सचिव का कहना है कि कन्नौज सदर विधायक/ समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण से वह पूछना चाहते हैं कि उनकी ही पार्टी के सांसद से मार खाए तहसीलदार को क्या वह न्याय दिला पाए।

11 से 13 मई तक विद्यालयों में बारात का ठहराव नहीं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले में 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने निर्देश दिए कि 11, 12 और 13 मई 2024 को बारात का ठहराव न किया जाये। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी पूरी कर ली जाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में चुनाव तैयारियों के संबंध में बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि पोलिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी प्रयास किये जायें। मई में अधिक गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर छाया की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। घड़े में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए। साथ ही मेडिकल किट उपलब्ध होना चाहिए। संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये कि सभी मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे मतदान केंद्र भवन की अच्छी स्थिति, साफ-

कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बैठक लेते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत शुक्ल, साथ में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह व अन्य। अमृत विचार

- मतदान केंद्रों पर दुरुस्त कर ली जाएं जरूरी व्यवस्थाएं

सफाई, बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, कुर्सी, शेड, महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था कर ली जाए।

सभी बूथों में आने जाने का समुचित रास्ता होना चाहिये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों में जरूरत है वहां विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर बिजली कनेक्शन कराया जाये। सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्वयं जाकर एक-एक बूथ का निरीक्षण करें। जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापन किया जायेगा । बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

एंटीकरप्शन अधिकारी की तैनाती जल्द ही

कन्नौज। निकट भविष्य में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के एक अधिकारी तैनाती प्रत्येक जिले में होगी। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी आदेश आया है। हालांकि फिलहाल इस दिशा में प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी है। माना जा रहा है कि चुनाव के बाद अधिकारी की तैनाती के साथ विधिवत एक कमरे में कार्यालय का संचालन भी होगा।

भ्रष्टाचार की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए उच्चाधिकारियों के स्तर से सभी जिलों में एंटीकरप्शन विभाग के एक अधिकारी की तैनाती का निर्णय लिया गया है। इसके लिए संबंधित को पुलिस कार्यालय या लाइन में विधिवत एक कक्ष भी आवंटित किया जाएगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि किस रैंक के अधिकारी को जिले की जिम्मेदारी दी जाएगी।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि विगत में इस तरह का आदेश उच्चाधिकारी स्तर से प्राप्त हुआ है। इसमें एक अधिकारी के जिले में बैठने की बात कही गई है।

सार-संक्षेप

एंटी लार्वा का छिड़काव कर की गई सफाई

गुरसहायगंज। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में शुक्रवार को सेक्टर प्रभारी ने सफाई कर्मियों के साथ नगर के वार्ड नंबर 05 लक्ष्मीबाई नगर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया। इसमें पालिका कर्मियों की टीम ने वार्ड की प्रत्येग गली में एंटी लारवा का छिड़काव कर नागरिकों को जागरूक किया। कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए घरों के भीतर व बाहर जलभराव न होने दें। नियमित सफाई करें। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता को अपनाएं। मच्छरों की रोकथाम को सुनिश्चित करने हेतु दोतरफा वार किया जा रहा है। मच्छरों के लार्वा को खत्म करने हेतु एंटीलार्वा तथा वयस्क मच्छर को खत्म करने हेतु फांगिंग कराई गई। नालियों की सफाई, हैण्डपम्प मरम्मत का कार्य भी कराया गया। इस दौरान नार्थ जोन सेक्टर प्रभारी गणेश, सफाई कर्मी सोनी, राजेश्वरी, छुन्ना, नरेश, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

महर्षि कश्यप व निषादराज की मनाई जयंती

छिबरामऊ। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के जिला कार्यालय पर महर्षि कश्यप एवं महाराज गुहराज निषाद जयंती मनाई गई। संगठन के पदाधिकारियों ने महर्षि कश्यप व निषादराज के चित्र पर फूल चढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष अनूप कुमार कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप व निषादराज के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज आगे बढ़े। कोई भी समाज अपने महापुरुषों के आदर्शों को मानकर चलता है, तो उसके जीवन में खुशहाली आती है। इस दौरान रामशरन कश्यप, नरेशचंद्र कश्यप, रामरतन कश्यप, दिलीप कुमार कश्यप, रामप्रताप कश्यप, सतीशचंद्र, आशीष, चरन सिंह, सत्यदेव बाथम, विकास कुमार, दीपक कश्यप, चंद्रप्रकाश, गणेश कश्यप, वेदमती आदि मौजूद रहे।

चोरी के माल सहित महिला गिरफ्तार

छिबरामऊ। कोतवाली पुलिस ने एक महिला को चोरी के माल व नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक सूचना पर उपनिरीक्षक अभिनेश कुमार व उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा ने तालग्राम व सौरिख तिराहे के करीब से जनपद मैनपुरी थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम जोत निवासी महिला सिया कुमारी उर्फ श्रीदेवी पत्नी सुदामा उर्फ भरत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। महिला के पास से एक जोड़ी पायल सफेद धातु व 761 रुपया बरामद किए गए।

बहू व रिश्तेदारों ने मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज। ग्राम नौरंगपुर निवासी कर्मुना ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि संडीला बरौनी निवासी सना से उसके पुत्र नसीमुद्दीन की शादी हुई थी। शादी के बाद बहू सना पुत्र से अलग रहने की जिद करने लगी। 22 फरवरी को उसकी बहू के पिता इस्लाम हसीन जहां निवासी बरौनी संडीला व रिश्तेदार इस्लामुद्दीन, अरबीना, हमीद व सन्नो निवासी नौरंगपुर ने घर पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सिपाही लवी खारी की पत्नी नीशू को चेक सौंपते एसपी अमित आनंद।

पुलिसकर्मियों ने सिपाही की पत्नी के पोंछे आंसू

कन्नौज। ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मृत सिपाही लवी खारी के परिवार की मदद के लिए पुलिस कर्मियों ने अपने वेतन से अंशदान देकर पत्नी के आंसू पोछने का काम किया। पुलिस कर्मियों के वेतन से प्राप्त 28,20,114 रुपये का चेक पुलिस अधीक्षक ने पत्नी को प्रदान किया और विभाग द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस कार्यालय में सिपाही लवी खारी की पत्नी नीशू, मां गीता देवी, पिता हरिश्चंद्र को पुलिस कर्मियों के वेतन से प्राप्त अंशदान का चेक प्रदान किया। इस दौरान नीशू की आंखों में आंसू छलक आए तो एसपी ने ढांढस बंधाया और मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि 2019 बैच के सिपाही लवी खारी एसओजी टीम में तैनात थे और 21 नवंबर 2023 को हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई थी। उनके बड़े भाई हैप्पी सिंह भी जिले में ही तैनात हैं। मृत्यु से साल भर पहले ही लवी की शादी हुई थी।

रिटायर्ड फौजी से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम दहिरापुर निवासी रिटायर्ड फौजी योगेंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वह 24 मार्च की रात लगभग 9 .30 बजे होलिका दहन में चल रहे फाग कार्यक्रम को सुनकर अपने मामा की पुत्री की ससुराल जा रहा था। तभी ग्राम भैसियापुर निवासी अनिल यादव, विपिन कुमार, नितिन कुमार व गोविंद सिंह ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। गांव के लोगों ने बीचबचाव कर उसे बचाया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आरआरसी निर्माण में खामियां, तीन सचिवों को अल्टीमेटम

कन्नौज। ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों में सीडीओ ने दो अप्रैल को आरआरसी निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था जिसमें काफी खामियां मिलीं। इसको लेकर ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया है। सात दिनों में सुधार न होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने डुंडवा बुजुर्ग के ग्राम पंचायत सचिव शिवम पाठक, तेराजाकेट के अशोक यादव व तालग्राम देहात के शैलेंद्र कुमार को नोटिस दिया है। इसमें कहा है कि उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया था। तालग्राम देहात में वर्ष 2022-23 में आरआरएसी निर्माण के लिए 480 वर्ग मीटर जमीन को अधिकृत नहीं किया जा सका है। आरआरसी तक पहुंचने के लिए मार्ग का निर्माण नहीं हुआ है। जो कार्य हुए हैं उनकी गुणवत्ता मानक में नहीं है। वर्मी खाद का उत्पादन नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा सोकपिट, नाडेप, वर्मी कंपोस्ट पिट, कचरा वाहन में भी कई कमियां हैं। इसी तरह की कमियां अन्य ग्राम पंचायतों में मिलीं। इस वजह से नोटिस दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, बीडीओ मनोज गुप्ता, डीपीएम अनिल कुमार व एडीओ पंचायत रवि प्रताप सिंह, प्रधान सलीमुद्दीन, प्रधान रामराज, खंड प्रेरक बृजेश कुमार, कंसल्टिंग इंजीनियर सुधीर कुमार मौजूद रहे।

टोल प्लाजा पर मारपीट में हेड कांस्टेबल लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

जानकारी देते एएसपी डॉ. संसार सिंह।

- वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने की कार्रवाई, सीओ सिटी को जांच
- तालग्राम टोल प्लाजा पर नशे में धुत सिपाही ने तीन टीसी को पीटा था

अमृत विचार। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तालग्राम कट पर टोल कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले नशेबाज हेड कांस्टेबल को पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर दिया है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने यह कार्रवाई करते हुए सीओ सिटी को जांच सौंपी है। टोल कर्मियों ने भी आला अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी।

शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने बताया कि रात एक बजे के करीब तालग्राम टोल प्लाजा पर संदिग्ध लोगों की चेकिंग के दौरान तालग्राम थाने में तैनात उपनिरीक्षक दिनेश कुमार व हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव का कर्मचारियों से विवाद हो गया था, जिसमें मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव को तालग्राम थाने से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि उपनिरीक्षक की भूमिका की जांच के लिए सीओ सिटी कमलेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है गुरुवार रात एक बजे नशे में धुत हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव ने टीसी कुमार अमन, सुधीर सिंह व शिवम सिंह चौहान के साथ मारपीट की थी। टोल प्लाजा के प्रबंधक प्रवीण सिंह ने भी यूपीडा के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया था और दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की थी। यूपीडा लखनऊ के अधिकारियों ने एसपी से वार्ता की थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

अमृत विचार की खबर का लिया संज्ञान

तालग्राम टोल प्लाजा पर हुई मारपीट की इस घटना को सबसे पहले अमृत विचार डिजिटल प्लेटफार्म पर चलाया गया था, जिसका लिंक टोल प्रबंधक प्रवीण सिंह ने यूपीडा व पुलिस के आला अधिकारियों को वॉट्सएप व एक्स के माध्यम से भेजा था और साथ में तहरीर को भी संलग्न करते हुए वायरल वीडियो भी पोस्ट किया था। इसी खबर को संज्ञान में लेकर एसपी ने आरोपी हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिसकर्मियों का टोल पर उत्पात, तीन को पीटा

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

बच्चों को खिलाए गए फलों का अब देना होगा हिसाब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने अभिभावकों के स्टेटमेंट व फोटोग्राफ मंगाए

अमृत विचार। जिले के परिषदीय स्कूलों में कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं को मिड-डे मील का लाभ दिया जाता है। उसके तहत सप्ताह में एक दिन फल भी मिलता है। एक साल में कौन-कौन से फल वितरित किए गए, उसका लेखाजोखा मांगा गया है। डीएम के निर्देश पर बीएसए ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के तहत जो फल वितरित किए गए हैं, उनकी फोटो व अभिभावकों के बयान समेत दिए जाएं। बीएसए के पत्र के मुताबिक फल वितरण से लाभान्वित होने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या निर्धारित प्रारूप पर भेजी जाए। प्रति छात्र चार रुपये के हिसाब से फल दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मार्च मार्च 2023 से फरवरी 2024 तक लाभान्वित छात्र संख्या के हिसाब से धनराशि एमडीएम निधि के खातों में डीएम व सीडीओ के अनुमोदन से भेजी जा चुकी है।

पत्र में जिक्र किया गया है कि डीएम ने सभी बीईओ से आख्या मांगने के लिए कहा है कि विद्यालयों में कौन-कौन से फल वितरित किए गए, उसका अभिभावकों से स्टेटमेंट व फोटो लेकर दी जाएं।

माह-ए-रमजान | जिले की सभी मस्जिदों में रोजेदारों ने अता की नमाज, मस्जिदों के बाहर रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

अलविदा जुमा की नमाज में मांगी खुशहाली-सलामती की दुआ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को शहर की सभी मस्जिदों में जुआ अलविदा की नमाज पूरी शिद्दत के साथ अता की गई। रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली सलामती की दुआ की। इस दौरान सभी मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। पुलिस के आला अधिकारी भी लगातार मस्जिदों का भ्रमण करते रहे तो सोशल मीडिया पर भी नजर रही।

शुक्रवार को शहर की सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज अता की गई। जामा मस्जिद में हाफिज मुईन, अहमदी टोला मस्जिद में हाफिज उमर, मस्जिद-ए-तैबा में मौलाना अबू दुजाना, मदीना मस्जिद में मौलाना मुईद अहमद, नूरी मस्जिद पाटा नाला में मौलान जिया उल कमर, टाल वाली मस्जिद काजीटोला में मौलाना मुजीब अहमद, कागजियाना मस्जिद में मौलाना मुसाहिद, नौकास मस्जिद चिरैयागंज में मौलाना अखलाक अहमद, मखदूम जहानियां शेखाना में कारी तहफुर रजा, हाजी शरीफ में मौलाना समाइल रजा ने अलविदा की नमाज अदा कराई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, एसडीएम सदर अविनाश कुमार गौतम, एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सिटी कमलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह समेत सभी चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मी डटे रहे।

शहर की जामा मस्जिद के बाहर टेंट में अलविदा की नमाज पढ़ते रोजेदार।

तरक्की के लिए उठे अकीदतमंदों के हाथ

गुरसहायगंज, कन्नौज। शुक्रवार को नगर के तिराहा स्थित जामा मस्जिद में सैकड़ों की संख्या मे रोजेदारों को शहर काजी हाफिज जुम्मन ने नमाज अदा कराई। इसी प्रकार नगर के तिर्वा रोड स्थित एक मीनारा मस्जिद, मोहल्ला गांधी नगर स्थित नूरी जामा मस्जिद, इस्माइलपुर स्थित जामा मस्जिद, समधन, मझपुर्वा, डुंडवाबुर्जुग स्थित मस्जिदों के पेश इमामों ने हजारों की संख्या में पहुंचे रोजेदारों को अलविदा की नमाज अदा कराई। अलविदा जुमा की नमाज में सपा पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, सपा नेता अरशद जमाल सिद्दीकी, जुनैद सिददीकी, समाजसेवी आसिफ जमाल सिददीकी, शमीम सिददीकी, मुनीर कुरैशी, अनवार खां, हारून सिददीकी, जावेद सिददीकी, आमिर खां ने नमाज अदा कर देश के अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल जेपी शर्मा, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, सहित नगर पालिका व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

पुलिस की सुरक्षा में पढ़ी गई नमाज

छिबरामऊ, कन्नौज। पुलिस व पीएसी बल की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो शिफ्टों में पढ़ी गई नगर के जामा मस्जिद में अलविदा जुम्मे की नमाज के बाद नगर व देश में अमन और शांति की दुआएं की गई। वहीं भारी पुलिस बल की तैनाती के अलावा क्षेत्राधिकारी ओमकारनाथ शर्मा ने नगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सभी को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अलविदा जुमा की नमाज के दौरान नगर की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। वहीं नगर की सबसे बड़ी मस्जिद जामा मस्जिद में लोगों की तादाद ज्यादा होने पर पहली जमात 1 बजे और दूसरी जमात 1:45 बजे पढ़ाई गई। अलविदा जुमे की नमाज मुकम्मल होते ही सैकडों लोगों के हाथ दुआ के लिए उठ गए और मस्जिद के पेश इमामों ने नगर व देश की तरक्की एवं अमन और शांति की दुआ की। बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने भी अलविदा की नमाज में शिरकत की।

सजदे में झुके सिर, मांगी अमन-चैन की दुआ

मस्जिदों में उमड़ी भीड़, चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, डीएम, एसपी ने व्यवस्था का लिया जायजा, शांति से पर्व मनाने की अपील

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। रमजान के आखिरी जुमे पर हुई नमाज में शुक्रवार को बरकत और अमन चैन की दुआएं मांगी गईं। रहमत बरसाने वाले पवित्र रमजान महीने के आखिरी जुमे पर शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा की गई। रोजे रखने वालों ने इबादत की ताकत देने के लिए खुदा का शुक्रिया अदा किया। इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय ईद की तैयारियों में जुट गया ।

नेहरु रोड स्थित जामा मस्जिद में दोपहर 1.30 बजे नमाज का वक्त था। इसको लेकर दोपहर 12.30 बजे से ही नमाजी आने लगे थे। एक बजे तक मस्जिद परिसर पूरी तरह से भर गया। सड़कों पर भी नमाज अता करने के लिए दरी बिछाई गई थी। मस्जिद के हर तरफ सड़क पर फर्श और शामियाने की व्यवस्था की गयी थी। 1.30 बजे जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोअज्जम अली ने खुदबा पढ़ा। उसके बाद पौने दो बजे से नमाज शुरू हुई। मौलाना ने तकरीर पेश करते हुए कहा कि अब मुकद्दस रमजान का मुबारक महीना हमसे एक वर्ष के लिए जा रहा है। जो भी रोज रह गए है उनको रखें और नमाज के साथ इबादत करें और खुदा से गुनाहों से मांगी मांगे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा। काजी साहब मस्जिद में सुबह दस बजते ही नमाजी पहुंचने लगे। शहर काजी मुताहिर अली ने जुमे की नमाज अदा कराई और गंगा-जमुनी तहजीब की सलामती के लिए दुआ की। काजी साहब मस्जिद सुबह दस बजते ही नमाजी पहुंचने लगे। शहर काजी मुताहिर अली ने जुमे की नमाज अदा कराई, और गंगा जमुनी तहजीब की सलामती के लिए दुआ की। इसके साथ ही रेलवे रोड स्थित नूरी मस्जिद, जामुन वाली मस्जिद, किराना बाजार मस्जिद व जिला स्कूल स्थित नूरी मस्जिद समेत शहर की सभी मस्जिदों अलविदा की नमाज हुई।

सुनहरी मस्जिद में शिया समुदाय ने पढ़ी नमाज नई बस्ती स्थित सुनहरी मस्जिद में शिया समुदाय के लोगों का सुबह होते ही पहुंचना शुरू हो गया। पूर्वाहन करीब 11.30 बजे मस्जिद नमाजियों से खचाखच भर गई। सुनहरी मस्जिद में मौलाना मेराज अली जाफरी ने नमाज अदा कराई। नमाज बाद सभी उलेमाओं ने ईद से पहले फिरता निकलने को लेकर लोगों को जागरूक किया। कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार शमसाबाद नगर की लगभग दर्जन भर मस्जिदो में हजारों नमाजियों ने नमाज अदा करके देश में अमन चैन की दुआएं मांगी ।नमाज के उपरांत एक दूजे को मुबारकबाद दी। उधर रमजान महीने के अंतिम जुमे की नमाज को लेकर शमशाबाद नगर गुलजार रहा। कस्बा कायमगंज पहले नवाज शाहिद जामा मस्जिद में हुई। इसके बाद अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई । सुरक्षा की दृष्टि के लिए कोतवाली प्रभारी राम अवतार सिंह ने अपने हमराहियों के साथ चप्पे चप्पे पर नजर रखीं वहीं शमशाबाद नगर के विभिन्न मुहल्लों में स्थित मस्जिद शाही जामा मस्जिद, मोती मस्जिद टीले पुर मस्जिद के अलावा कई मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज अदा की गई।

जामा मस्जिद में नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

पुलिस चौकी में बैठक कर व्यवस्था की जानकारी लेते डीएम ,एसपी। अमृत विचार

मस्जिदों के बाहर रूट मार्च

फर्रुखाबाद। अलविदा की नमाज को लेकर जिले में हाई अलर्ट जारी रहा। डीएम, एसपी ने तिकोना चौकी पर बैठकर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बल तैनात रहा। जिला अधिकारी वीके सिंह ने बताया कि पूरे जिले में 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए थे। और सभी थानों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था ।पीएसी के जवान पुलिस के साथ गश्त कर रहे है। पुलिस हर समय शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए गश्त क़रतीं रही ।डीएम, एसपी ने तिकोना चौकी में बैठकर शांति व्यवस्था का जायाजा लिया। जिलाधिकारी वीके सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से अलविदा की नमाज संपन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद की जनता हमेशा शांति प्रिय रही है। आज भी उन्होंने गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा दिया है। डीएम ने कहा कि सामान्य लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से चौकन्नी है ।पुलिस और अर्ध सैनिक बल के जवान शहर क्षेत्र से लेकर गांव के गलियारों तक गश्तकरके मतदाताओं को सुरक्षा का भरोसा दिला रहे हैं ।उन्होंने कहा कि मतदाता निर्भय होकर मतदान करें। मतदान उनका जन्मसिद्ध अधिकार है ।किसी भी मतदाता के मताधिकार पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है ।डीएम ने कहा कि प्रत्येक त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नव रात्र को लेकर जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस मौके पर पुलिस कप्तान विकास कुमार नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंशल तथा सीओ सिटी प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

तैनात अर्द्ध सैनिक बल व पुलिस का जवान। अमृत विचार

रामनवमी, ईद पर्व पर शहर और गांवों में रखें कड़ी नजर

संवाददाता, अमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। आगामी ईद एवं नवरात्रि के त्यौहार को लेकर थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एक सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता निभाते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायत में नजर बनाए रखें। अगर कहीं कोई उपद्रवी व्यक्ति उपद्रव करता है अथवा उसकी साजिश रच रहा है या सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने का प्रयास करता है तो उसकी जानकारी अमृतपुर थाना पुलिस के सीयूजी नंबर 94 5440 3320 पर दी जाए। जिससे पुलिस उस व्यक्ति तक समय रहते पहुंच सके और कानूनी कार्यवाही कर उसे सबक सिखा सके। इसी क्रम में क्षेत्राअधिकारी रविंद्र नाथ राय ने कहा कि पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी। थाना क्षेत्र में तीन मस्जिदे है। जिसमें रोशन नगला गलारपुर अमृतपुर शामिल है। इन सभी मस्जिदों पर पुलिस तैनात रहेगी और लगातार थाना अध्यक्ष गस्त करेंगे। ग्राम प्रधान कोटेदार अन्य संभ्रांत नागरिक अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान फखरपुर शिवदत्त तिवारी, प्रवीण कुमार मुझहा ,धर्म सिंह नयागांव ,अनिल कुमार भावन पूर्वप्रधान लीलापुर, दिनेश सिंह, रमाकांत, आसमपुर ,रामबरन ,नगला हुसा, अतर सिंह कुडरी सारंगपुर आदि लोग मौजूद रहे।

इफ्तार में मुस्लिम लिबास पहनकर आने का संदेश वायरल

फर्रुखाबाद। रेलवे स्टेशन के करीब स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल में इफ्तार मनाने के लिए मुस्लिम लिबास पहनकर स्कूल पहुंचने की बच्चों को सूचना जारी की गई। इसका ऑडियो वायरल हो गया। (ऑडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता) जिसका अभिभावकों समेत हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने विरोध किया। रेलवे स्टेशन के करीब स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल में रमजान माह के अंतिम शुक्रवार पर इफ्तार पार्टी का आयोजन प्रस्तावित था ।इसके लिए संबंधित शिक्षिका ने विद्यालय के ग्रुप पर एक ऑडियो मैसेज व फोटो डालकर बच्चों को सफेद कुर्ता-पायजामा, टोपी लगाने और छात्राओं को घाघरा-शरारा और हिजाब पहन कर आने की बात कही। हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिले को केरल नहीं बनने देंगे। स्कूल की ओर से जारी संदेश का कुछ अभिभावकों ने भी विरोध किया। मामले की जानकारी होने पर हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा कि जिले को केरल नहीं बनने दिया जाएगा। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। कहा कि स्कूल में इस तरह का कार्यक्रम नहीं करना चाहिए। हिंदू महासभा के लोग विद्यालय के बाहर खड़े होकर निगरानी करेंगे। मामले की जानकारी मिलने पर शहर कोतवाल जेपी शर्मा ने हिंदूवादी नेताओं से बातचीत की। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन से बातचीत कर कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है।

ट्रायल में 7 गेंदबाज, 7 बल्लेबाज चयनित

फर्रुखाबाद। स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में शुक्रवार को अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल का आयोजन हुआ। ट्रायल के दौरान सात गेंदबाज व सात बल्लेबाजों का चयन किया गया। फाइनल ट्रायल शनिवार को होगा, जिसके बाद टीम चुनी जाएगी।

स्टेडियम में आयोजित ट्रायल में 27 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 40 ओवर के मैच में गेंदबाजों और बल्लेबाजों को प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया। कुनाल राजपूत ने बेहतर बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए नाबाद 52 रन बनाए। पीयूष चौहान ने भी 34 रनों की पारी खेली। साहिल खान, अमूल्यकांत दुबे और अभिषेक कुमार ने गेंदबाजी में धार दिखाते हुए बल्लेबाजों को परेशान किया। तीन गेंदबाजों की झोली में दो-दो विकेट गए। खेल प्रदर्शन के आधार पर सात बल्लेबाजों और सात गेंदबाजों का चयन किया गया।

बसपा के पूर्व जिला प्रभारी भाजपा में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कादरीगेट क्षेत्र में ठंडी सड़क स्थित भाजपा सांसद व प्रत्याशी मुकेश राजपूत के आवास पर पहुंचकर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला प्रभारी साऊद खान मुस्लिम समुदाय के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए । भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने मुस्लिम समुदाय के व बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला प्रभारी सऊद खान, मुदासिर खा, अजर खा, अनसार खा, बबलू, अफसार व अन्य लोगों को माला पहनाकर व भाजपा का पटुका पहनकर स्वागत किया। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला प्रभारी सऊद खान ने बताया कि केंद्र सरकार में मोदी की सरकार है। वह अच्छा काम करते हैं। गरीबों का भला कर रहे हैं। जो लोग मुस्लिम समुदाय के लोगों को भड़काते हैं। वह खुद ही गलत है। मोदी उनके सभी पदाधिकारी मुस्लिम समुदाय के लोगों का सम्मान करते हैं। समाजवादी पार्टी में व बहुजन समाज पार्टी में मुस्लिम समुदाय के लोगों का सम्मान नहीं किया गया। इसीलिए हम सभी लोग आज शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में भाजपा सांसद मुकेश राजपूत के आवास पर शामिल हुए हैं।

साऊद खान को माला पहनाकर सम्मानित करते सांसद मुकेश राजपूत।

महिला से छेड़छाड़ शिकायत की गई

कमालगंज। शौच करने जा रही महिला को रास्ते में रोक कर युवकों ने छेड़छाड़ की। चिल्लाने पर वह भाग गए। पीड़िता के पति शिकायत करने पहुंचे तो युवकों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना के संबंध में तहरीर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर दी। कि शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे वह घर से खेत में शौच करने जा रही थी। तभी रास्ते में उमराव नगला निवासी दो युवकों ने उसे रोका और हाथ पकड़ लिया। दोनों उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। वह चिल्लाई तो युवक छोड़ कर भाग गए। उसने घर पहुंच घटना के बारे में पति को बताया तो वह शिकायत करने युवकों के घर जा रहे थे। इस पर रास्ते में ही मारपीट की। थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि मामले की जांच करने के लिए हल्का प्रभारी को निर्देश दिए हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

ट्रांसफार्मर खराब होने से 500 घरों की बिजली गुल

संवाददाता कायमगंज /फर्रुखाबाद

अमृत विचार। रायपुर खास में ट्रांसफार्मर खराब होने से 500 उपभोक्ताओं के घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले तीन दिन से विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। उनका कहना था कि इस समय रमजान का महीना है।

ऐसे में रोजेदारों को भीषण गर्मी की वजह से बहुत ज्यादा दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने व्यवस्था सुधार कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की प्रशासन तथा विद्युत विभाग से मांग की है। बिजली की समस्या वाला यह ग्राम अल्पसंख्यक बाहुल्य है। इसलिए यहां रोजेदारों को दिन रात परेशानी में गुजारने पड़ रहे हैं। लेकिन बढ़ती गर्मी के मौसम में बिजली विभाग को सही तौर पर बिजली आपूर्ति करने में बहुत चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में ही ट्रांसफार्मर फुंकने की मामले ज्यादा होते हैं। इस गांव में पक्का तकिया वाली जगह पर रखा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इससे गांव की करीब 500 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मामले की जानकारी ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दी। जिस पर लाइनमैन पहुंचे। देखा ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। लाइनमैन ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। तीन दिन बीत गए है लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर सही नहीं हो पाया है। ऐसे में रोजेदार परेशान हैं। उनका कहना है जल्द ट्रांसफार्मर सही कराया जाए। रमजान का महीना और भीषण गर्मी, ऐसे में बिना बिजली आपूर्ति के बेहद परेशानी हो रही है ।

सार-संक्षेप

अंकतालिका के साथ छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

अंकतालिका वितरित कर दी गई विदाई

फर्रुखाबाद। राजेपुर ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सिया में परीक्षाफल, पुरस्कार वितरण व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को शिक्षकों ने उपहार दिए। मुख्य अतिथि प्रधान योगेंद्र त्रिवेदी और इंचार्ज प्रधानाध्यापक नीरज कुमार ने बच्चों को परीक्षाफल बांटे। अच्छे अंक प्राप्त करने वाले दिलीप, श्याम तिवारी, मानसी, कीर्ति, अंशिका, युवराज व पूजा को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को प्रधान ने पुरस्कृत किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल अवश्य भेजें। कायाकल्प के अधूरे पड़े कार्यों को प्रधान ने जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन कराने की बात अभिभावकों से कही। इस अवसर पर एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) योगेश दीक्षित, गौरीशंकर व विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं ने निजी स्कूलों के विरोध में डीएम को ज्ञापन सौंपा

फर्रुखाबाद। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कहा कि जनपद के निजी स्कूल संचालक पाठ्य पुस्तक, यूनीफार्म व फीस आदि के नाम पर मनमानी कर रहे हैं। निजी प्रकाशकों की पुस्तकों में मोटा कमीशन होने से स्कूल संचालक वही पुस्तकें लिखते हैं। उन्होंने ऐसे स्कूलों की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। डीएम को भेजे ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि जनपद में सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों के संचालक अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की किताबें लिखते हैं। लिखी गई पुस्तकें बताए गए बुक स्टॉल पर ही मिलती हैं, जिनमें स्कूल संचालकों का मोटा कमीशन होता है। 3500 से लेकर 15 हजार तक की किताबों का सेट होने से इसका बोझ आम आदमी पर पड़ रहा है। कुछ स्कूलों में तो स्कूल से ही किताबें दी जा रही हैं। ऐसे में बच्चों को पढ़ाना आम आदमी के लिए मुश्किल हो गया है। आलम यह है कि आम आदमी बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ा पाने में असक्षम महशूस कर रहा है। उन्होंने मांग की कि ऐसे स्कूलों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही निर्देशित किया जाए कि वह लोग एनसीईआरटी की किताबें ही लिखें। ज्ञापन पर अधिवक्ता राहुल प्रताप सिंह परिहार, गौरव कुमार दुबे, अनुपम, आशीष मिश्र, विजय कुमार शर्मा और दिनेशचंद्र सक्सेना आदि के हस्ताक्षर हैं।

सत्यप्रकाश अग्रवाल को रामदास अग्रवाल जनसेवा सम्मान

कायमंगज। जम्मू कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन में साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर रामदास अग्रवाल जनसेवा सम्मान से कायमगंज के समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल को सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक का आयोजन जम्मू कश्मीर के कटरा में संपन्न हुआ। इसमें नेपाल सहित भारत के 28 प्रदेशों के समिति अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया था। सम्मेलन में सांसद श्याम जाजू, जम्मू कश्मीर के उप मुख्यमंत्री कवीन्द्र गुप्ता, यूपी से रविकांत गर्ग, लखनऊ के विधायक व समिति के प्रदेश अध्यक्ष नीरज वोरा शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में पूरे भारत से साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर रामदास अग्रवाल जन सेवा सम्मान से उत्तर प्रदेश से नगर कायमगंज के समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान वैश्य सम्मान का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सर्वोच्च सम्मान है। सम्मेलन में किसी कारणवश सत्यप्रकाश अग्रवाल भाग नहीं ले सके तो उनकी अनुपस्थिति में यह सम्मान सत्यप्रकाश के लिए उनकी धर्मपत्नी पूर्व चेयर पर्सन डा मिथलेश अग्रवाल ने ग्रहण किया ।

दो वारंटी गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव गढ़ाखेड़ा निवासी भागीलाल 58 पुत्र यादराम और रूपलाल के 59 वर्षीय पुत्र हिंदू पाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।यह वांछित चल रहे थे। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने दोनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का जिला अस्पताल लोहिया में मेडिकल परीक्षण कराया।

महिला की संदिग्ध हालात में मौत

फर्रुखाबाद। थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र महिला की सन्दिग्ध हालात में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव गैसिंग पुर की रहने बाली ममता पत्नी प्रवीण राजपूत को उसकी सास मार्ग श्री देर रात लोहिया अस्पताल लेकर आई ।डाक्टर ने ममता को मृत घोषित कर दिया। ममता की सास मार्ग श्री का कहना है कि उसकी पुत्र बधू छत से गिर कर घायल हो गई थी। लोहिया अस्पताल लाते समय मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया।

कारखाने में लगी आग, माल हुआ राख

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शहर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक छपाई कारखाने में आग लग गई। जिससे लाखो का कपड़ा व छपाई उपकरण जल कर राख हो गए। शहर के मोहल्ला अंगूरीबाग में अप्पन साध के कपड़ा छपाई कारखाने में शुक्रवार सुबह करीब 3 बजे आग लग गईं। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग में लाखों का नुकसान बताया जा रहा हैं। कारखाना मालिक का कहना है कि आग लगने का कारण ज्ञात नही हो सका है। फिलहाल सब कुछ जल कर राख होगया है। क्षति का आंकलन अभी कर पाना मुश्किल है।

सुलगती चिंगारी को बुझाने के लिए पानी डालता व्यक्ति। अमृत विचार

कायमगंज में बेखौफ होकर काटे जा रहे हरे पेड़

कायमगंज। पूरे क्षेत्र में कहीं न कहीं हर रोज लकड़ी माफिया प्रतिबंधित हरे-भरे पेड़ों को काटकर खुलेआम वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बीती रात फिर लकड़ी माफिया ने ऐसा ही कारनामा क्षेत्र के गांव भगौतीपुर के पास किया। गांव भगौतीपुर के पास रात लकड़ी माफिया ने हरे आम के दो फलदार वृक्षों को काटा, जिनमें बौर की मंजरी भी लगी हुई थी। रात के अंधेरे में काट दिए। इस संबंध में लोगों का कहना है कि लकड़ी माफिया वन विभाग तथा पुलिस की मेहरबानी से पेड़ों को काट रहे हैं। बताते चलें कि लकड़ी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि अब उन्हें वन विभाग का किसी प्रकार का डर नहीं है। वन विभाग ठेकेदार पर हल्का जुर्माना कर मामले को दबा देते हैं। बाद में माफिया लकड़ी उठा ले जाते हैं।

खानापूर्ति के कारण बढ़ रहे मच्छर

फर्रुखाबाद। जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते मच्छरों की फ़ौज बढ़ती जा रही है। फॉगिंग के नाम पर नगर पालिका खाना पूर्ति कर रही है। फॉगिंग मशीन तेजी से दौड़ती चली जाती है। जिससे लोगों के घरों तक धुंआ नहीं पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि जगह-जगह जल भराव होने के कारण लार्वा पैदा हो रहे हैं। लार्वा को नष्ट करने का स्वास्थ्य विभाग कोई यत्न नही कर रहा है।

मौसम की मार | पिछले दो-तीन दिन से मंडरा रहे बादल, आम के किसानों की धड़कने बढ़ीं

छाए बादल, बौर में लसी लगने के संकेत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। आसमान में छाए बादल आम की फसल के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। बादल छाए रहने से बौर में लसी लगने के संकेत दिखने लगे हैं। इससे फसल प्रभावित हो सकती हैं। कायमगंज के सबसे बड़े बागवान सौरभ कटियार का कहना है कि इस साल आम के पेड़ों में देर से बौर आया था लेकिन बौर अधिक होने की वजह से बागबानों को उम्मीद जगी थी कि इस बार आम की फसल अच्छी आएगी। लेकिन आसमान में छाए बादलों की वजह से ही बागबानो के दिल की धड़कन बढ़ गई है। उनका कहना है कि आसमान में छाए बादल बौर में लसी दौड़ा सकते हैं ।जिससे फसल कम होने की संभावना हो गई है। पिछले 2 दिन से आसमान के बादल छाए हुए हैं। जिसकी वजह से बौर में लसी दौड़ने की पूरी संभावना हो गई है ।बागबान मन्नू खान का कहना है कि इस वर्ष फलत वर्ष है ।फलत वर्ष एक वर्ष के बाद दूसरी बर्ष आता है ।इस बार आम की पैदावार बहुत बेहतर होने की उम्मीद जताई जाती थी ।यहां सबसे ज्यादा दशहरी आम पैदा किया जाता है। और इस आम को देश भर में निर्यात किया जाता है। उनका कहना है कि बागबान बौर को देखकर ही बाग खरीद लेते हैं ।इस बार बागबानो ने ऊंची कीमत पर बाग खरीदे हैं ,यदि इसी तरह बादल छाए रहे तो बागबानों को भारी घाटा पड़ेगा ।कायमगंज में प्रमुख पैदावार आम की ही है ।यहां का नर्सरी उद्योग प्रदेश भर में विख्यात है। कायमगंज से ही नर्सरी प्रदेश के कई जिलों में जाती है। बुंदेलखंड में कायमगंज के पेड़ ही हरियाली दे रहे हैं ।यदि आम की फसल इस बार कमजोर पड़ गई तो यहां के किसानों को भारी घाटा पड़ेगा। जिसकी भरपाई नहीं कर पाएंगे ।फल एवं शाक भांजी प्रभारी रामनारायण वर्मा का कहना है कि मौसम का मिजाज बदल रहा है ।इससे आम के दौर में लसी आ सकती है। यह लसी बहुत ही घातक होती है ।किसानों को चाहिए कि वह कृषि वैज्ञानिकों से बातचीत करके दवा का छिड़काव करते रहे। जिससे बौर को सुरक्षित रखा जा सके ।

कृषि वैज्ञानिक डॉ जगदीश किशोर बताते हैं की आम की फसल को भिनगाऔर लसी दोनों से बचाने के लिए डायथेंन नामक दवा का छिड़काव करना चाहिए। जिससे बादलों के होने के बाद भी आम के बौर में लसी नहीं दौड़ती है और ना ही भिनगा रोग बौर को क्षति पहुंचा पाता है। उनका कहना है कि मौसम बिगड़ बन रहा है किसी भी समय बारिश भी हो सकती है।

बौर से लदा आम का पेड़। अमृत विचार

खाद्य पदार्थों के नमूनों पर समय से नहीं हुई कार्रवाई

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय कमेटी की त्रिमासिक बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग द्वारा लिए गए नमूनों पर समय से कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। निर्देशित किया इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों को चिन्हित कर स्पष्टीकरण तलब करने की बात कही। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खाद्य विभाग की कार्रवाई की रिपोर्ट में वाद संख्या भी अंकित की जाये। औषधि निरीक्षक रजत कुमार ने जो भी मेडिकल स्टोर व हॉस्पिटल की जांच की है उसकी कोई भी आख्या जिलाधिकारी को प्रस्तुत नहीं की जा रही है, पूछने पर बताया कि ऐसी कोई नियमावली नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उनके प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जानकारी लेने के निर्देश दिए। मिडडे मील के 17 नमूने अधोमानक पाये गये थे। जिसपर बीएसए को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए। खाद्य विभाग को खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थो के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये और कहा कि कार्रवाई दिखनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य विभाग ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन समुचित रूप से नहीं कर रहा है।

शराब गोदाम में चोरी, 7 लाख नकद, बंदूकें ले गए

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र का मामला, चोरी की वारदात से हड़कंप, खुलासे के लिए लगाई गईं चार पुलिस टीमें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंडी के आगे स्थित अंग्रेजी शराब के गोदाम में गुरुवार की रात चोर गोदाम की टीन की छत काटकर गोदाम में घुस गए। चोर गोदाम में रखी सात लाख से अधिक की नकदी के अलावा तीन राइफलें लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी शुक्रवार की सबह हुई तो हड़कंप मच गया। चोरी की जानकारी मिलने पर आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस गोदाम के मैनेजर, कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। एसएसपी ने चोरों का पता लगाने के लिए चार टीमों को लगाया है।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मंडी के आगे पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के पेट्रोल पंप के सामने अंग्रेजी शराब व बीयर का गोदाम है। गुरुवार की रात को चोरों ने गोदाम को निशाना बनाया। चोर गोदाम के ऊपर पड़ी टीन सेट को तोड़कर गोदाम में प्रवेश कर गए।

चोर गोदाम में रखी 7 लाख 30 हजार की नकदी और गोदाम में रखी एक राइफल, एक डबल बैरल और सिंगल बैरल बंदूक लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह नौ बजे हुई जब कर्मचारी गोदाम पर पहुंचे। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी गोदाम मैनेजर मृदुल मिश्रा को दी। मौके पर पहुंचे मैनेजर ने जब अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखें 7 लाख 30 हजार रुपये नकद और सिक्योरिटी गार्ड की तीन राइफलें भी गायब मिलीं। इसकी जानकारी फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की। फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी और सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने जांच पड़ताल की। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। अधिकारियों ने जानकारी की तो पता चला कि चोर छत्त पर रखी टीन को खोलकर गोदाम में उतरे। जब गोदाम के पीछे जाकर देखा तो एक बेलचा और रस्सी पड़ी मिली। जब सीसीटीवी कैमरा को देखा गया तो गोदाम के पीछे लगा कैमरा चोरों ने घुमा दिया था, पुलिस ने तीन घंटे तक हर पहलू की जांच की।

मौके का निरीक्षण करते सीओ सिटी अमित कुमार सिंह। अमृत विचार

डीएम, एसएसपी ने भी किया घटना स्थल का निरीक्षण

अंग्रेजी शराब की गोदाम में चोरी की जानकारी मिलने पर डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस को सुबह घटना की जानकारी मिली थी। पता चला कि शराब के गोदाम में चोरी हो गई है जिस संबंध में लगभग आठ लाख नकदी की बात कही थी। जांच पड़ताल में लगभग साढ़े चार लाख रुपये सामने आया है। सिक्योरिटी गार्ड की तीन राइफलें भी गायब मिली हैं। उन्होंने बताया कि चोरों का पता लगाने के लिए चार टीमों को गठित किया है। हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। सिक्योरिटी गार्ड गोदाम मैनेजर और अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था देखी

मौके पर पहुंचे डीएम अवनीश राय ने भी गोदाम के लाइसेंस चेक किए हैं। गोदाम की सुरक्षा से इंतजामों को देखा। उन्होंने बताया कि यदि गोदाम में किसी कारण वश अगर आग लग जाती तो उससे संबंधित क्या उपाय सही रहेगा इस मामले में उन्होने सीएफओ को जांच कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत

इटावा। चकरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकरनगर के पास अपने ननिहाल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।

बढपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरा रेवाडी गांव निवासी राजू 24 वर्ष पुत्र साहूकार अपनी बाइक से शुक्रवार को अपने चचेरे भाई उम्मेद सिंह के साथ अपने मामा के लडके की शादी में शामिल होने के लिए सहसो थाना क्षेत्र गांव जाजेपुरा जा रहा था। जब उसकी बाइक चकरनगर के पास पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़ा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। उम्मेद बाल बाल बच गया। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन को भगा ले गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल भिजवाया।

सार-संक्षेप

महर्षि कश्यप जयंती मनाते फाउंडेशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

महर्षि कश्यप का किया पूजन

इटावा। महर्षि कश्यप निषाद फाउंडेशन के रामनगर स्थित जिला कार्यालय पर महर्षि कश्यप जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत कश्यप ने सृष्टि रचयिता महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बताया कि यह कार्यक्रम 28 वर्ष पूर्व स्व. ओमप्रकाश बाथम, स्व. राम स्वरूप कश्यप, स्व. रमेश बाथम ने शुरू कराया था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव निषाद पार्टी रमाकांत कश्यप, उमेश चन्द्र कश्यप, ब्रजेश कश्यप, अजय बाथम, अवधेश कश्यप, पुष्पा कश्यप, मीनाक्षी, सरला देवी, सूरज कश्यप उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

पीएम के नेतृत्व में पूरे विश्व में बज रहा हिंदुस्तान का डंका: सांसद

भरथना, इटावा। देश में भाजपा की सरकार होने के कारण जनता परिवारवाद जातिवाद को छोड़कर राष्ट्रवाद की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण सम्पूर्ण विश्व में हिन्दुस्तान का डंका बज रहा है। कस्बा के पुराना भरथना स्थित गोविंद धाम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है। अन्य दलों से मुख मोड़कर आम लोग भाजपा की ओर एकजुट हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि केन्द्र व राज्य की किसी भी योजना में जनता के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। विपक्षी दल पर तंज कसते हुए सांसद कठेरिया ने कहा कि सैंफई परिवार में घर में ही राजनीति हो रही है। बैठक के दौरान क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों, एक दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित आधा दर्जन से अधिक उचित दर विक्रेताओं ने सपा-बसपा आदि राजनैतिक दलों से नाता तोडकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, गोपाल मोहन शर्मा, श्री भगवान पोरवाल, दीपकनाथ चौधरी बद्री, मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह बण्टू गौर, राजेश तिवारी, नीरज यादव, दिवाकान्त शुक्ला, अनिल पोरवाल, हरिओम दुबे, पंकज दुबे, प्रहलाद यादव, शिवेन्द्र कठेरिया, सुमेध अवस्थी, सोनू तिवारी मौजूद रहे।

मेधावी छात्रा को पुरस्कृत करते गोपाल मोहन शर्मा। अमृत विचार

कठिन परिश्रम से ही मिलती है मनचाही सफलता

बकेवर, इटावा। माही पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। प्रबंधक दीपक चौहान ने कहा कि बच्चे ही देश की सच्ची धरोहर हैं। आगे चलकर यही बच्चे देश को तरक्की की ओर ले जा सकेगे। प्रधानाचार्य राजकुमार चौहान एवं उप प्रधानाचार्य सी वी अवस्थी ने बच्चों को लगन और परिश्रम से अध्ययन करने की सलाह दी। गोपाल मोहन शर्मा, ग्राम प्रधान जगनमोहनपुर गजेन्द्र सिंह भदौरिया, ऋषिकेश वर्मा, संस्था के संरक्षक मोहर सिंह कुशवाहा का स्वागत किया।

किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

इटावा। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना द्वितीय ने किशोरी से छेड़छाड़, गाली गलौज व मारपीट करने के तीन साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी युवक को दोषी पाते हुए उसे तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर साढे दस हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि सहसों थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी 22 फरवरी 2021 को सुबह अपने घर से खेत पर शौच क्रिया के लिए गई थी। गांव के एक युवक ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। किशोरी ने जब विरोध किया और शोर मचाया तो उसकी मां जो खेत पर काम कर रही थी। वह मौके पर पहुंची तो युवक गाली गलौज व धमकी देते हुए भाग निकला। घटना के बाद किशोरी अपनी मां के साथ घर आई और पिता को इसकी जानकारी दी। पिता किशोरी को लेकर थाने गया जहां उसने पुलिस को जानकारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के ही सुंदर उर्फ शिवम परिहार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। छानबीन के बाद पुलिस ने सुंदर उर्फ शिवम के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिये। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई।

बाइक सवार के तृतीय तल पर पहुंचने की जांच करेगी टीम

इटावा। जिला अस्पताल में एक युवक तृतीय तल तक बाइक से पहुंच गया था। इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार की रात ढाई घंटे तक सीएमओ ने जहां सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। वहीं सीएमएस ने इस मामले में दो सदस्यीय टीम गठित की है जो दो दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। बुधवार को एक बाइक सवार युवक बाइक लेकर जिला अस्पताल के तृतीय तल पर बने पुरुष वार्ड तक पहुंच गया था। बाइक पर एक दिव्यांग भी बैठा हुआ था जो बैसाखी लिए था। सोशल मीडिया पर जब रैंप पर चढ़ती हुई बाइक का वीडियो वायरल हुआ तो अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। हालांकि सीएमएस के द्वारा दिन में भी सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए थे वही देर शाम शाम सीएमओ डॉ गीताराम भी पहुंचे।

एक नजर

युवक के सिर पर मारी ईंट

बकेवर, इटावा। इटावा रोड पर थाने के निकट एक युवक को ईंट मारकर घायल कर दिया थाना क्षेत्र के अहेरीपुर निवासी आसिफ खान ने बताया कि गांव के ही रिकी तोमर, सोनू, गोविन्द उर्फ थापा के अलावा हर्षित रास्ते में मिले और बिना बजह देखते ही गाली-गलौज करने लगे। आसिफ ने मना किया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान ईट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी गोविन्द उर्फ थापा को गिरफ्तार कर शान्ति भंग में पाबंद कर एसडीएम भरथना के समक्ष पेश किया।

महिला ने जेठ पर लगाया मारपीट का आरोप

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के गांव रामताल निवासी एक महिला ने जेठ पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है। गांव निवासी कांती मिश्रा पत्नी राकेश मिश्रा ने एसएसपी को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके पति खेत पर काम करने के लिए गए थे। वह घर पर अकेली थी तभी उसके जेठ घर में घुसक आए और कहने लगे कि तुम मकान क्यो बनवा रही हो। तो उसने कह दिया कि उसने जगह के तुम्हे दो लाख रुपये दे दिए। इसी बात को लेकर उन्होने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में उसको चोटें आई। इस सम्बंध में महिला ने एसएसपी को कार्रवाई के लिए प्रार्थनापत्र दिया है। उसका जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है।

सफारी दीवार के तोड़े एंगल

इटावा। इटावा सफारी पार्क की बाहरी सुरक्षा दीवार में लगे कटीले तार के सर्पोटिंग एंगल को तोड़ कर चोरी किये जाने का प्रयास किया गया है। अब इसकी निगरानी के लिए खुफिया कैमरे लगाए जाएंगे। सफारी पार्क के डिप्टी डायरेक्टर विनय कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह की घटनाओं की रोकथाम तथा अपराधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया कैमरे लगाये जा रहे है। उन्होने कहा कि भविष्य में अगर कोई भी व्यक्ति इस तरह का अपराध करते हुए या बाद में अपराधी के रूप में पहचान होती है तो उसके विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

छत से गिरकर बालक की मौत

इटावा। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव खरदूली में खेलते समय एक बालक अचानक छत से गिर पड़ा। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव निवासी सोनू का पांच वर्षीय पुत्र वरूण शुक्रवार को छत पर खेल रहा था। खेलते समय अचानक छत से नीचे गिर पड़ा। परिवार के लोग उसे उठाकर जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक के मौत की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। बाद में परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने घर ले गए।

श्रीमद्भागवत कथा 9 से

महेवा, इटावा। ग्राम पंचायत महेवा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण एवं ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन 09 अप्रैल से प्रारंभ होकर 16अप्रैल तक किया जायेगा। भागवत कथा के आयोजक अवकाश प्राप्त सूबेदार शिव शंकर सिंह यादव ने बताया कि गणेश पूजन एवं कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। सरस कथा वाचिका पूनम शास्त्री अमृत रूपी कथा सुनाएंगी। परीक्षित के रूप में मालती यादव एवम शिव शंकर यादव होगे। व्यवस्थापक अरुण यादव एवम अनिल यादव ने भक्त जनों से अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा सुनने का आवाहन किया है।

अलविदा जुमा : कड़ी सुरक्षा के बीच अता हुई नमाज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अलविदा जुमे की नमाज जिले भर में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। हजारों रोजेदार व मुसलमानों ने शहर की विभिन्न मस्जिदों में उत्साह से नमाज करते हुए मुल्क में अमनचैन व आपसी सौहार्द की दुआ की। नमाज को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सार्वजनिक स्थानों व अल्पसंख्यक इलाकों में पुलिस की तैनाती की गई। एसएसपी संजय कुमार वर्मा भी शांति व्यवस्था देखते रहे।

सभी मस्जिदों में हुई नमाज जुटे रोजेदार व नमाजी : शाही मस्जिद नौरंगाबाद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा साहब खां, मस्जिद काली कबरें, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद रामगंज, मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद कचहरी, मस्जिद साबितगंज, मस्जिद मोहल्ला अड़ाड़ स्टेशन रोड, सहित अनेक मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज हुई। नमाज के बाद रोजेदारों सहित हजारों नमाजियों ने मुल्क में अमनचैन की दुआ की।

- अलर्ट रहा प्रशासन, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी करते रहे निगरानी

अलविदा जुमा के मौके पर नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

मस्जिदों में तकरीरें

जसवंतनगर, इटावा। नगर क्षेत्र की मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व शांति के बीच सम्पन्न हुयीं। शुक्रवार को मस्जिदों में तकरीर और अलविदाई खुतबा भी हुआ। अलविदा नमाज अदा कराने के लिए सराय खाम जामा मस्जिद, गोले वाली मस्जिद, लुधपुरा आदि मस्जिद में विशेष इंतजाम किए गए थे। लुधपुरा मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद सईद आलम अशरफी करहलवी ने कहा कि रमजान के आखिरी जुमा को अलविदा या जुमातुल विदा भी कहते हैं। वैसे तो इस माह के हर दिन की अहमियत है, मगर अलविदा जुमा का महत्व सबसे अधिक माना गया है। शुक्रवार को लुधपुरा मस्जिद में दोपहर एक बजे से अलविदा जुमा की नमाज हुयीं। नमाज के लिए मस्जिद की छत पर भी प्रबंध किए गए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया है कि नगर क्षेत्र की प्रत्येक मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के तहत 4 दरोगा व 12 सिपाहियों तैनाती रहीं वह स्वयं भी आलाधिकारियों के साथ गस्त पर रहे।

रोजेदारों ने की दुआ

बकेवर, इटावा। लखना बकेवर अहेरीपुर नगर के मस्जिदों में अल्ला की इबादत के लिए रोजेदारों ने सिर झुकाया। रोजेदारों ने मुल्क की बेहतरी और अमन चैन के लिए दुआ मांगी। बकेवर में मौलाना फारुख रजा, मौलाना हाफिज चिश्ती लखना में मौलाना अब्दुल कयूम ने नवाज अता कराई। इस दौरान औरैया रोड स्थित नूरी मस्जिद, जामा मस्जिद पर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा, एसएस आई हेमन्त सोलंकी, कस्बा इंचार्ज आर पी चौधरी, कुलदीप कुमार, अवधेश शर्मा, विशाल सिंह, रहीस खान तैनाती रहे।

झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जल गए चार मवेशी

ताखा, इटावा। झोपड़ी में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग से करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मामला ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेखपुर पचार के मजरा नगला पंछी का है। ग्राम निवासी राजेंद्र सिंह की झोपड़ी में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अचानक आग लग गई। तेज लपटें उठने पर ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया और आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। लपटें देख गांव में चीखपुकार मच गई। लोग आग बुझाने के लिए दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक झोपड़ी में रखे गृहस्थी का सारा सामान व बंधे चार मवेशी जिंदा जल गये। घटना के समय पीडित परिवार अपने खेतों में काम कर रहा था चीखपुकार की आवाज सुन कर गांव आये तो उनकी झोपड़ी व जानवर जल चुके थे। तहसीलदार ताखा मोहम्मद असलम ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। लेखपाल से नुकसान का आकलन करवाकर पीड़ित परिवार को राहत की मांग की।

खरपतवार जलाते समय लगी आग, फसल जली

भरथना, इटावा। सिंचाई के नाला पर खड़े खरपतवार को जलाने पर चिंगारी ने उग्र रूप धारण कर लिया। जिसकी चपेट में आकर आधा दर्जन किसानों की गेहूं की फसल धू-धूकर जल उठी। आग से ग्राम मल्हौसी निवासी किशोरी देवी पत्नी स्व चेतराम चक के साझीदार कृषक अनिल चक, सुनील जोशी के अलावा विमलेश चक और राम सिंह, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, जगदीश सहित कई अन्य किसानों के खेत में गेहूं की पकी खड़ी फसल धू-धूकर जलने लगी। गेहूं की खड़ी फसल में आग की लपटों को देख किसानों में बुरी तरह हाहाकार मच गया। फायर बिग्रेड के पहुंचने से पहले किसानों ने खेतों पर दौड़कर निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया। स्थानीय तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मल्हौसी में अज्ञात व्यक्ति ने सिंचाई के नाला में खड़े खरपतवार को आग लगाकर नष्ट करने का प्रयास किया था। इसी बीच घास फूस की चिंगारी ने फसल को अपनी चपेट में ले लिया। भीषण गर्मी के चलते चिंगारी भयंकर आग के रूप में तब्दील हो गई।

बैतुल मुकद्दस की आजादी के लिए शिया समाज ने किया प्रदर्शन

इटावा। ईरान के लीडर आयतुल्ला ख़ुमैनी व आयतुल्ला खामनेई के आह्वान पर इंटरनेशनल कुद्स दिवस के अवसर पर घटिया अज़मत अली स्थित मस्जिद पंजतनी में जुमे की नमाज के बाद मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व में क़ुद्स दिवस मनाकर इजराइल के खिलाफ नारेबाजी की गई।

मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व में क़ुद्स दिवस पर बच्चे हाथों में नारे लिखे बैनर व तख्तियां लिए हुए थे। मौलाना जैदी ने कहा इजराइली आतंकवाद के खिलाफ और पहले किबले बैतुल मुकद्दस की हिफाजत के लिए क़ुद्स दिवस प्रत्येक वर्ष रमजान में मनाया जाता है। विरोध करने वालों में हाजी कमर अब्बास, हाजी अरशद मरगूब, राहत अकील, शावेज़ नकवी, मो. अब्बास, राहत हुसैन रिजवी, तनवीर हसन, इबाद रिजवी, सलीम रजा, मौलवी ताबिश रिजवी, तहसीन रजा, शब्बर अकील, समर, मो. मियां, अख्तर अब्बास, राहिल, जीशान हैदर, शौजब रिजवी, अलीज़ैन आदि मौजूद थे।

मतदाता जागरुकता अभियान में भाग लेते छात्र-छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

मतदाता जागरुकता के लिए छात्रों ने बनाए पोस्टर, मतदान की ली शपथ

इटावा। केके कालेज इटावा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। मतदाता जागरुकता के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए प्राचार्य डा महेंद्र सिंह ने लोकतंत्र में अमूल्य मत की प्रासंगिकता एवं उसके महत्व पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिभागियों ने पोस्टरों के माध्यम से बहुत ही आकर्षक एवं तथ्यपरक पोस्टर बनाकर मतदाता जागरूकता का सराहनीय प्रयास किया। मतदान शपथ ली और रैली के रूप में भ्रमण करते हुए मतदाता जागरूकता हेतु आकर्षक नारे लगाए। भाषण प्रतियोगिता में प्रतीक दुबे ने प्रथम, प्रांजल राजपूत ने द्वितीय एवं अंशुल यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में अंजली यादव तथा दीपाली ने संयुक्त रूप से प्रथम, शिप्रा एवं रिया ने द्वितीय तथा अंजली सिंह एवं कंचन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पीत पट्टिका से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में डा ओम कुमारी, डा उदयवीर सिंह, डा एस एस सेंगर, डा सुरभि सिंह एवं डा सनोज कुमार रहे। संचालन डा पदमा त्रिपाठी ने किया। भाषण एवं पोस्टर प्रभारी डा अनिल त्रिपाठी एवं अनुपम मिश्र थे। संयोजक एवं मुख्य अनुशासक डॉ. एस एस यादव ने सभी का आभार जताया। डॉ. सुशील कुमार, डॉ. मिथिलेश आदि मौजूद थे।

कामयाबी | पहली बार जबड़े के कैंसर से पीड़ित मरीज का हुआ सफल ऑपरेशन

सैफई में हुई जबड़े की प्लास्टिक सर्जरी

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। यूपीयूएमएस सैंफई में पहली बार लंबे समय से जबड़े के कैंसर से पीड़ित 45 वर्षीय प्रमोद की जटिल सर्जरी कर उनके जबड़े का प्लास्टिक सर्जरी से पुनर्निर्माण किया गया। इस तरह की जटिल सर्जरी पहली बार की गई। कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह के निर्देशन में पटना एम्स के दो डॉक्टर और यूपीयूएमएस सैंफई के डॉक्टरों ने मिलकर सर्जरी की।

जटिल सर्जरी के लिए पटना एम्स की डॉ बीना कुमारी और डॉ अंसार उल हक की सहभागिता के साथ यूपीयूएमएस सैंफई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अतुल सक्सेना, दंत चिकित्सा संकाय से डॉ गौरव जैन, ऐनिस्थिया विभाग के डॉ मनोज यादव, डॉ अतीत, डॉ पूर्वा, विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम तैयार की गई और फरवरी माह (2024) में मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया।

- जटिल सर्जरी के लिए कुलपति ने पटना एम्स से बुलाए दो विशेषज्ञ चिकित्सक
- 12 वर्षीय हर्ष की वेदना ने कुलपति को भी किया प्रभावित निःशुल्क ऑपरेशन किया

मरीज की प्लास्टिक सर्जरी करने वाले चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

बच्चे से प्रभावित हुए कुलपति

कक्षा सात में पढ़ने वाला 12 वर्षीय हर्ष लगभग पिछले पांच माह से अपने पिता का इलाज यूपीयूएमएस सैफई में करवा रहा है। जब वह पहली बार कुलपति से मिला और उसने अपनी सारी वेदना कही। चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने बताया कि इस जटिल सर्जरी के लिए कुछ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की जरूरत थी इसीलिए कुलपति के सार्थक प्रयास से पटना एम्स के दो डॉक्टरों को बुलाया गया, जिससे हमारी टीम सफल सर्जरी कर पाई वर्तमान में प्रमोद सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। डॉ सिंह ने बताया कि कैंसर पीड़ित प्रमोद का सारा इलाज व सर्जरी विश्वविद्यालय की ओर से निशुल्क हुआ है और प्रमोद को निरंतर सहयोग प्रदान मिला।

युवजन सभा की कार्यसमिति घोषित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव ने शुक्रवार को युवजन सभा की जिला कार्य समिति घोषित की। कार्य समिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश यादव, शिवराज राजपूत, प्रवीण, अवनीश शर्मा, अतुल मिश्रा, आधार यादव, मयंक भदोरिया, निर्मल यादव, अंशुल किशन, नागेंद्र यादव को उपाध्यक्ष, राहुल भदौरिया को महासचिव, संदीप सिंह दिवाकर को कोषाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता डॉ. सूर्यभान कठेरिया, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र यादव, रितिक यादव, एडवोकेट विकास शाक्य, राहुल यादव, ऋषभ वर्मा, सिंटू यादव, अभिजीत यादव, वीटू यादव, अंकित दिवाकर, प्रिंस यादव, यासीन अली, श्याम चौधरी, मोहम्मद शाहिद, प्रदीप यादव, अंशुल दोहरे, पंकज, डॉक्टर शिवम यादव, सौरभ सोनी, सुनील सुनील जाटव, गोलू यादव, अमित मिश्रा, मंजीत यादव, वीरेंद्र पटेल, रजत चौधरी, विकास कुशवाहा, शीतल शर्मा को जिला सचिव नियुक्त किया गया। देवेंद्र सविता क्षेत्र पंचायत सदस्य बढ़पुरा को ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुरा, ब्लॉक अध्यक्ष जसवंतनगर सचिन राजपूत, शिव कुमार यादव को ब्लॉक अध्यक्ष ताखा, बसरेहर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव, महेवा ब्लाक अध्यक्ष प्रिंस यादव, भरथना ब्लॉक अध्यक्ष बिट्टू यादव, चकरनगर ब्लॉक अध्यक्ष अनुज यादव, मनोनीत किए। जोएव मंसूरी को नगर अध्यक्ष इटावा, नगर अध्यक्ष जसवंतनगर अनस वारसी, नगर अध्यक्ष लखना जंग बहादुर सविता आदि को मनोनीत किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है ,राजा के रक्षक उसके मंत्री ,पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण (ज्ञानी पुरुष) होते हैं।

संपादकीय

मदरसा शिक्षा

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले को मदरसा बोर्ड के लिए एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा सकता है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद काफी विवाद हुआ था और इस मामले में उच्चतम न्यायालय का रुख किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। यूपी मदरसा बोर्ड की तरफ से अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज कई गुरुकुल भी प्रसिद्ध हैं, वे अच्छा काम कर रहे हैं तो क्या हमें उन्हें बंद कर देना चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्देश प्रथम दृष्टया उचित नहीं था। उच्च न्यायालय ने 2004 अधिनियम के प्रावधानों की गलत व्याख्या की है, क्योंकि यह धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं करता है और कानून का उद्देश्य और चरित्र नियामक प्रकृति का है। हाईकोर्ट के फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मदरसों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है।

गौरतलब है कि शिक्षा की पश्चिमी शैली के वैकल्पिक मार्ग के रूप में धार्मिक मदरसों ने इस्लामी समाज की शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस्लाम के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बचाव पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि मदरसे की यह व्यवस्था 120 साल से चली आ रही है, ऐसे में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। यह निर्णय छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा,क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि धर्म का उलझाव अपने आप में संदिग्ध मुद्दा है, जिस पर विचार-विमर्श की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही कहा कि यदि इस निर्णय का उद्देश्य मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाना था तो कानून को असंवैधानिक न घोषित करके कुछ दिशानिर्देश भी जारी किए जा सकते थे। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उत्तर प्रदेश के 25 हजार मदरसों के 17 लाख छात्रों को बड़ी राहत मिली है।

कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी हैं एक साथ चुनाव कराने में

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा,इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है।

आम चुनाव-2024 की अधिसूचना जारी होने से ठीक दो दिन पहले 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। समिति की अनुशंसाओं में देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनाव (संभवतः 2029 में होने वाले अगले आम चुनाव) के साथ ही कराने की बात सर्वोपरि है। स्थानीय निकायों,ग्राम पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव पहली बार इस साझा चुनाव के 100 दिन के अंदर करा लेने और बाद में तीनों स्तरों के चुनाव एक साथ ही कराते रहने की अनुशंसा भी इसमें की गई है।

जाहिर है इसके लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटाना होगा और कुछ का बढ़ाना होगा जिसके लिए बड़े पापड़ बेलने होंगे। उच्च स्तरीय समिति ने इसके लिए संविधान बदलने का सुझाव दिया है। उसकी सभी अनुशंसाओं को अमल में उतारने के लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन करने होंगे और इतने बड़े पैमाने की चुनावी कसरत से जुड़ी तकनीकी जरूरतें पूरी करने के लिए आठ हजार करोड़ रुपये भी खर्च करने होंगे,लेकिन समिति का कहना है कि देश की राजनीतिक स्थिरता के लिए सरकारों में दूरदृष्टि पैदा करने के लिए और लगातार कहीं न कहीं होते रहने वाले चुनावों के भारी खर्चे से देश को बचाने के लिए यह सब जरूरी है।

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा,इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है। उसका कहना है कि अगले चुनाव में जाना पड़ ही गया तो जाएंगे, लेकिन वह सदन अपने पूरे कार्यकाल के लिए नहीं,बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुना जाएगा। यानी चौथे साल में लोकसभा भंग हो गई तो चुनाव की कसरत सिर्फ लोकसभा के लिए ही संपन्न की जाएगी,लेकिन नए सिरे से चुनी गई लोकसभा एक साल ही काम करके भंग हो जाएगी और उसे 'एक देश, एक चुनाव' के तहत जल्द ही दोबारा चुनकर आना होगा। सरकार की कोशिश इस उच्च स्तरीय समिति को पार्टी एजेंडा से ऊपर उठाकर प्रस्तुत

करने की रही है। इसीलिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में कुल आठ सदस्यों की समिति गठित की गई तो लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी इसमें शामिल किया गया था,लेकिन चौधरी ने कुछ ही समय बाद यह कहते हुए इससे अपना नाम वापस ले लिया था कि समिति के लिए जो कार्यभार निर्धारित किया गया है,उसके सारे निष्कर्ष पहले से ही तय हैं,विचार-विमर्श की उसमें कोई गुंजाइश ही नहीं है। नतीजा यह रहा कि व्यवहार में उच्च स्तरीय समिति का स्वरूप पूरी तरह सरकारी हो गया और इसे बीजेपी की ही एक और पहल की तरह देखा जा रहा है।

अध्यक्ष रामनाथ कोविंद के अलावा समिति में शामिल बाकी नाम थे-गृहमंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, हाल तक वित्त आयोग के प्रमुख रहे एन. के. सिंह, फिलहाल अलग पार्टी चला रहे बीजेपी के करीबी और लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पूर्व सूचना आयुक्त संजय कोठारी, पूर्व संसदीय सचिव सुभाष सी. कश्यप और सत्तापक्ष से जुड़े हाई प्रोफाइल मुकदमे लड़ने वाले वकील हरीश साल्वे। थोड़ा पहले जाकर देखें तो 'एक देश एक चुनाव' का मुद्दा बीजेपी की जन्मकुंडली में पड़े तीनों मुद्दों- संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह पर ही राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण के ठीक बाद आता रहा है। इसकी गिनती एक देश,एक निशान,एक विधान,एक प्रधान, एक इम्तहान,एक संस्कृति,एक बाजार,एक टैक्स, एक वगैरह की श्रेणी में होती रही है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की बात कही थी और 2016 में इस पर गठित विधि आयोग ने 2018 में अपनी अनुशंसाएं भी जमा कर दी थीं, लेकिन व्यापकता के ख्याल से इसे यहां तक लाया गया।

व्यापकता का हाल अभी कुल मिलाकर यह है कि उच्च स्तरीय समिति ने 47 पार्टियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने की जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है जिसमें 32 ने 'एक देश एक चुनाव' के पक्ष में और 15 ने इसके विरोध में अपनी राय दी है,लेकिन पार्टियों के नाम पर गौर करें तो ऐसा एक भी दल नहीं दिखता,जो राजनीतिक रूप से बीजेपी का विरोधी हो मगर उसकी राय इस मुद्दे पर सरकारी प्रस्ताव के साथ हो,जो पार्टियां अपनी किसी न किसी मजबूरी में बीजेपी के साथ हैं,वे इस मुद्दे पर भी उसके साथ हैं। बाकी का मानना है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय चुनाव पूरे देश में एक साथ कराना न सिर्फ क्षेत्रीय दलों और आकांक्षाओं के लिए हानिकर होगा,उन्हें अप्रासंगिक बना देगा,बल्कि भारत के विराट सांस्कृतिक वैविध्य पर भी यह एक दिन पाटा फेर देगा। इसके जवाब में सरकारी पक्ष का कहना है कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर बेकार का वितंडा खड़ा कर रहे हैं,क्योंकि 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था तो 1967 तक भारत में चल ही रही थी। सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव उस समय तक लोकसभा चुनाव के साथ ही होते थे और पंचायती राज वाली मौजूदा व्यवस्था तब तक बनी ही नहीं थी। वह तो 1967 में कई राज्यों में मिली-जुली कांग्रेस विरोधी सरकारें बनीं,जो जल्द ही कांग्रेस की कोशिशों के चलते ही गिर गईं और हर राज्य में अलग-अलग समयों पर विधानसभा चुनाव कराए जाने की परंपरा चल पड़ी।

जो भी हो, हकीकत फिलहाल यही है कि बीजेपी के अलावा देश में कोई भी पार्टी ऐसी नहीं है जिसके पास एक साथ होने वाला देशव्यापी त्रि-स्तरीय चुनाव लड़ने लायक संसाधन और कार्यकर्ता मौजूद हों और बीजेपी ने भी यह ढांचा अपने दम पर नहीं खड़ा किया है। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने सौ साल की लगातार कोशिशों से गांव-गांव, गली-गली में कार्यकर्ताओं का ढांचा तैयार किया है। बाकी पार्टियों का जमीनी ढांचा चुनाव के समय ही नजर आता है,वह भी तब जब वे सरकार में हों या सरकार बनाने की नजदीकी होड़ में शामिल हों। इस व्यावहारिक समस्या को और इससे जुड़े एकदलीय-एक सांस्कृतिक शिकंजे के खतरे को एक तरफ रख दें तो सारे चुनाव एक साथ कराने की बात में कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी जुड़ी हैं। आकार के मामले में दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की कुछ बराबरी अमेरिका के साथ ही खोजी जा सकती है,जहां हर दो साल पर बड़ी चुनावी हलचलें देखने को मिलती हैं। राष्ट्रपति चुनाव चार साल पर होते हैं,लेकिन जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यकाल आधे पर पहुंचता है,बहुत बड़े पैमाने पर गवर्नरों और सीनेटरों के चुनाव होते हैं। इन चुनावों में ऐसा अक्सर होता है कि राष्ट्रपति की पार्टी संसद के दो में से एक सदन में या कभी-कभी दोनों में ही अल्पमत में आ जाती है। चलताऊ जुबान में लोग इसे राष्ट्रपति का कुड़क मुर्गी वाली स्थिति में पहुंच जाना कहते हैं,लेकिन इसे अपने सिस्टम की शक्ति मानते हैं।

अमेरिका से तुलना करके देखें तो भारत में राजनीतिक व्यवस्था की समस्या कुछ और है, जिस पर हमारे यहां कोई बात ही नहीं होती। यह समस्या है पार्टियों में स्थानीय जनतंत्र की संपूर्ण अनुपस्थिति। अमेरिका में दोनों प्रमुख पार्टियों की टोला-मोहल्ला स्तर की समितियां हैं और पूरे धूमधाम से उनके चुनाव होते हैं। जितनी चर्चा वहां राष्ट्रपति चुनाव की होती है,उतनी ही दोनों पार्टियों की, खासकर चुनौती देने वाली पार्टी के उम्मीदवार के चुनाव की भी होती है।

कैसी विडंबना है कि दुनिया की और ब्रह्मांड की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाले भारतीय दलों में ऐसे भीतरी चुनावों की कोई परंपरा ही नहीं है। पार्टी का पूरा ढांचा ऊपर से या कहीं बाहर से मनोनीत किया गया होता है। ऐसे में लोकतंत्र के सारे हल्ले के बावजूद भारत की राजनीतिक व्यवस्था किसी न किसी की मनमानी पर ही टिकी है। जड़ में घुन जैसी इस बीमारी का इलाज क्या 'एक देश, एक चुनाव' जैसे किसी ऊपरी नुस्खे से हो जाएगा?

प्रसंगवश

फुरसत एक हसरतें अनेक

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद,जिस सकारात्मकता का समावेश करता है,उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं।

बड़े फुरसत से आए हो,फुरसत मिली तो सोचा मिलता चलूं,फुरसत ही कहां मिली,मरने की भी फुरसत नहीं,फुरसत ही नहीं मिलती,बड़े दिनों के बाद फुरसत के ये पल नसीब हुए हैं,कितनी मुश्किल से आज फुरसत का यह पल निकाला है। जैसे जुमलों के बीच फुरसत शब्द अपने आप में बड़ा ही सुकूनदायक है,रोमांचकारी है। भागती- दौड़ती जिंदगी की पटकथा में लगने वाला अल्पविराम है यह। एक फुरसत है और इसको खर्च करने के अनेक विकल्प। फुरसत की जल्द ढल जाने वाली शाम कई रास्तों की ओर फिसल, फिसल जाना चाहती है।

रीता रानी
जमशेदपुर, झारखंड

फुरसत मिली तो यह कर डाला,फुरसत मिली तो आज लॉन्ग ड्राइव पर निकल गए,फुरसत मिली तो आज यह चित्र पूर्ण उकेरन को पा गया,फुरसत मिली तो आज यह सिनेमा देख ली,फुरसत मिली तो आज इस पुस्तक को पढ़ डाला,फुरसत निकाल कर हम उनसे मिलने गए। मतलब एक फुरसत और अनेक हसरतें। यह फुरसत आपको जाड़े की गुनगुनी धूप में बैठने का आनंद देता है तो मदमाती चांदनी में नहाने का भी। उत्तम स्वास्थ्य हेतु श्रम और विश्राम का सधा हुआ संतुलन फुरसत लेकर आता है। आप इन पलों में वे करते हैं,जो आप सच में करना चाहते हैं,जिसे कर आपको जीवन जीने का सबसे सुखद अनुभव होता है।

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद,जिस सकारात्मकता का समावेश करता है,उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं। एक फुरसत आपको संगीत ,कैनवास, बागवानी,सैर -सपाटा, चलचित्र की ओर खींचे लिए बढ़ जाता है। एक फुरसत और अनेक रचनात्मकता के द्वार। लगातार काम के बाद ये केवल आराम के पल नहीं होते,बल्कि वे पल होते हैं जिनमें आप अपने सपनों के साथ जीते हैं। क्षमता फिर से उर्जान्वित होती है और जिंदगी उदास,नीरस व बोझिल होने से बच जाती है।

ताकि लोकतंत्र रहे बेदाग

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है-जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से पांच प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। नौ सांसद ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हैं। जबकि 28 ऐसे हैं जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं, वहीं तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं,जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है, किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है।

यहां पर विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि अपराध में संलिप्त लोगों को लोकतंत्र की कमान कैसे मिल जाती है? कोई भी राजनीतिक पार्टी अपने एजेंडे के पहले बिंदु के रूप में इस संकल्प को क्यों नहीं शामिल करती कि वह जुर्म की दुनिया से जुड़े किसी भी शख्स को पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं प्रदान करेगी। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है? जनप्रतिनिधि के चयन की कसौटियां शायद आज बदल चुकी हैं। यही वजह है कि आपराधिक गतिविधियों से जुड़े हुए व्यक्ति भी लोकतंत्र के मसीहा बनने का सौभाग्य बड़ी आसानी से प्राप्त कर ले रहे हैं।

जनता जनार्दन भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय उन लक्ष्यों एवं एजेंडों को ध्यान में नहीं रखती जोकि समग्र विकास एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं,लिहाजा जुर्म से जुड़े हुए लोग बड़ी आसानी से लोकतंत्र के महल की राह खोज लेते हैं। जहां लोकसभा एवं विधानसभा में एक प्रत्याशी के लिए खर्च की अधिकतम सीमा क्रमशः 95 लाख एवं 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है,वहीं दूसरी तरफ वास्तविकता तो कुछ और ही रहती है। प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा पैसा खर्च किया जाता है। जनता का कुछ प्रतिशत ऐसा भी है जिसको धन के माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जाता है और यह वर्ग भी लालच अथवा अपनी मजबूरी के वशीभूत होकर अपना मत बेचने पर सहमत हो जाता है।

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता। जब तक अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इन चुनौतियों से निपटने का उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

सोशल फोरम

सबसे बड़ा रोड़ा

दुआ और प्रार्थना में भले ही आपसी झगड़े हों,लेकिन गति दोनों की एक सी ही है। लाखों फलस्तीनियों का जो हाल है वो बद से बदतरीन होता जा रहा है। किस इस्लामिक मुल्क के मुस्लिम इनके लिए दुआ नहीं मांगते होंगे। इस ईद पर सारे इस्लामी मुल्क उनके लिए फिर एक बार दुआ करेंगे, लेकिन कोई दुआ असर करती नजर नहीं आती। अब या तो दुआ मांगने वालों में ही कोई खोट है या ये एक गलतफहमी है कि दुआ से कुछ होता है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

यही हाल प्रार्थनाओं का हैं। करोड़ों लोग रोज प्रार्थना करते हैं। खैर किसी की प्रार्थना/दुआ के बारे में बहुत दावा नहीं कर सकता,लेकिन मेरी एक प्रार्थना आज तक पूरी नहीं हुई और अगर कहीं ये पूरी हो जाए तो देश की आधी समस्याएं छू मंतर हो जाएंगी। अपनी इस प्रार्थना के पीछे की कहानी कहना भी थोड़ा जरूरी है। वरना आप समझ नहीं पाएंगे। हुआ यूं कि एक नए शहर में मेरी बदली हुई। शहर में मुझे कुछ पाइप खरीदने थे तो दुकानदार ने कहा कि चलिए अपने गोदाम से दे देता हूं। उसका गोदाम भी सरकारी जगह घेर कर बनाए धर्म स्थल के अंदर ही था। धार्मिक स्थलों के नाम पर जगह घेर उनका व्यवसायिक उपयोग बहुत सामान्य बात है। किसी भक्त को इससे कोई कष्ट नहीं होता। हमारे शहर में टाटा कंपनी ने लोगों के सार्वजनिक उपयोग के लिए बहुत सी खाली जगह छोड़ रखी थी, लेकिन धंधेबाजों ने हर जगह धर्म स्थल खड़े कर दिए। एक ही लाइन से पास-पास तीन चार धर्म स्थल देख अफसोस होता है।

कायदे से हम उतने धार्मिक नहीं जितना होने का दिखावा करते हैं और जितने धर्म स्थल बना डालते हैं। इस सार्वजनिक पैसे से इन खुली जगहों पर जनता के हित में अनेक काम किए जा सकते हैं,लेकिन धंधेबाजों को इससे क्या मतलब और शायद भक्तों को भी इससे कोई तकलीफ नहीं। चलते रास्तों को अवरुद्ध कर जिस तरह धर्म स्थल इस देश में बनाए गए हैं। ऐसे धर्म स्थलों के सामने से मैं जब भी गुजरता हूं तो एक बार वहां के ऊपर वाले से अपने भक्तों को ज्ञान देने की प्रार्थना/दुआ जरूर करता हूं। अब ब्राह्मण तो मैं हूं नहीं वरना श्राप (बदुआ) जरूर दे देता। वैसे इस कलियुग में दुआ, प्रार्थना और श्राप की एक ही गति है। ये सब मानसिक स्खलन से ज्यादा कुछ भी नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

लोकप्रिय संस्कृति और लोक संस्कृति

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया है।

लोक साहित्य अथवा लोक संस्कृति सामान्यजन की रचना होती है,समष्टिजन की रचना होती है,उसकी एक निरंतर परंपरा होती है तथा उसकी चेतना सर्वमंगल से परिपूर्ण होती है,सब के भले में भला। लोक गीत,लोक कहानी, गाथा और पुराण पूरे समाज की थाती होती है तथा समाज उनके द्वारा मनुष्य के प्रति तथा मनुष्य की प्रकृति के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार को नियमित निर्धारित करता है।

लोक कथा प्रक्रिया या समष्टि प्रक्रिया में संपूर्ण समाज या संपूर्ण लोक जीवन की भागीदारी होती है। लोक साहित्य की चेतना सर्वजन चेतना है। इसके विपरीत लोकप्रिय संस्कृति की रचना व्यावसायिक कलाकारों द्वारा होती है। हालांकि वे अपनी वस्तु,विचार और अभिव्यक्ति शिल्प लोक संस्कृति से ही प्राप्त करते हैं और उनके द्वारा लोगों को आकर्षित भी करते हैं। अधिक श्रोता और दर्शकों को पाने की होड़ में वे सेक्स, अपराध और दुस्साहसिक प्रवृत्तियों और प्रकृत जीवन को भी लोकप्रिय संस्कृति में समाविष्ट कर लेते हैं। अभिजात वर्ग विकसित देशों के जीवन की होड़ करता है तथा लोकप्रिय संस्कृति इस वर्ग की नकल करती है। लोक संस्कृति की प्राचीन परंपरा का विवेक, दर्शन और सहज ज्ञान तो लोकप्रिय संस्कृति में नहीं होता है,क्योंकि लोकप्रिय संस्कृति भोगवादी है। वह आध्यात्मिक प्रेरणा देने में असमर्थ है,उसमें आंतरिक प्रेरणा का स्रोत नहीं है। वह व्यक्ति स्वार्थ से प्रेरित है। आह और कराह के भी पैसे लिए जाते हैं। लोक संस्कृति में सभी दर्शक सभी पात्र स्वतः प्रेरित हैं। जबकि लोकप्रिय संस्कृति में कुछ किराए पर लाए गए पात्र स्टेज पर हैं,बाकी उस दृश्य के उपभोक्ता हैं।

लोकप्रिय साहित्य के अंग-उपांग लोकजीवन की नकल से बनते हैं, लोकजीवन से राग या लय ले ली, शैली ग्रहण कर ली,कहानी ले ली,लेकिन उसकी चेतना लोक चेतना नहीं होती,वह वर्ग या व्यक्तिचेतना होती है, उसमें लोकहित के आवरण में व्यक्ति या वर्ग स्वार्थ की चेतना होती है। उससे कमाई करना,दोहन और शोषण करना। उदाहरण के लिए लोकनृत्य गरबा को देखें, गरबा मूलतः एक आनुष्ठानिक लोकनृत्य है। गो ब्रजरमण लालजी की ब्रजयात्रा का अवसर था। गुजराती महिलाएं यात्रा कर रही थीं,मधुवन का पड़ाव था, यात्रा लौट करके जल्दी आ गई। संध्या के समय महिलाओं ने गरबा का आयोजन किया, कितना भक्तिभाव-विभोर नृत्य था, जैसे जसोदा का लाला उनके साथ मौजूद है। वे बार-बार भावों में उसकी बलैया लेती नाच रही थीं।

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया और अब वह एक युगल 'क्लब डांस' बन चुका है। लोकप्रिय गरबा ने मध्यम वर्ग व महिलाओं को इससे दूर कर दिया,इनकी जगह किशोर या युवा वर्ग आ गया है। डांडिया खेलने वालों में अधिकतर 18-25 वर्ष के लोग नजर आते हैं। सुना है कि अब उसमें शामिल होने की टिकट भी बेची जाती है। यही बात हम फिल्म के क्षेत्र में देख रहे हैं। लोक साहित्य और लोकप्रिय साहित्य में वही अंतर है,जो एक जमाने के राष्ट्रीय नेताओं की स्वतः स्फूर्त जनसभा और आज की रैली (जिसमें किराए की भीड़ जुटाई जाती है) में है।

कौन संभालेगा बिजनेस

करोल बाग के अजमल खान पार्क में सुबह तीन दोस्त घूमने के बाद एक बैंच पर बैठे हैं। कायदे से लंबी सैर के बाद इन सबको खुश होना चाहिए,पर सबके चेहरे पर तनाव की लकीरों को पढ़ा जा सकता है। इन सबकी चिंता एक जैसी है। इनके बच्चे अपने फैमिली बिजनेस का हिस्सा नहीं बनना चाहते। वे कुछ हटकर करना चाहते हैं या करने ही लगे हैं। इस कारण से जमे-जमाए हुए बिजनेस पर संकट आ गया है। कुछ के बच्चे भारत से बाहर कनाडा, अमेरिका, दुबई या आस्ट्रेलिया में सेटेल हो गए हैं,जो बाहर चले गए हैं,वे वापस आने को तैयार नहीं हैं।

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

ये स्थिति सिर्फ करोल बाग में ही नहीं है। ये सारी दिल्ली में हो रहा है। दर्जनों बिजनेस करने वाले परिवारों के बच्चे अपने तरीके से जिंदगी जीना चाहते हैं। वे उसी लाइन पर चलने को राजी नहीं हैं,जो उनके बड़े-बुजुर्गों ने खींची है। लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट और विकास मार्ग में अपने स्थापित कपड़ों और ज्यूलरी के शो-रूम चला रहे कई परिवार अब अन्य विकल्पों के बारे में सोच रहे हैं। एक विकल्प यह है कि वे अपने स्पेस को रेंट पर दे दें। कुछ समय पहले करोल बाग में एक पुराने स्थापित साउथ इंडियन रेस्तरां और ड्राई फ्रूट की दुकान को रेंट पर दे दिया गया है। इसकी वजह वही है। नई पीढ़ी अपने परिवार के बिजनेस को करने में दिलचस्पी नहीं ले रही।

दरअसल जिन्हें अपने परिवार के बिजनेस को संभालना चाहिए था,वे सुबह 10 बजे से रात के 9-10 बजे तक शो-रूम में बैठने को तैयार नहीं हैं। कनॉट प्लेस के एक प्रसिद्ध शूज शोरूम के मालिक जॉर्ज च्यू भी अपने शोरूम पर ताला लगाने के बारे में सोचने लगे थे जब उनका बड़ा बेटा कुछ साल पहले कनाडा सेटेल हो गया था। छोटे बेटे के पास आईआईटी, दिल्ली से बी.टेक की डिग्री लेने के बाद देश-दुनिया से नौकरियों के बहुत सारे शानदार प्रस्ताव थे। वह टॉपर टाइप था आईआईटी में। उसने पिता की चिंता को समझा और वह अपने शोरूम को देखने लगा जिसे उसके दादा ने 1937 में शुरू किया था। बिजनेसमैन नरेन भीखूराम जैन का परिवार दिल्ली में एक सदी से भी अधिक समय से बिजनेस कर रहा है। उन्हें हर दूसरे-तीसरे दिन उनका कोई जान-पहचान का व्यक्ति वही बात बताता है जिसकी वजह से न जाने कितने व्यापारियों की पेशानी से पसीना निकल रहा है। नरेन के पिता भीखूराम जैन दिल्ली से सांसद भी रहे थे। स्थिति यह हो चुकी है कि दशकों से जमा हुआ बिजनेस करने वाले कई परिवार भी अपने कारोबार के भविष्य को लेकर परेशान हैं। उनके कामकाज को आगे लेकर जाना वाला कोई नहीं है। हालांकि काम सही चल रहा है और मुनाफा कमाकर दे रहा है।

आज से करीब बीसेक साल पहले कनॉट प्लेस का मशहूर नरूलाज रेस्तरां बंद हो गया था। वह तब अपनी लोकप्रियता के पीक पर था। नरूलाज के पिज्जा, आइसक्रीम, चाइनीज फूड, पेस्ट्रीज, केक वगैरह के जायके लाजवाब होते थे। कनॉट प्लेस का 1933 में श्रीगणेश हुआ और उसके अगले ही साल 1934 में एल ब्लाक में लक्ष्मी चंद नरूला तथा मदन नरूला ने नरूलाज होटल शुरू कर दिया। नरूलाज में 1950 में 'चाइनीज रूम' नाम से चाइनीज रेस्तरां शुरू हुआ। इसे राजधानी का पहला चाइनीज रेस्तरां माना जाता है। इसके बंद होने की वजह थी कि नरूलाज के मालिकों के बच्चे भारत से बाहर सेटेल हो गए थे वे उम्र दराज होने लगे थे। आखिर में उन्होंने अपना सारा बिजनेस समेट लिया,पर अब तो नरूलाज जैसे हालात बहुत व्यापक स्तर पर पैदा हो रहे हैं। इसका क्या हल है,यह चिंता न जाने कितने कारोबारी परिवारों को खाए जा रही है।

मस्जिद में नमाज अता करते नमाजी। अमृत विचार

मस्जिदों के बाहर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

अलविदा की नमाज के बाद मांगी मुल्क के लिए खुशहाली

रेलवे स्टेशन के पास पुरवा महिपाल में सड़क पर पढ़ी गई नमाज, दोनों तरफ के रास्ते पर वाहनों का आना-जाना रोका गया

संवाददाता, कंचौसी-औरैया

- सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम शांतिपूर्वक नमाज संपन्न

अमृत विचार। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रमजान के आखिरी शुक्रवार को नगर भर की मस्जिदों में अलविदा की नमाज पढ़ी गई। रोजेदारों ने मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

रेलवे स्टेशन के समीप पुरवा महिपाल में मस्जिद के सामने मार्ग पर रोजेदारों ने नमाज पढ़ी। जिसे देखते हुए दोनों मार्गों पर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था। इबादतगाहों में अलविदा की नमाज को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात थी। शहर से लेकर गांव तक शांतिपूर्ण नमाज अदा की गई। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कहा कि रमजान में आप सभी लोग अल्लाह की बारगाह में जितनी भी इबादत कर ले कम है। रोजा रखने के साथ-साथ पांचों वक्त की नमाज पढ़ें। कुरान-ए-पाक की तिलावत करते रहे। रोजादार सलीम खान, समीर खान ने कहा कि रमजान में अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमतों की बारिश करता है। अल्लाह एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब देता है। रमजान में जितना हो सके गरीब व असहायों की मदद करें। इस मौके पर पिल्लू खान, जहीर खान, झल्लू खान, बल्लू खान, महबूब, टुली खान, अनवार अहमद, सोनू खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। रोजेदार में ढिकियापुर, मधवापुर, नौगवां, नगर पंचायत कंचौसी, कंचौसी गांव, चंद्रपुर, जमोली के लोग मौजूद रहे।

फफूंद संवाददाता के अनुसार शुक्रवार को मस्जिदों में अमन के साथ सामूहिक रूप से अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। हजारों लोगों ने खुदा के आगे सर झुकाकर अमन तरीके व अकीदत के साथ नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन कायम रहने की दुआएं मांगी। वहीं, नगर के आस्ताना आलिया स्थित जामा मस्जिद में क़ारी अय्यूब चिश्ती, दरगाह पीर बुखारी, शाह साहब स्थित मस्जिद में सैयद गुलाम अब्दुस्समद मियां चिश्ती तथा मुहल्ला तरीन स्थित मदीना मस्जिद में हाफिज अदील ने अलविदा जुमा की नमाज अमन व अक़ीदत के साथ अदा कराई। नमाज़ से पहले मस्जिदों में मुख्तसर तकरीर हुई। जिसमें रमजान की फजीलत व और उसका एहतिराम करना तथा ईद की नमाज से पहले सदक-ए-फितर अदा करने की जानकारी दी गयी। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पुलिस का सख्त पहरा रहा।

जान से मारने की कोशिश में प्रधान पति सहित तीन फंसे

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

- ठेकेदारी की रंजिश में किया गया हमला

अमृत विचार। ठेकेदारी की रंजिश में एक ठेकेदार पर बाइकसवारों ने हमला कर घायल कर दिया। घायल ठेकेदार ने पुलिस में घटना की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम उमरैन थाना ऐरवाकटरा जनपद औरैया का निवासी केशव कौशल गुप्ता निवासी वह ठेकेदारी करता है। उसके पास हर घर जल योजना के अन्तर्गत जीवीपीआर कम्पनी के द्वारा आठ ग्राम सभा मे पानी की टंकी बनाने का ठेका है। ग्राम सभा पूरनपुर थाना फफूंद में निर्माणाधीन पानी की टंकी का पूर्व में अनुबन्ध धर्मेन्द्र यादव (प्रधानपति) ग्राम सभा बीसरमऊ, कौशल किशोर यादव निवासी नगला भगत व दीपू यादव नगला अहिरान थाना बकेवर जनपद इटावा हाल निवासी कस्बा अछल्दा के परिवार के नाम था। इन लोगो द्वारा मानक के अनुरुप कार्य नही करने की वजह से कान्ट्रैक्ट मेरे परिवार की फर्म को दे दिया गया तथा इनकी फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। चार अप्रैल को वह कार से अपनी साइट पूरनपुर से अपने साथी मनीष गुप्ता व लेबर देवेन्द्र मिस्त्री निवासी ग्राम उमरैन के साथ वापस आ रहा था। तभी समय लगभग दोपहर 3.20 मिनट पर अछल्दा अटसू रोड स्थित ग्राम रामपुर वैश्य से अछल्दा की तरफ बन्द पडे स्कूल के पास पीछे से पांच बाइक आईं। इन पर दो-दो, तीन-तीन व्यक्ति सवार थे। हाथों मे डण्डे एंव लोहे की राड व धारदार हथियार थे। जबरन गाड़ी को चारो तरफ घेर कर रोक लिया। कौशल किशोर यादव, दीपू यादव ने धमकी देते हुये कहा कि तुमको पूरनपुर ग्राम सभा की पानी की टंकी का काम मत करो। जान से मारने की नियत से लोहे की राड व धारदार हथियार से मेरे ऊपर हमला कर दिया। गाड़ी का शीशा तोडते हुए धारदार हथियार मेरे सिर में लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरु कर दी है।

एक नजर

बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

अछल्दा। थाने में शिवम दुबे पुत्र सर्वेश दुबे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि तीन अप्रैल को उसके के पिता सर्वेश दुबे पुत्र राम प्रकाश दुबे निवासी दुबे का पुरवा थाना फफूंद बिधूना की ओर से अपनी बाइक से अपने घर दुबे का पुर्वा आ रहे थे। तभी मौका पाकर चोरों ने उनके पिता की बाइक चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरु कर दी है।

ईओ के भाई के निधन पर पालिका में शोकसभा

बिधूना-औरैया। नगर पंचायत बिधूना व औरया के अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल के बड़े भाई के आकस्मिक निधन पर नगर पंचायत कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर चेयरमैन आदर्श कुमार के अलावा हरी चौबे, अनिल मिश्रा, राजू तिवारी, सत्यम त्रिवेदी, सभासद मनीष कुमार पोरवाल, अशोक चौहान, पुनीत सविता, सभासद प्रतिनिधि अनुभव भदौरिया, दिनेश कुमार गुप्ता, अनूप मिश्रा, मनोज चतुर्वेदी, विजय पाल यादव, भगवती देवी, रामअवतार आदि ने शोक संवेदना प्रकट की।

कंचौसी के डॉल्स डिलाईट पब्लिक स्कूल में मेधावियों को शील्ड-मेडल

संवाददाता, औरैया-कंचौसी

अमृत विचार। कस्बा के डॉल्स डिलाईट पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह भी आयोजित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, शील्ड, मेडल, अंक पत्र देकर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक राठौर ने सम्मानित किया। छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर कार्यक्रम में आए अतिथियों का दिल जीत लिया। आए हुए अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए। कंचौसी नगर में स्थित डॉल्स डिलाईट पब्लिक शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाए हुए है। विद्यालय में योग्य अनुभवी अध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। डॉल्स डिलाईट पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक राठौर ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चो की पढ़ाई में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। उनके जीवन को संवारना उनकी देखरेख करना, घर में बच्चो को पढ़ाई के समय उनका मार्गदर्शन करना बच्चो को घरों में भोजन के समय विटामिंस मिनरल युक्त भोजन की व्यवस्था करना यह सबसे बडी भूमिका होती है। जिससे बच्चों का अच्छे तरह मानसिक विकास हो और बुद्धि क्षमता का विकास हो और बच्चे अच्छी तरीके से पढ़ लिखकर इंजीनियर डॉक्टर, सिविल सेवाओं की ओर अग्रसर हो सके।

वार्षिकोत्सव के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

लापता विवाहिता व किशोरी बरामद, आरोपी को जेल

संवाददाता, फफूंद-औरैया

अमृत विचार। कस्बा के एक मोहल्ला से विवाहिता के साथ में एक किशोरी को एक युवक बहलाफुसला कर ले गया था। काफी तलाश के बाद पता नहीं चलने पर नाबालिग के पिता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने महिला और किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

बीते 26 मार्च को कस्बे के एक मोहल्ला निवासी एक विवाहिता अपनी 15 वर्षीय चचेरी बहन के साथ मे घर के बाहर होली खेलने के बहाने निकली थी। जहां एक युवक बहला फुसला कर उनको ले गया। शाम तक घर नहीं आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला, तो किशोरी के पिता ने थाने मुकदमा दर्ज कराया। तब से पुलिस उनकी बरामदगी के प्रयास में जुटी थी। शुक्रवार सुबह युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके महिला और किशोरी बरामद कर लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम अनीत पुत्र नाथूराम निवासी नोगुरवा जिला अमेठी बताया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी

औरैया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन में जनपद में संपन्न होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए गठित एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एमसीएमसी आदि टीमों को प्रशिक्षण दिया गया। वह अपने-अपने कार्यों को भलीभांति समझ लें।

सार-संक्षेप

बिचौलिया फाटक पर बना ओवरब्रिज। अमृत विचार

आज से सात दिन बंद रहेगी क्रॉसिंग

अछल्दा, औरैया। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग की अति व्यस्तम रेलवे लाइन का मरमत कार्य क्रासिंग नं. 13बी पर होना है। जोकि अप और डाउन ट्रेक का 6 से 12 अप्रैल तक मरम्मत कार्य चलेगा। ये काम सुबह 6 से लेकर शाम को 6 बजे तक होना है, जिससे छोटे बड़े वाहन नहीं निकल सकेंगे। रेलवे अधिकारियों ने पत्र के जरिये बताया कि वाहनों को निकलने के लिए नगला खगा बिचौलिया फाटक पर बने ओवरब्रिज से 14सी क्रॉसिंग के ऊपर से बने पुल का उपयोग करना पड़ेगा। रेलवे कर्मचारियों ने 13बी क्रासिंग के दोनों तरफ सूचना चस्पा कर बोर्ड लगाए है।

विजेता बच्चों के साथ संरक्षक। अमृत विचार

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

बिधूना-औरैया। ज्योतिबा फुले इटावा स्टेडियम में सम्पन्न हुई ताइक्वांडो कप प्रतियोगिता में औरैया के प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया। कैडिट वर्ग में अनन्या पोरवाल 45 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जूनियर वर्ग में देव सविता 51 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता है। सब जूनियर वर्ग में अलतमस 23 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, सीनियर वर्ग में नीतू शर्मा 45 किलोग्राम में रजत पदक दीप्ति शर्मा कांस्य पदक कैडिट वर्ग में हर्ष पाल, रामभरत पाल, विवेक पाल, माधव पोरवाल, मोहित कुमार कांस्य पदक प्राप्त किए। खिलाड़ियों के वापस आने पर गजेन्द्र सिंह पब्लिक डिग्री कॉलेज बिधूना की प्रबंधक एवं औरैया ताइक्वांडो संघ की संरक्षक रचना सिंह सेंगर ने सभी खिलाड़ियों को जहां पदक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर औरैया ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष कैलाश बाबू, शैलेन्द्र कुमार, जसवन्त सिंह, गोविन्द सिंह, अफजल, राकेन्द्र भदौरिया, निधि शर्मा, अंशिका भारती, शाइस्ता, मोनू सिद्दीकी, रवींद्र कुमार, सागर सक्सेना, राम कुमार वर्मा, आशिक कुमार आदि मौजूद रहे।

चैंबर न बनने से खफा वकीलों ने सांसद से बनाई दूरी

बिधूना, औरैया। तहसील में अधिवक्ता चैंबर के निर्माण के लिए सांसद निधि से धनराशि न दिये जाने से खफा अधिवक्ताओं ने गुरुवार को तहसील बार एसोसिएशन की आमसभा की बैठक में निवर्तमान सांसद के बहिष्कार का निर्णय लिया है। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, महामंत्री अमबरेश सिंह सेंगर, पूर्व अध्यक्ष रविंद्र कुमार पाण्डेय आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि वह लोग सांसद निधि को लेकर तीन बार क्षेत्रीय सांसद सुब्रत पाठक से मिले। हर बार उन्हें झूठे आश्वासन देकर टरका दिया गया। कहा कि निवर्तमान सांसद के बहिष्कार से संबंधित बैनर भी तहसील के गेट पर लगाया जायेगा। उधर तहसील बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में तहसील कार्यालयों के विभिन्न पटलों पर आवश्यक कार्य न हो पाने से खफा अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का भी निर्णय लिया है। एसडीएम हरिश्चंद्र ने कहा कि वह अधिवक्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

हवाई फायरिंग कर युवक को दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता, कंचौसी-औरैया

अमृत विचार। गांव के ही कुछ अपराधियों द्वारा गांव के ही एक गरीब किसान युवक को तमंचा से हवाई फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दी गई। जिससे गरीब किसान युवक नितेश कुमार घबरा गया और तहरीर पुलिस से सुरक्षा व अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की।

मामला जनपद कानपुर देहात के थाना मंगलपुर क्षेत्र के अंतर्गत कंचौसी चौकी के गांव बलरामपुर का है। बलरामपुर गांव निवासी नितेश कुमार पुत्र शिव प्रकाश सिंह को उसी गांव के निवासी कुछ संगीन धाराओं में नामजद अपराधियों द्वारा खुलेआम तमंचा से हवाई फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दी गई है। एक अप्रैल को शातिरों ने पीड़ित व गरीब किसान युवक के घर में घुसकर अपने अपराधियों के साथ तमंचा से हवाई फायरिंग कर व गाली-गलौज करते हुए मार-पीट शुरू कर दी। और जब पीड़ित के घर वालों ने विरोध किया। तो जान से मारने की धमकी देते हुए और पुनः हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए। पीड़ित व गरीब किसान युवक नितेश कुमार ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर सुरक्षा व अपराधियों को पकड़ कर कार्रवाई करने की मांग की है।

बुखार से युवक की हुई मौत

अछल्दा-औरैया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गपकापुर निवासी एक युवक की मौत बुखार के चलते लखनऊ में इलाज के दौरान गुरुवार रात हो गई। परिजन उसकी मौत का कारण इंफेक्शन बता रहे हैं। गपकापुर निवासी धर्मेंद्र यादव उर्फ मांगू पुत्र विनोद कुमार शास्त्री को पिछले चार-पांच दिनों से बुखार आ रहा था। जिसका इलाज स्थानीय निजी क्लीनिक में चल रहा था, लेकिन चार-पांच दिन पहले उसकी स्थिति काफी नाजुक हो गई। उसको इटावा के बाद आगरा अस्पताल रेफर कर दिया आराम न मिलने पर परिजन उसे लखनऊ लेकर चले गए जहां इलाज के दौरान गुरुवार की रात्रि उसकी मौत हो गई।

बस्ती के अंदर गंदगी करने की शिकायत

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। बस्ती में गंदगी करने के विरोध में बाशिदों ने स्थानीय प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपा है। एसडीएम ने जांच कराने की बात कही है।

अजीतमल तहसील क्षेत्र अंतर्गत निवासी पकंज श्रीवास्तव, दीपक शर्मा , अनीश कुमार और आदित्य चौहान आदि निवासी विद्यानगर बाबरपुर ने एसडीएम के नाम शिकायती पत्र दिया कि पड़ोस के निवासी रामऔतार और देवेन्द्र सिंह निवासी विद्यानगर घर के बगल में खुले में कूड़ा और जानवरो का मल मूत्र डालते हैं। जिससे संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। जिसे अतिशीघ्र रोके जाने के संबंध में हम सभी मोहल्ला के लोगों ने बीमारियों से बचाव हेतु मुहिम चलाई है। जिस कारण प्रार्थी व उसके आस पास रहने बाले व्यक्तियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त गंदगी व बदबू के कारण संक्रमित बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है। पीड़ित ने शिकायती पत्र देखे हुए उप जिला अधिकारी अजीतमल राम अवतार से न्याय की गुहार लगाई। शिकायती पत्र प्राप्त हुआ जांच की जा रही है।

दो पक्षों में मारपीट पिता-पुत्र घायल

कुदरकोट-औरैया। थाना क्षेत्र के ग्राम सराय शीश ग्रान में दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट में पिता-पुत्र घायल हुए हैं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरु कर दी है।

थाना में दिये शिकायती पत्र में श्याम सुंदर पुत्र विनोद कुमार की मां ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसके पुत्र व पति के साथ मारपीट कर दी। मारपीट होते देख आसपास के लोगों के बीच-बचाव किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है।

धर्म-अध्यात्म | बेल्हूपुर व कंचौसी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सुनने को उमड़ रहे लोग

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सहायल क्षेत्र के गांव बेल्हूपुर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथावाचक आचार्य प्रशांत अवस्थी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के साथ हमेशा राधा का नाम आता है।

उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं में यह दिखाया भी था कि श्रीराधा और वह दो नहीं बल्कि एक हैं। राधा के बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय देवी रुक्मणी हुईं। दोनों के बीच प्रेम कैसे हुआ इसकी बड़ी अनोखी कहानी है। इसी कहानी से प्रेम की नई परंपरा की शुरुआत भी हुई। देवी रुक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। रुक्मणी अपनी बुद्धिमता, सौंदर्य और न्यायप्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थीं। रुक्मिणी का पूरा बचपन श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की कहानियां सुनते हुए बीता था। जब विवाह की उम्र हुई तो इनके लिए कई रिश्ते आए लेकिन उन्होंने सभी को मना कर दिया। उनके विवाह को लेकर माता-पिता और भाई चिंतित थे। रुक्मणी के भाई ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। कथा का रसपान करने को बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे। ने कथा में ओम प्रकाश शुक्ला, संजय शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, ज्ञानोद मिश्रा, अरुण त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, शुभम त्रिपाठी, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, कल्लू कश्यप सहित तमाम लोगों ने धर्मलाभ उठाया।

कंचौसी संवाददाता के अनुसार कंचौसी कस्बे में नोगवा रोड पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आखरी दिन की कथा व्यास आचार्य पंडित आलोक अग्निहोत्री ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य राघवेंद्र सरकार ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया।

कंचौसी में कथा सुनते श्रोता। अमृत विचार

बेल्हूपुर में कथा कहते प्रशांत अवस्थी।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जिम्मेदारियों से वाकिफ हुए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जिलाधिकारी ने बैठक बुलाकर बताए दायित्व

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। कहा कि मतदान जैसे कार्य को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हम सभी का यह दायित्व है। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत किए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपनी-अपनी जिम्मेदारी वखूबी से निभाएं। जिससे किसी के ऊपर कोई आरोप न आए और मतदान की शुचिता भी बनी रहे। उन्होंने कहा की रैली, जुलूस आदि आयोजनों के लिए निर्धारित समय से आवेदन करें जिससे उसकी अनुमति समय से दी जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्वाचन संबंधित कार्य बिना अनुमति के न किया जाए जिससे कोई समस्या उत्पन्न हो। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें जिससे मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ सके।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य की अनुमति के लिए पहले आओ पहले पाओ की नीति लागू होगी। उन्होंने आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया ।

भाजपा के गढ़ में बसपा के बागी पर कांग्रेस का दांव

अनंत कृष्णन, मऊ

पूर्वांचल के वीआईपी जिलों की श्रेणी में आने वाले गोरखपुर जिले की बांसगांव सुरक्षित लोकसभा सीट पर चाय-पान की दुकानों में इस बार भी मुकाबला कांटे का ही होने की उम्मीद जताई जा रही है। यहां भाजपा ने तीन बार से लगातार जीत रहे कमलेश पासवान पर जहां पुनः भरोसा जताया है तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने बसपा के बागी सदल प्रसाद पर दांव लगाया है। सदल प्रसाद 2004, 2014 और 2019 के चुनाव इस सीट पर हार चुके हैं। लेकिन 2014 व 19 में उनकी हार का अंतर कम रहा था। बसपा ने अभी इसी सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

बांसगांव संसदीय सीट

बांसगांव से भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान को अपने विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के साथ राम मंदिर से बने माहौल में आश्वस्त हैं कि वह जीत का चौका लगाने में कामयाब होंगे। कमलेश पासवान भाजपा के उन सांसदों में हैं, जिनकी संसद में उपस्थिति 75 प्रतिशत रही है। उन्होंने पिछले कार्यकाल में संसद में लिखित व मौखिक रूप से 150 से अधिक सवाल पूछे थे। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं। सदल प्रसाद को उम्मीद है कि इस बार उन्हें संसद में पहुंचने का रास्ता मिल जाएगा। हालांकि हर किसी की निगाह बसपा के हाथी की चाल पर लगी हुई है कि जातीय समीकरणों के लिहाज से वह किस करवट बैठेगा।

- जीत का चौका लगाने के लिए भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान कर रहे जी तोड़ मेहनत
- लगातार दो बार से बसपा के टिकट पर लड़ रहे सदल प्रसाद इस बार कांग्रेस-सपा गठबंधन से दे रहे चुनौती

75% रही है संसद में कमलेश पासवान की उपस्थिति



प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर (प्रतिशत)



कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद यहां से चार बार चुने जा चुके सांसद, 1980, 84 और 89 के बाद 2004 में जीते

किस विस में कितने मतदाता

- बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,55,437 हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,91,459 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,63,938 है। बांसगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,79,709 है। इनमें पुरुष 2,07,012 और महिला 1,72,680 हैं। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 4,36,617 हैं। इनमें पुरुष 2,34,961 और महिला मतदाता 2,01,650 हैं। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,16,397 हैं। इनमें पुरुष 1,63,109 और महिलाएं 1,53,274 हैं। बरहज में कुल मतदाता 3,18,481 हैं। इनमें पुरुष मतदाता 1,64,338 और महिला मतदाता 1,54,132 हैं।

सदल प्रसाद का अपना आधार

- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद का क्षेत्र में अपना मजबूत आधार है। उनकी बसपा के काडर वोट पर मजबूत पकड़ है। वे बसपा के परंपरागत मतदाताओं से लगातार संपर्क कर रहे हैं। सदल प्रसाद 2004 में महावीर प्रसाद से 16 हजार से अधिक वोटों से हारे थे। 2009 में प्रदेश सरकार में मंत्री होने के कारण सदल प्रसाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़े थे। हालांकि उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि बसपा यहां दूसरे और कांग्रेस के महावीर प्रसाद चौथे नंबर पर चले गए थे।

बसपा का नहीं खुला खाता

- इस सीट पर बसपा का अभी तक खाता नहीं खुला है। पार्टी सदल प्रसाद के दम पर ही इस सीट को जीतने की लगातार कोशिश करती रही पर उसे सफलता नहीं मिली। अब देखना यह है कि पार्टी यहां किस चेहरे पर दांव लगाती है।

पांचों विधानसभा में भाजपा के विधायक

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में गोरखपुर की चौरीचौरा, बांसगांव, चिल्लूपार और देवरिया जिले की रुद्रपुर और बरहज विधानसभा सीटें आती हैं। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जबरदस्त प्रभाव है। उनकी कड़ी मेहनत और क्षेत्र के विकास की वजह से ही पार्टी के पास यहां पांचों विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं।

मोलहू प्रसाद का अनोखा प्रचार

बांसगांव लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार का एक अलग अंदाज 1967 के लोकसभा चुनाव में मोलहू प्रसाद ने दिखाया था। वह साइकिल पर सवार होकर खजड़ी बजाते, लोक गीत गाते हुए क्षेत्र में निकलते और लोगों से मिलते थे। मोलहू प्रसाद सांसद चुन लिए गए थे।

बांसगांव सीट : जीत-हार का इतिहास

- बांसगांव सीट पर 1952 और 1962 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। इसके बाद यहां से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ने जीत दर्ज की। 1971 में यह सीट पुन: कांग्रेस के खाते में आई लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस को यह सीट गंवानी पड़ी थी।
- 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के महावीर प्रसाद ने यहां जीत दर्ज की और वे लगातार तीन चुनाव जीतने में कामयाब हुए। इस सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाने लगा था। लेकिन 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनावों में कांग्रेस को यहां करारी हार झेलनी पड़ी।
- 2004 के लोकसभा चुनाव में शाइनिंग इंडिया का नारा फेल होने के बाद कांग्रेस के महावीर प्रसाद पुन: जीते। पर 2009 में यह सीट भाजपा के पास चली गई। कमलेश पासवान यहां से सांसद बने और लगातार जीत रहे हैं।

13495 वोट पड़े थे नोटा में वर्ष 2014 के चुनाव में

14093 नोटा को वोट 2019 के लोकसभा चुनाव में

03 नंबर पर थे 2019 चुनाव में नोटा के मिले वोट

17 प्रदेश की आरक्षित सीटों में यहीं भाजपा प्रत्याशी चौथी बार

राम लहर में खुला भाजपा का खाता

- 1991 की राम लहर में यह सीट भाजपा के खाते में आई। 1996 में जब चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से भाजपा के वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान को यहां से मैदान में उतारा और वह जीत गईं। तब सुभावती को सहानुभूति का लाभ मिला था क्योंकि उनके पति पूर्व विधायक ओमप्रकाश की हत्या हो गई थी। हालांकि 1998 और 1999 में यह सीट पुन: भाजपा के कब्जे में आई। सुभावती पासवान यहां से लगातार हारीं तो उन्होंने राजनीतिक विरासत पुत्र कमलेश पासवान को सौंप दी। 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले कमलेश ने गोरक्षपीठ का रुख किया और भाजपा में शामिल होकर चुनाव लड़ा और ऐसा जीते कि तीन बार से जीत रहे हैं।

राष्ट्रीय दलों का पंजाब के साथ हमेशा उपेक्षा भरा बर्ताव

लुधियाना। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने राष्ट्रीय दलों पर हमला बोलते हुए कहा है कि वे पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत जैसा मानते हैं और इसे 'हड़पना' चाहते हैं। उन्होंने राज्य में फ्लाईओवर, पुल, सीवरेज सिस्टम और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचों पर बात करते हुए दावा किया कि ऐसे सभी काम शिअद कार्यकाल के दौरान हुए थे। बादल पंजाब के पूर्व मंत्री जगदीश सिंह गरचा के स्वागत समारोह में बोल रहे थे, जो चार साल के अंतराल के बाद गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में लौट आए। बादल ने कहा कि राष्ट्रीय दल पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत के रूप में मानते हैं और राज्य के लोगों का दिल जीतने की कोशिश करने के बजाय इसे अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा का शिअद के लिए पंजाब और पंजाबियों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है। हम राष्ट्रीय पार्टियों की तरह पंजाब के मूल मुद्दों पर कभी समझौता नहीं कर सकते। कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर आप सरकार पर निशाना साधते हुए बादल ने कहा, एक बार शिरोमणि अकाली दल के सत्ता में लौटने पर कोई भी गैंगस्टर या उनके संरक्षक राज्य में नहीं रहेंगे। मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आप के सात वर्षों के शासन के दौरान, विकास कार्यों में रुकावट का सामना करना पड़ा, नागरिक बुनियादी ढांचा तक बदहाल है। बादल ने यह भी कहा कि आप और कांग्रेस पंजाब में 'छद्म युद्ध' में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां केंद्र में गठबंधन में हैं और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व के साथ मंच भी साझा किया था। लेकिन दोनों पार्टियां पंजाब में लोगों को गुमराह कर रही हैं।

सुखबीर सिंह बादल

सबका ख्याल नागपुर में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए एक दुकान पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित प्रचार सामग्री को तैयार करने में जुटा कारोबारी।

संजय निरुपम नवरात्र में करेंगे खुलासा

मुंबई। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता संजय निरुपम को अनुशासनहीनता में निष्कासित कर दिया है, हालांकि निरुपम का दावा है कि वह पार्टी से पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। अब संजय निरुपम ने साफ कर दिया है कि वह इस बार भी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से ही लड़ेंगे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के लिए रूप में नहीं, बल्कि किसी पार्टी के टिकट पर उतरेंगे। इसके लिए सभी को नवरात्र तक इंतजार करना चाहिए। अभी तक के संकेतों में वह भाजपा या उसके किसी सहयोगी दल में जा सकते हैं। संजय निरुपम ने गुरुवार को कहा था कि महाराष्ट्र में मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से खिचड़ी चोर अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया है। महा विकास अघाड़ी के इस प्रत्याशी को वह कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस!

महेश शर्मा

गाजियाबाद। दिल्ली की करवट में बसे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ना शुरू दिया है। यहां से वर्तमान सांसद जनरल (रि) वीके सिंह की जगह भाजपा ने हापुड़ के अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है। उनके प्रचार अभियान को धार देने के लिए गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी कानपुर के एमएलसी मानवेंद्र सिंह प्रवास कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को रोड शो करके यहां मतदाताओं को रिझाएंगे। दूसरी तरफ सपा समर्थित कांग्रेस की डॉली शर्मा मैदान में हैं। हालांकि यहां बसपा का भी प्रत्याशी है, लेकिन शुरुआती तस्वीर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई नजर आ रही है।

परिसीमन के बाद बनी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर पहला चुनाव 2009 में हुआ था। भाजपा अध्यक्ष रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह यहां से विजयी हुए थे। हालांकि वह 2014 में लखनऊ से लड़ने चले गए थे। इस पर पार्टी ने यहां से पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (रि) को उतारा। वह चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। गाजियाबाद 23 लाख मतदाताओं के कारण देश के बड़े लोकसभा क्षेत्रों में शामिल है। इसमें लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यह क्षेत्र अब भाजपा की परंपरागत सीट बन चुका है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने 9,44,503 वोट पाकर करीब पांच लाख मतों से सीट जीती थी। सपा-बसपा के प्रत्याशी सुरेश बंसल को 4.43 लाख मत ही मिले थे। 2014 में भी जनरल वीके सिंह जीते थे, तब कांग्रेस के राज बब्बर को 1.91 लाख ही वोट मिले थे। इस बार भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग हापुड़ के हैं। हरियाणा के भिवानी के रहने वाले जनरल वीके सिंह (रि) दो बार तो परिसीमन से पहले आगरा निवासी डा.रमेश चंद्र तोमर चार बार सांसद चुने गए। गाजियाबाद को पूर्व सीएम एनडी तिवारी ने नेहरू जयंती पर 14 नवंबर 1976 को जिला घोषित किया था। कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा इसे उपलब्धि बताती हैं। 2019 के चुनाव में वह 1.12 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं।

इस लोकसभा क्षेत्र में सात बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस का कब्जा रहा। 1952 में यह हापुड़ लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा था। कृष्णचंद शर्मा, प्रकाशवीर शास्त्री, बीपी मौर्य, कुंअर महसूद अली, केसी त्यागी जैसे दिग्गजों ने यहां से लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया है। 72 फीसदी हिंदू आबादी के कारण यहां हिंदुत्व की लहर का खासा असर रहता है। गाजियाबाद मे छह लाख ब्राह्मण, तीन-तीन लाख वैश्य और जाटव हैं। ढाई लाख राजपूत व ठाकुर और दो लाख जाट मतदाता हैं। बसपा जाटव व मुसलमान वोटरों पर असर डालती है तो यह लड़ाई त्रिकोणात्मक भी हो सकती है।

- मतदाताओं को रिझाने के लिए पीएम मोदी आज करेंगे रोड शो
- पिछले चुनाव में भाजपा यहां करीब पांच लाख वोटों से जीती थी

गाजियाबाद में मोदी के रोड शो के लिए उत्साह

गाजियाबाद। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने इस वीआईपी सीट पर विजय का समीकरण बनाने को डेरा डाले हैं। संगठन ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। शुक्रवार को उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारी पर चर्चा की और रोड शो की सफलता के लिए दायित्व सौंपें। मानवेंद्र का कहना है कि मोदी के रोड शो के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह है। पार्टी पिछली बार से बड़ी जीत हासिल करेगी।

वोट की पहचान कर्नाटक सरकार का उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड ही यह स्याही बनाता, कंपनी ने उत्तर प्रदेश को मांग के मुताबिक अमिट स्याही की कर दी आपूर्ति

प्रदेश में मतदान के लिए लगेंगी अमिट स्याही की 3 .58 लाख शीशियां

मनोज त्रिपाठी

कानपुर। देश में किसी मतदाता ने चुनाव में वोट दिया है, इसकी एक ही निशानी होती है, अंगुली पर लगी नीली-बैंगनी रंग की अमिट स्याही। लोग स्याही लगी अपनी अंगुली की तस्वीर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश को अमिट स्याही की सबसे बड़ी खेप की आपूर्ति की गयी है। कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) के पास सबसे बड़ा ऑर्डर उत्तर प्रदेश से ही था। उसने राज्य को स्याही की 3.58 लाख शीशियां भेजी हैं, जबकि सबसे कम लक्षद्वीप को अमिट स्याही की 110 शीशियों की आपूर्ति की गई है।

चुनाव में अमिट स्याही के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी मतदाता दो बार वोट न करने पाए। धोखाधड़ी और कई बार की वोटिंग से बचने में इस स्याही की महत्वपूर्ण भूमिका है।

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता और प्रचार अभियान में अमिट स्याही लगी अंगुली को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने अमिट स्याही की 26 लाख शीशियां खरीदी थीं, जिस पर 33 करोड़ रुपये खर्च आया था।

इस बार आयोग ने करीब 55 करोड़ रुपये से 26.55 लाख स्याही की शीशियां खरीदी हैं। यह स्याही देश में सिर्फ एक ही कंपनी कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) द्वारा बनाई जाती है। कंपनी ने लोकसभा चुनाव के लिए देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अमिट स्याही की शीशियों की आपूर्ति कर दी है। कंपनी वर्ष 1962 से केवल निर्वाचन आयोग के लिए अमिट स्याही का निर्माण कर रहा है। मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड की वर्ष 1937 में स्थापना हुई थी। मैसूर के महाराजा कृष्णराजा वडयार ने इसकी शुरुआत की थी। लेकिन कंपनी तरक्की की राह पर तब आगे बढ़ी जब चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के सहयोग से चुनावों के लिए इस स्याही की आपूर्ति पर कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1962 के चुनाव में इस स्याही को चुनाव में शामिल कराने का श्रेय देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाता है। तब से लगातार इस स्याही का प्रयोग हो रहा है, और चुनाव आयोग इसके दूसरे विकल्प को नहीं तलाश पाया है।

1962 से किया जा रहा इस्तेमाल चुनाव आयोग दूसरा विकल्प नहीं तलाश पाया

26.55 लाख स्याही की शीशियां आयोग ने इस बार लोकसभा चुनाव के लिए खरीदी हैं

- 26 लाख अमिट स्याही की शीशियां 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने खरीदी थीं
- 33 करोड़ रुपये अमिट स्याही पर 2019 में खर्च आया था
- 55 करोड़ रुपये 2024 के चुनाव में अमिट स्याही पर आया खर्च

सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का होता इस्तेमाल

- अमिट स्याही को बनाने में सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके कारण एक बार त्वचा के किसी भी हिस्से पर स्याही लगने के बाद उसे कम से कम 72 घंटे तक त्वचा से हटाया नहीं जा सकता। सिल्वर नाइट्रेट पानी के संपर्क में आने पर काला हो जाता है। सिल्वर नाइट्रेट हमारे शरीर में मौजूद नमक के साथ मिलकर सिल्वर क्लोराइड बनाता है। सिल्वर क्लोराइड पानी में नहीं घुलता और त्वचा से जुड़ा रहता है। इसे साबुन से नहीं धोया जा सकता। एक बार लगाने के बाद यह तब खत्म होता है जब त्वचा की कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं और निकलने लगती हैं।

एक नजर

संस्कृत पंडितों को पुरस्कृत करने को बजट जारी

अमृत विचार : राज्य सरकार द्वारा संस्कृत पंडितों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके लिए शासन द्वारा उप्र .संस्कृत संस्थान को प्रस्तावित 44 .20 लाख के बजट में आधा 22 .10 लाख रुपया भेज दिया गया है। इसके साथ ही अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में गैर वेतन मद में प्रावधानित 10 करोड के सापेक्ष एक करोड़ 67 लाख रुपये भी भेजे गये हैं।

दूसरे चरण के चुनाव के लिए 94 प्रत्याशी मैदान में

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 94 प्रत्याशी मैदान में हैं। 8 अप्रैल को प्रत्याशी नाम वापसी कर सकेंगे। इस चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच में 81 नामांकन खारिज हो गए। अब अमरोहा सीट पर 12, मेरठ में नौ, बागपत में सात, गाजियाबाद में 14, गौतमबुद्धनगर में 15, बुलंदशहर में छह, अलीगढ़ में 16 व मथुरा सीट पर 15 प्रत्याशी रह गए हैं। उन्होंने बताया कि इस चरण में 1 .67 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 90 .11 लाख पुरुष मतदाता, 77 .38 लाख महिला मतदाता व 787 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7797 मतदान केन्द्र व 17677 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं।

सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले का करवा देते हैं राम नाम सत्य: योगी

बागपत व अलीगढ़ की चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ने दिखाए अपराधियों पर सख्त तेवर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अलीगढ़ में चुनावी रैली में जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बागपत और अलीगढ़ की चुनावी रैली में अपराधियों पर सख्त तेवर दिखाए। कहा कि प्रदेश में कभी कोई सोचता था कि यहां बेटी और व्यापारी रात को निडर होकर घर से निकल सकते हैं, लेकिन आज यह संभव है। हम सिर्फ राम को ही नहीं लाएं हैं, बल्कि बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले का राम नाम सत्य भी करवा देते हैं। जो समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा उसका राम नाम सत्य भी तय है।

मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए राजनीतिक विरोधियों पर भी जमकर जुबानी हमला किया। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सुरक्षित उप्र का सपना पूरी तरह से साकार हो चुका है। बागपत में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें भारत माता के महान सपूत और पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की पावन धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी का आभार, जिन्होंने चौधरी साहब के मूल्यों और आदर्शों को ध्यान में रखा और अन्नदाताओं के मुद्दों को राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया और किसान के हित में कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया। कहा कि पहले 5 से 10 साल में में गन्ना मूल्य मलता था, अब एक हफ्ते में भुगतान हो रहा है।

अलीगढ़ के बरौली में मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए

▸▸ कहा- जिस सुरक्षित उत्तर-प्रदेश का लोगों ने सपना देखा था, वह बन गया है हकीकत

▸▸ मुख्यमंत्री ने कहा, अब 5-10 साल में नहीं, एक हफ्ते में हो रहा गन्ना मूल्य का भुगतान

कहा कि पूरे देश में उत्तर, पूरब, पश्चिम और दक्षिण में तीसरी बार मोदी सरकार यही आवाज गूंज रही है। वर्तमान में दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। इतना ही नहीं आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है जबकि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिक कार्य हो रहे हैं।

आज गाजियाबाद से अलीगढ़ का मार्ग सिक्स लाइन का बन गया है। यहां सीमेंट की फैक्ट्री है, प्रदेश दंगा और कर्फ्यू मुक्त हो गया है। वहीं, कावड़ यात्रा धूमधाम से निकल रही है। दुनिया में अलीगढ़ के हस्तशिल्पी और कारीगरों को सम्मान मिल रहा है। अलीगढ़ में डिफेंस कॉरिडोर का एक नोड बनने की कार्यवाही चल रही है।

मेडिकल कॉलेजों में सीनियर रेजीडेंट्स की तैनाती के लिए काउंसिलिंग 8 से

अमृत विचार, लखनऊ: सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी करने वाले 2020 बैच के एमडी-एमएस(विशेषज्ञ) चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों में तैनात किया जायेगा। इन्हें सीनियर रेजीडेंट के पद पर दो साल के लिए नियुक्त किया जायेगा। कॉलेज आवंटन के लिए आठ अप्रैल से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी, तो 16 से 22 अप्रैल तक ज्वॉइनिंग के साथ संपन्न हो जायेगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा शुक्रवार को ऑन लाइन काउंसिलिंग की तिथियां घोषित कर दी गई है। घोषित तिथियों में आठ से 12 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंजीकरण व प्रपत्रों का सत्यापन किया जायेगा। इकसे बाद 15 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंसदीदा कॉलेजों की प्राथिमिकताएं देनी होंगी, उसी दिन 15 अप्रैल को ही परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। जिसके बाद चिकित्सक अभ्यर्थियों को कॉलेजों में ज्वाइन करना होगा। मालूम हो कि विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के ज्वाइन करने से मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञता पूर्ण इलाज की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी।

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया झूठ का पुलिंदा

भाजपा के राज्य मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते स्वतंत्र देव सिंह और जेपीएस राठौर।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मंत्री स्वतंत्र देव व जेपीएस राठौर ने गिनाई खामी, लगाए आरोप

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। प्रदेश चुनाव संचालन समिति के संयोजक व प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और जेपीएस राठौर ने कहा कि कांग्रेस के दशकों के शासनकाल में देश की जनता को गरीबी और बदहाली ही मिली है। जबकि जनता को विश्वास है कि भाजपा के संकल्प पत्र में जो लिखा हुआ है, वह पूरा होने की गारंटी है क्योंकि इसके पीछे मोदी की गारंटी है।

राज्य मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता में दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र झूठ का पुलिंदा हैं। वे लोग भारत की तस्वीर और तकदीर को बदलने की बात कर रहे हैं, जबकि आजादी के 70 वर्षों तक देश की तस्वीर और तकदीर के साथ धोखा किया। वास्तव में कांग्रेस को भारत से नफरत है, इसलिए वह हमेशा देश को बदनाम करने के बारे में सोचती रहती है। वे वोट देने वाली जनता को राक्षस कहते हैं, महिलाओं को बाजारू कहते हैं और देश को तोड़ने की साजिश करने वालों के समर्थन में जाकर खड़े होते हैं। आरोप लगाया कि घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जो तस्वीरें प्रयोग की गई हैं, उसमें एक प्रदूषित नदी की फोटो न्यूयॉर्क की बफेलो नदी की है। जो फोटो क्लाइमेट चेंज को लेकर प्रयोग की गई है, वो थाईलैंड की है। अभी-अभी राहुल गांधी थाईलैंड होकर आये हैं। कहा कि राहुल गांधी अपने नामांकन के रोड शो में अपना झंडा भी उपयोग करने में हिचक रहे हैं क्योंकि कांग्रेस को अपनी पार्टी पर ही विश्वास नहीं है।

अपराधी-माफिया व दंगाई सपा के घर जमाई: बृजलाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भाजपा नेता ने शिवपाल के वायरल वीडियो पर साधा निशाना

अमृत विचार: भाजपा के राज्यसभा सांसद व पूर्व डीजीपी बृजलाल ने कहा कि सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंस दिखाना है। शिवपाल यादव का बदायूं में वोट न देने पर हिसाब- किताब कर धमकाने की बात करना सपाई असलियत को उजागर करता है। यह बात तो बिलकुल साफ है कि अपराधी, माफिया और दंगाई सपा के घर जमाई हैं।

भाजपा राज्य मुख्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बृजलाल ने शिवपाल यादव का वायरल एक वीडियो का हवाला देते हुए तमाम आरोप लगाए। कहा कि 2004 के लोकसभा चुनाव में बूथ कैप्चरिंग का विरोध करने वाले भाजपा कार्यकर्ता नीरज मिश्रा की नृशंस हत्या किसी से छिपी नहीं है। कन्नौज में अखिलेश यादव के सामने ही भाजपा उम्मीदवार के टुकडे-टुकडे. करने की बात करने वाले नेता को भी सपा प्रमुख का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है कि समाजवादी नेता ऐसा बोल रहे हैं। इनकी हरकतों को जनता ने देखा और झेला है। 2022 के विधानसभा चुनाव में हर जिले में इनका कम से कम एक उम्मीदवार अपराधी या इलाक़े का प्रसिद्ध गुंडा रहा है। 2022 के चुनाव के परिणाम के पहले ही किस प्रकार सपा के नेताओं ने पूरे प्रदेश में अराजकता फैलाई यह किसी से छिपा नहीं है।

बृजलाल ने कहा कि मोदी की बोटी-बोटी करने की बात कहने वाले दंगाई इमरान मसूद सहारनपुर से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार हैं। कैराना में गैंगस्टर और पलायन के जिम्मेदार रहे नाहिद हसन सपा-कांग्रेस गठबंधन के शैडो कैंडिडेट हैं। बहन तो बस नाम को लड़ रही है। इंडी गठबंधन वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया का पैरोकार है।

इन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार चला रहे हैं। गुंडों, माफियाओं का इलाज करना वे बखूबी जानते हैं। इस बार भी जनता इन सपाईयों की बदजुबानी और अराजकतावादी सोच को ताले में बंद कर देगी। भाजपा पर उसका आशीर्वाद फिर से क़ायम रहेगा और मोदी के नेतृत्व में 80 सीटें जीतेगी।

वाहनों में बैठाकर पहले पेपर पढ़वाया फिर परीक्षा केंद्र पहुंचाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रयागराज में आरोग्यम अस्पताल तो लखनऊ में कार में पढ़वाया गया पेपर

▸▸ प्रति अभ्यर्थी 15-15 लाख में तय हुआ था पर्चा, दो-दो लाख लिए गए एडवांस

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा – 2023 का प्रश्नपत्र लीक करने के बाद गिरोह द्वारा चिन्हित अभ्यर्थियों को चिन्हित स्थानों पर पेपर पढ़ाया गया। लखनऊ में जब स्थाई व्यवस्था नहीं बन पाई तो अस्थाई रूप से व्यवस्था कर शहीद पथ स्थित पलासियो मॉल के पास कई वाहनों को खड़ाकर उनमें अभ्यर्थियों को बैठाकर प्रश्नपत्र पढ़ा दिया गया। इसके बाद उन्हीं कारों से अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र भी पहुंचा दिया गया। उधर, प्रयागराज नैनी स्थित आरोग्यम हास्पिटल में अभ्यर्थियों को बुलाकर प्रश्नपत्र पढ़ा दिया गया। इसके बदले गिरोह द्वारा तयशुदा मोटी रकम वसूली गई।

मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह कर रहे थे। डीएसपी द्वारा दो दिनों में राजीव नयन से पूछताछ के क्रम में पता चला कि आरओ-एआरओ परीक्षा के पेपर के बदले डा शरद सिंह से 15 लाख रुपये प्रति अभ्यर्थी देना तय हुआ था। प्रारंभिक परीक्षा जो दिनांक 11 फरवरी 2024 को होनी थी, उसके पहले प्रति अभ्यर्थी दो लाख रुपये देना तय हुआ था। शेष पैसा काम होने के बाद देना था। सभी लड़कों को राजीव नयन मिश्र के नैनी प्रयागराज स्थित आरोग्यम हास्पिटल में ले जाकर पेपर पढ़वाया गया था। आरोग्यम हास्पिटल का मालिक स्वयं राजीव नयन ही है। बाकी लड़कों के लिए कहा कि वह लखनऊ में डॉ. शरद सिंह से सम्पर्क करें।

डॉ. शरद अपनी वरना कार में तथा अन्य वाहनों का इंतजाम कर सभी गाड़ियों को शहीदपथ स्थित पलासियो मॉल के पास खड़ा करवा दिया। तय अभ्यर्थियों को उन्हीं कारों में बैठाया गया और लगभग दो घंटे तक पेपर पढ़ाया गया। फिर अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया गया।

अरुण और सौरभ की गिरफ्तारी के बाद से खुलती गई कलई

कौशांबी जिले के थाना मंझनपुर में धोखाधड़ी के दर्ज विभिन्न मामलों में वांछित अरुण कुमार सिंह व सौरभ शुक्ला को 15 मार्च 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अरुण और सौरभ से पूछताछ में जानकारी हुई कि समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक कराने का मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र है। दो अप्रैल को एसटीएफ नोएडा द्वारा राजीव नयन मिश्र को गिरफ्तार कर लिया गया। राजीव नयन मिश्रा से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर एसटीएफ ने अमित सिंह को एसटीएफ मुख्यालय पूछताछ के लिए बुलाया। क्योंकि आरओ-एआरओ परीक्षा में ज्यादातर अभ्यर्थी अमित सिंह से जुड़े थे। राजीव नयन ने पूछताछ में यह भी बताया था कि उसने समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी का पेपर 25 लाख में डा शरद सिंह को बेचा था।

महाकुंभ: नए पावर स्टेशन के साथ तैयार हो रहीं नई लाइनें

अमृत विचार, लखनऊ : प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी की बुनियादी व्यवस्था के साथ अन्य कार्यों में तेजी से प्रगति हो रही है। बिजली की व्यवस्था सुचारु रूप से करने के लिए नए पावर स्टेशन स्थापित करने के साथ नई लाइनें बिछायी जा रही हैं। महाकुंभ-2025 के मद्देनजर प्रशासन अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे कर लेना चाहता है ताकि कोई कमी हो तो उसे समय रहते पूरा किया जा सके। इसी के तहत शहर में बिजली के स्थायी कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके तहत शहर में 132 केवी की क्षमता के दो बिजली घर बनाए जा रहे हैं। इसमें एक हेतापट्टी और दूसरा बेली का इलाका शामिल है। हेतापट्टी का बिजली घर चालू हो चुका है। वहीं बेली के स्टेशन को लेकर कार्यवाही चल रही है। इसके अलावा 94 वितरण परिवर्तक भी स्थापित हो चुके हैं। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पेशवाई के सभी मार्गों से बिजली के पोल हटाए जा रहे हैं। इसके लिए रक्षा मंत्रालय से अनुमति प्राप्त हो चुकी है। अब कुंभ क्षेत्र के परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में अंडर ग्राउंड केबिल बिछाने का कार्य रफ्तार पकड़ चुका है। इसी तरह ट्रिपल आईटी चौराहे से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड केबिल बिछायी जा रही है।

▸▸ उच्च क्षमता के दो पावर स्टेशन तैयार, 94 वितरण परिवर्तक स्थापित

यूपी में हर हाल में बढ़ाया जाएगा मतदान प्रतिशत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार हर हाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप निर्माण ने यह आश्वासन दिया।

बैठक की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरंतर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व कोटेदारों (उचित दर की दुकानों के विक्रेता) के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गैस सिलेंडर व बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। बीएलओ की ओर से बांटी जा रही मतदाता पर्ची व वोटर गाइड की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है, जिससे प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पर्ची व वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। बैठक में लखनऊ नगर निगम के आयुक्त इन्द्रजीत सिंह व कानपुर के नगर निगम आयुक्त शिव शरण अप्पा ने मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बताई।

भाजपा ने घोषित सार्वजनिक अवकाश को खत्म कर दिया

अमृत विचार, लखनऊ: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने निषादराज गुह्य व महर्षि कश्यप की जयंती पर घोषित सार्वजनिक अवकाश को खत्म कर दिया। उन्होंने यह बात शुक्रवार को महर्षि कश्यप और निषादराज गुह्य की जयंती पर बधाई देते हुए कही। इस अवसर पर सभी जिला कार्यालयों पर महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुह्य की जयंती संपन्न हुई। राजधानी के बालागंज स्थित निषादराज गुह्य की प्रतिमा पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने माल्यार्पण करने के बाद कहा कि भाजपा ने निषाद समाज को अपमानित किया है। सपा सरकार में निषाद समाज को सिंघाड़ा तालाब, मत्स्य तालाब के पट्टे दिये गये थे, अब यह सुविधा छीन ली गई है। पूर्व मंत्री पप्पू निषाद ने कहा कि जब तक भाजपा सरकार नहीं हटेगी तब तक पिछड़ों, दलितों, शोषित-वंचितों को सम्मान नहीं मिलेगा। इस मौके पर मनोज कुमार पाल, अवरोष कश्यप, सूरज लोधी, मुलायम लोधी, राज कमल चौरसिया, आदि नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

वर्ग पहेली-31

बाएं से दाएं

3.1.(काव्यशास्त्र) मुग्धा नायिका के सात भेदों में एक भेद, अंकुरितयौवना 2.नवयुवती।

6.जैसे ही, यदि, यद्यपि।

8.1.वानप्रस्थ आश्रम में प्रविष्ट व्यक्ति 2.भागवत का एक स्कंध 3.कृष्ण यजुर्वेद की एक शाखा।

11.एक भाववाचक प्रत्यय जो विशेषण और संज्ञा के अंत में लगता है जैसे- सुंदर+ता = सुंदरता।

ऊपर से नीचे

1.मतभेद, मतभिन्नता।

2.1.लत, स्वभाव 2.आदत।

4.1.नगरवासी, नागरिक 2.चतुर, शिष्ट,सभ्य 3.गुजराती ब्राह्मणों में एक कुलनाम या सरनेम 4.नागरी लिपि का कोई अक्षर 5.एक प्रकार का गृहयुद्ध।

5.आंखों के अंदर का वह अवयव जिसपर दृष्टि-बिंब बनते हैं, आंख के अंदर एक प्रकाश-संवेदी ऊतक पर्त,दृष्टि पटल।

7.1.गुज़र, निर्वाह 2.जीवनयापन।

9.1.स्तंभ, खंभा 2.चिट्ठी रखने का लिफ़ाफ़ा 3.संधि, जोड़ 4.जोड़ पर लगाया जाने वाला टांका।

10.1.व्यक्तियों की पंक्तियां

वर्ग पहेली -30 का हल

1 पी			2 जे		3 बे	
4 प	टा	प	टी		हा	
ल				5 व	ल	न
	6 अ	नु	मे	य		
	भि			7 सं	गि	नी
	ष			थि		
8 दे	व	भा	षा		9 जा	नाँ

सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2			3		4		6
				9			1	
		5			8			
7		8		6				2
			7		2	9		
2				4	5			8
			3			5		
	1			7				
6		9		5			2	

सुडोकू -109 का हल

3	5	8	2	6	4	7	1	9
4	6	1	9	3	7	8	2	5
7	9	2	8	5	1	4	6	3
2	7	9	5	1	8	6	3	4
1	3	5	4	7	6	9	8	2
6	8	4	3	9	2	1	5	7
5	4	3	6	8	9	2	7	1
8	2	7	1	4	3	5	9	6
9	1	6	7	2	5	3	4	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वादशी 22 .19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 15 .39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में ज्यादा समय व्यर्थ न गंवाएं। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य शुरु होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए।

वृष — आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

मिथुन — आज जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें,लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है।

कर्क — आज आपको इच्छित जगह पर स्थानांतरण भी मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के परामर्श लेना हितकर होगा।

सिंह — आज विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां होगी।

कन्या — आज सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है। प्रभावशाली लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता होगी।

तुला — आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर रहेंगे। घर की साफ-सफाई में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

वृश्चिक — आज आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारों से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन काफी सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत बढ़िया है।

धनु — आज परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। उपयोगी मशीनों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। छोटी सी त्रुटि के कारण काम रुक सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

मकर — आज शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी काफी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में मेहमान आ सकते हैं।

कुंभ — आज प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। अनावश्यक विषयों पर चर्चा करने से बचें। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है।

मीन — आज गुमी वस्तु आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का माहौल काफी अनुशासित रहने वाला है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
क्यों कि...
सुबह : 10 .50
घातक
रात : 07 .01

SONY MAX
फिरंगी
सुबह : 10 .00
लूसिफर
रात : 08 .30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07 .00 बजे

SONY PIX
जर्नी 2
सुबह : 10 .52
जस्टिस लीग
रात : 08 .50

ZEE CINEMA
शादी में जरूर आना
सुबह : 11 .00
हम साथ साथ हैं
रात : 07 .00

colors CINEPLEX
कालिया
सुबह : 11 .16
भेड़िया
शाम : 05 .58

जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

अमेठी-रायबरेली सीट पर अपनों में फंसी कांग्रेस

नेतृत्व की चुप्पी से कार्यकर्ताओं में बेचैनी, राहुल-प्रियंका और राबर्ट वाड्रा में आखिर कौन

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

अमृत विचार : अमेठी-रायबरेली के राजनीतिक हलके में रोज नित नए खुलासे किए जा रहे हैं। दोनों जिले के लोकसभा प्रत्याशी को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं के होठों पर मुस्कान है तो वहीं शब्दों में तलवारें। उनको मालूम है कि अगर जुबान फिसल गई तो विरोधियों की तलवारें चलने लगेगी, जो वोट बैंक की फसल काट देगी। दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे हैं, वो बस मांग रहे हैं जनता से अपने हिस्से के वोट गांधी परिवार के समर्थन में।

राबर्ट वाड्रा के बयान के बाद अमेठी में उनके नाम की भी चर्चा होने लगी कि दामादजी ही कांग्रेस की नैया पार लगाएंगे। वहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद से रायबरेली में चुप्पी छाई थी। ऐसी चुप्पी जैसे मन करता हो किसी ने कांग्रेसियों पर पत्थर गिरा दिया हो। पर राबर्ट के एक चैनल को दिए इंटरव्यू के बाद हर कोई बोलने लगा है दामाद अगर अमेठी और रायबरेली से प्रियंका या राहुल गांधी में से एक कोई चुनाव मैदान में आए तो दोनों जगह गांव-गांव बाहें फैलाकर कांग्रेसी उनको जिताएंगे।

रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी को लेकर एक इंटरव्यू में कहा है कि मेरे लिए यह मांग आ रही है कि मैं अमेठी को या देश के किसी भी कोने को प्रतिनिधित्व करूं। वाड्रा बोले अगर मैं सांसद बनने का फैसला करता हूं तो अमेठी के लोग मुझसे अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद करते हैं।

वर्षों तक गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी और सुल्तानपुर में कड़ी मेहनत की है। प्रियंका गांधी का भी अमेठी-रायबरेली की जनता से खासा लगाव है।

अजब रणक्षेत्र

दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे- बस मांग रहे जनता से कांग्रेस और गांधी परिवार के समर्थन में वोट

हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा

कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है कि रायबरेली-अमेठी दोनों सीट पार्टी जीतेगी। इसके लिए 2019 में स्मृति ईरानी से मिली हार के बाद से ही हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति पर काम चल रहा है, जो 2024 के चुनाव में दिखेगा। प्रदेश में हमारा वोट शेयर यहां सबसे ज्यादा होगा।

1967 में इंदिरा गांधी तो 2004 में आईं सोनिया गांधी

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उस समय इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था। वहीं 2004 में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आई। सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था।

स्मृति ईरानी से अमेठी के लोग परेशान : वाड्रा

अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी से परेशान हैं। लोगों को लगता है कि उन्होंने उन्हें चुनकर गलती की है। अमेठी के लोग चाहते हैं कि अब यहां से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़े। वे मेरी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। प्रियंका की क्या सोच है या बाकी लोगों की क्या सोच है उस बारे में अमेठी के लोग इंतजार करें।

रायबरेली सीट

वर्ष	पार्टी	प्रत्याशी	कुल वोट	वोट दर	जीता कौन
2019	कांग्रेस	सोनिया गांधी	534918	56%	167178 वोटों से सोनिया गांधी
	भाजपा	दिनेश प्रताप सिंह	367740	38%	
2014	कांग्रेस	सोनिया गांधी	526434	64%	352713 वोटों से सोनिया गांधी
	भाजपा	अजय अग्रवाल	173721	21%	
2009	कांग्रेस	सोनिया गांधी	481490	72%	372165 वोटों से सोनिया गांधी
	बसपा	आरएस कुशवाहा	109325	16%	

अमेठी सीट

वर्ष	पार्टी	प्रत्याशी	कुल वोट	वोट दर	जीता कौन
2019	भाजपा	स्मृति ईरानी	468514	50%	55120 वोटों से स्मृति ईरानी
	कांग्रेस	राहुल गांधी	413394	44%	
2014	कांग्रेस	राहुल गांधी	408651	47%	107903 वोटों से राहुल गांधी
	भाजपा	स्मृति ईरानी	300748	34%	
2009	कांग्रेस	राहुल गांधी	464195	72%	370198 वोटों से राहुल गांधी
	बसपा	आशीष शुक्ला	93997	15%	

मतदाता जागरुकता अभियान में जुटे विद्यार्थी

बाराबंकी में मतदाताओं को जागरुक करती शिक्षिका। अमृत विचार

लखनऊ अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग ने मुहिम शुरू कर दी है। इसके लिए छात्र- छात्राएं न केवल निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बल्कि रंगोली, स्लोगन व दीवार लेखन के जरिए लोगों को प्रेरित करने केलिए जुट गए हैं। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पूरे प्रदेश में मतदाता हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया है। शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों से अपील करते हुए कहा गया है कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें।

मतदाताओं को लुभा रहा रामनगरी का विकास

चुनाव की अंतर्धारा में गूंज रही अयोध्या

अयोध्या पहुंच रहे प्रदेश के हजारों मतदाता

पड़ोस के गोंडा, बस्ती, अंबेडकरनगर से बाराबंकी तक के हजारों श्रद्धालु मतदाता दर्शन-पूजन के लिए रोज अयोध्या पहुंच रहे हैं। साफ कहते हैं कि अयोध्या का विकास अदभुत है। इसका प्रभाव पड़ोस के जिलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश पर पड़ रहा है। बस्ती के परशुरामपुर के दिलीप कुमार पांडेय कहते हैं कि अयोध्या के साथ राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ स्थल से चलने वाली परिक्रमा से क्षेत्रका विकास होगा। यह चुनाव में प्रभाव डाल रहा है। गोंडा के परसपुर से आए रज्जन तिवारी कहते हैं अयोध्या का प्रभाव बाबा तुलसी की जन्म स्थली पसका और राजा पुरवा तक दिख रहा है। अयोध्या से विकास का मुद्दा यहां भी है।

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : जिले के साथ प्रदेश के अन्य जिलों के चुनाव की अंतर्धारा में अयोध्या गूंज रही है। इन जिलों के मतदाताओं को रामनगरी का विकास लुभा रहा है। कई हजार करोड़ की परियोजनाएं, लाखों श्रद्धालुओं की आमद से बदली तस्वीर उन्हें रास आ रही है। अयोध्या से उनको बड़ी उम्मीद है। ऐसे विकास की अपेक्षा करते हैं। अयोध्या का विजन पड़ोस में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है।

अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं है। कुछ पूरी हो गई तो कुछ पूरी होने वाली है। एयरपोर्ट से आधुनिक रेलवे स्टेशन, चौड़ी सड़कें, हाईवे से जुड़ाव ऐसे काम है साफ दिखते हैं। पड़ोसी जिले के लोगों को लुभाते हैं। चुनाव का दौर है। तुलना स्वाभाविक है। गोंडा तरबगंज के शेष नरायन पांडेय दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आए। कहते हैं अयोध्या बहुत बदल गई। इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी थी। हमारे जिले में भी ऐसा होता तो कितना अच्छा रहता। बात छेड़ते हैं 84 कोसी परिक्रमा की।

अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा पथ का निर्माण शुरू हो रहा है। लगभग 232 किमी. लंबा यह मार्ग अयोध्या सहित पड़ोस के पांच जिलों बस्ती, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा से होकर निकलता है। फोरलेन पथ बनेगा, श्रद्धालुओं की आवाजाही होगी। गोंडा में लगभग 60 से 70 किमी. की दूरी है। बस्ती में 30 से 40 किमी.। बाराबंकी और अंबेडकरनगर में भी कुछ दूरी है। पथ और पथ के इर्द-गिर्द बड़े धर्मस्थल, ऋषियों की तपस्थलियां है। 84 कोसी परिक्रमा पथ निर्माण से विकास की उम्मीद है। इसके बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेगे। उनके क्षेत्र का भी विकास होगा। अयोध्या का यह विजन चुनाव में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है। इन जिलों के प्रत्याशी भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष अयोध्या से होने वाले विकास को भुना रहे हैं।

मुद्दे की बात

विकास का नया द्वार खोलेगा एडीए का विस्तार

चुनाव की अंतरधारा में अयोध्या विकास प्राधिकरण का विस्तार भी है। गोंडा और बस्ती के लिए अयोध्या वरदान बन रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण का क्षेत्र बढ़ा। अयोध्या जिले के 154 गांवों के साथ गोंडा के 63 और बस्ती के 126 गांव शामिल कर दिए गए। यह विस्तार गोंडा के नवाबगंज तक पहुंच गया। यह सरयू पार के गांव है। ज्यादातर कछारी थे। जमीनों के दाम बढ़े। बड़े होटल और धर्मशालाओं के साथ दुकान और प्रतिष्ठान बन रहे हैं। रिवर फ्रंट जैसी स्थिति बन रही है। नई अयोध्या उधर बढ़ रही है। रौनक बढ़ गई। गोंडा, बस्ती में यह विकास का द्वार खोल रहा है।

योजनाओं के आगे फीकी वादों की गठरी

मोदी की मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं बन रहीं गेमचेंजर

बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थ के दाम और महंगाई के मुद्दे क्यों हैं बेअसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: सखी सईंया तो खूब ही कमात है, महंगाई डायन खाये जात है.. जब 13 अगस्त 2010 को रिलीज़ हुई पीपली लाइव फिल्म तो इस गीत ने कमाल का असर दिखाया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर इस कदर हमले किए कि देखते ही देखते चार साल के भीतर कांग्रेस सरकार और महंगाई एक-दूसरे के पूरक बन गए। नतीजा रहा कि भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता ही नहीं छीनी, कांग्रेस मुक्त अभियान को भी असरदार बनाया। लेकिन अब पेट्रोलियम पदार्थों से लेकर आम जरूरत के हर सामान का दाम दिन दूना रात चौगुना रफ्तार से बढ़ने के बावजूद महंगाई का मुद्दा असरदार नहीं दिख रहा है।

महंगाई और रोजगार जैसे मुद्दों पर जनता में लामबंदी बहुत कम देखी जाती है, लोग सड़कों पर

नहीं उतरते तो मान लीजिए कि यह सरकारों का सौभाग्य है। लेकिन असल में यही देश का दुर्भाग्य भी है। नेता एक-दूसरे को कोसते रह जाते हैं। कोई कहता है पुराने दिन ही भले थे, कोई अच्छे दिन की ढांढस बंधाता रह जाता है। लेकिन समस्या जस की तस मुंह बाये खड़ी है। ऐसे में मोदी सरकार की गांव से लेकर शहर तक मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं वोट की गांरटी बन गई हैं।

इंडिया गठबंधन का महंगाई घटाने व रोजगार पर फोकस

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस के जारी हुए 48 पेज के न्याय घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गांरटी के जरिए महंगाई पर करारा हमला करते हुए रोजगार पर फोकस ज्यादा है। रसोई गैस समेत कई प्रमुख जरुरतों के दाम अपनी पिछली सरकार के स्तर पर लाने का वादा भी है। युवा, महिला, मजदूर और किसान के लिए खास वादे हैं। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की योजनाओं का वादा किया गया है। लेकिन मोदी की गारंटी के आगे घोषणा पत्र कितना असर दिखाएगा, यह परिणाम तय करेंगे।

मतदाताओं को लुभाती मोदी की यह 10 योजनाएं

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना :** मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत कोविड 19 के दौर में मार्च 2020 में की थी। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में इसका खूब असर दिखा था, इस चुनाव में भी बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है। योजना को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है।
- **महिला सम्मान बचत पत्र :** पिछले साल आम बजट 2023-24 में सरकार ने महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट 2023 योजना की घोषणा की थी। सरकार जनवरी से मार्च 2024 के लिए 7.5 फीसदी की दर से ब्याज दे रही है। इसकी मैच्योरिटी 2 साल है, कोई महिला अपनी ओर से या किसी नाबालिग बच्ची की ओर से बतौर अभिभावक खाता खुलवा सकती है।
- **पीएम विश्वकर्मा योजना :** इस योजना को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले लागू किया, बाद में केंद्र सरकार ने अपनाया। हाल यह है कि चुनाव में खासा असर दिखा रही है। नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले लोन पर सरकार 8 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। यानी इस योजना के तहत कारगर 3 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं, वह भी सिर्फ 5 फीसदी के रियायती ब्याज पर।
- **पीएम स्वनिधि योजना :** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो लोन स्कीम है, जिसकी शुरुआत 1 जून 2020 को हुई थी। इसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा प्रदान करना है।
- **पीएम किसान सम्मान निधि :** पीएम किसान सम्मान निधि का एलान प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले किया गया था। इस योजना के तहत देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार एक साल में 6000 रुपये की सहायता देती है।
- **आयुष्मान भारत योजना :** आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। दवा की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है।
- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना :** यह स्कीम बीमाधारक की डेथ होने की स्थिति में उसके परिवार को दो लाख तक की आर्थिक मदद दिलाती है। इसमें सिर्फ 436 रुपए सालाना का प्रीमियम भरकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं।
- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना :** भारत की बड़ी आबादी को सुरक्षित करने के उद्देश्यत से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को साल 2015 में शुरू किया गया था। पहले इसका सालाना प्रीमियम 12 रुपये था, जिसे 1 जून 2022 से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया। इस योजना में आपको 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है।
- **अटल पेंशन योजना :** यह कमजोर आय वर्ग के लिए गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र का कोई भी पात्र निवेशक भाग ले सकता है। इस स्कीम के जरिए 60 की उम्र के बाद हर महीने अधिकतम 5000 रुपये तक की गारंटीड पेंशन का इंतजाम है।
- **उज्ज्वला योजना :** मोदी ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के उद्देश्य से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

कहीं नहीं दिख रहा चुनाव का जोर

हरदोई

अमृत विचार: एक समय था जब चुनाव की घोषणा होते ही सड़कों पर शोर शराबा, रैलियां शुरू हो जाती थीं, बड़े-बड़े वाहनों पर गाते बजाते लोग प्रत्याशी के लिए वोट मांगने लगते थे, लेकिन अब समय बिल्कुल बदल गया है। 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर किसी भी प्रत्याशी या उनके समर्थकों में कोई उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। केवल जिला प्रशासन स्वीप रैलियां व बैठकें कर रहा है।

प्रशासन की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं, लेकिन प्रत्याशी व जनता बिल्कुल शांत है। गांव से लेकर शहर तक किसी भी प्रत्याशी की हार-जीत को लेकर कोई चर्चा अब तक नहीं हो रही है। चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अब चुनावों से पहले होने वाला शोर शराबा, पोस्टर बाजी, बिल्ला स्टीकर

शांत बैठे हैं प्रत्याशी व राजनीतिक दल, गायब हो गए माइक व भोंपू

कहीं नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। पहले चुनाव शुरू होते रिक्शों पर बाइक बांध कर सुबह से रात तक चुनावी प्रचार होता रहता था। गलियों से लेकर मुख्य चौराहे तक बड़े-बड़े पोस्टर, होर्डिंग्स से पट जाते थे। गांव में बच्चे तक चुनावी बिल्ला, झंडा लिए दिखाई पड़ते थे। शहर से लेकर गांव तक चुनाव की धूम मची रहती थी, लेकिन अब चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अधिसूचना जारी होते ही प्रचार सामग्री हटाई जाने लगती है। चुनाव को लेकर सिर्फ प्रशासन की तैयारियां दिखाई पड़ रही हैं। मतदान बढ़ाने को लेकर गांव से शहर तक हर वर्ग की रैलियां निकाली जा रही हैं। जिले का चुनाव इतना शांत है कि जनता में किसी प्रत्याशी के लिए कोई उत्साह नहीं है। वर्षों से जिन दो चेहरों को वह सांसद के रूप में देख रहे हैं, वहीं चेहरे फिर मैदान में हैं। चुनाव जीतने के बाद दोनों चेहरे जनता से रूबरू नहीं होते हैं।

शैली प्रचार की राजधानी लखनऊ में चुनावी अंकगणित मजबूत करने की कवायद में जुटी भाजपा

बूथ मजबूत कर भाजपा प्रचार अभियान में बाजी मारने को तैयार

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: एक ओर मोदी की चुनावी पाठशाला और नमो ऐप के जरिए जन-जन से सीधे संवाद तो दूसरी ओर पन्ना प्रमुख बना बूथ मजबूत कर आगे बढ़ता भाजपा का चुनावी कार्यक्रम अब धीरे-धीरे रफ्तार लेने लगा है।

जहां विपक्षी दल अभी उम्मीदवार तय करने में फंसे नजर आ रहे हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई एलईडी वाहनों की परमीशन ले अपने चुनावी अभियान में अन्य दलों से ''लीड'' लेती दिख रही है। कोई भी ऐसा अवसर भाजपाई हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं जहां उनकी चुनावी ''अंकगणित'' मजबूत न हो रही हो। चाहे वह भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे होली मिलन समारोह के कवि सम्मेलन हों या फिर आने वाले दिनों में होने वाले महानगर के स्थापना दिवस समारोह।

कम भीड़भाड़ वाले स्थलों पर वीडियो वैन बताएंगी उपलब्धियां

कम भीड़भाड़ और ज्यादा से ज्यादा लोगों के गुजरने वाले स्थानों पर ये वीडियो वैन सरकार की उपलब्धियां बताती नजर आएंगी। इनमें एलईडी लगी होगी जो मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करेगी।

अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे

शहर के अलग-अलग इलाकों में होते होली मिलन समारोह और कवि सम्मेलन के जरिए व्यापारियों के बीच सीधे प्रवेश कर मंचों से भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते नजर आ रहे हैं। सरकार के मंत्री हों या फिर विधायक अथवा कोई अन्य जनप्रतिनिधि, ज्यादातर सभी मंच पर भाजपा का प्रतिनिधित्व नजर आ रहा है। लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी बताते हैं कि हम प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। आगामी दिनों महानगर अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसके जरिए भी बूथ कार्यकर्ताओं तक पहुंच उन्हें चुनावी रणनीति से अवगत कराया जाएगा। बुधवार की शाम पांडेयगंज व्यापार मंडल के कवि सम्मेलन में कई बड़े कवि भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते दिखे। वीर रस के वरिष्ठ कवि वेदव्रत वाजपेयी ने सुनाया 'भारत मां तेरे बेटों का हर संकट टल जाएगा, चक्र सुदर्शन पहली गाली देने पर चल जाएगा, हमने जो भी कस्में खाईं सब पूरी कर डाली है, इस मिट्टी को कंचन करने की सौगंध उठा ली है, खंडित भारतमाता की पूरी तस्वीर बनाएंगे, अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे।

नमो ऐप के जरिये जन-जन से संवाद की मुहिम

मतदाताओं को जगाने में जुटे एलईडी वाहन

- भले ही राजधानी लखनऊ में चुनाव 20 मई को हों लेकिन भाजपाई प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। एलईडी वाहन बाकायदा मतदाताओं को जगाने में लग चुके हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अखिलेश द्विवेदी के मुताबिक प्रचार के लिए एलईडी वाहनों (वीडियो वैन) की परमीशन दे दी गई है। आठ अप्रैल से सभी एलईडी वाहन प्रचार अभियान में जुट जाएंगे।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↓
बंद हुआ	74,248.22	22,513.70
बढ़त/नुकसान	20.59	0.95
प्रतिशत में	0.03	0.00

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2400-2425
आरआर 21	2450-2500
गेहूंफ़ारम	2700-2750
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5800-5900
अरहर	8300-8700
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-11000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14600-14800
अरहरस्पेशल1	12500-12700
चनादाल	7150-7250
मटरदाल	4950-5100
मसूरमलका	7050-7150
मसूरदाल	7250-7150
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1400-1500
मैदा	1410-1440
सूजी	1480-1500
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1390-1400
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4800-5100
अलसी	4500-4600 रुपये।

विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्चस्तर पर

आरबीआई के मुताबिक, 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर पहुंच गया

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है।

यह लगातार छठा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार

में थोड़ी कमी आई थी।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.35 अरब डॉलर बढ़कर 570.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.16 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.14 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गई।

यूरोपीय, लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में वृद्धि

नई दिल्ली। भारतीय निर्यातकों ने 2023 में यूरोपीय और लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की। इस दौरान रोमानिया, मोंटेनेग्रो, ऑस्ट्रिया और ग्वाटेमाला में खासतौर से भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जीवनयापन की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और मौद्रिक सख्ती के कारण यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे बड़े बाजारों में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद 2023 में यूरोपीय संघ को भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.1 प्रतिशत बढ़ गया। अधिकारी ने कहा-2023 में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई। इस दौरान रोमानिया, चेक गणराज्य, मोंटेनेग्रो, फिनलैंड, नीदरलैंड, पुर्तगाल, लक्जमबर्ग, आइसलैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय देशों को भारत के निर्यात में स्वस्थ वृद्धि हुई। अधिकारी ने कहा कि ये रुझान यूरोप में मौजूदा अनिश्चितताओं और मंदी के बावजूद भारत के व्यापार में जुझारूपन को दर्शाते हैं। इसी तरह, 2023 में लातिनी अमेरिकी देशों में क्यूबा, उरुग्वे, पैराग्वे, गुयाना, पेरू, मेक्सिको और ग्वाटेमाला को भारत के निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

ई-गेमिंग से संबंधित दायर याचिकाएं न्यायालय ने अपने पास हस्तांतरित की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने ई-गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने के विरुद्ध नौ उच्च न्यायालयों में दाखिल 27 याचिकाओं पर प्रामाणिक निर्णय संबंधी केंद्र की याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली तथा सभी याचिकाएं अपने पास हस्तांतरित कर ली।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की याचिका मंजूर करते हुए उसे ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की लंबित याचिकाओं पर 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। पीठ ने एक नोडल अधिवक्ता को भी नियुक्त किया है, जो मामले में रिकॉर्ड एकत्र करेगा। अब इन याचिकाओं पर मई के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी।

भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा: मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले-वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने पर है जोर

रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण पर बड़े पैमाने पर जोर देने से आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने में मदद मिली है। मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहा है। अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है।

मंत्री ने कहा-वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग फसल और मिट्टी की

गुणवत्ता के लिए अच्छा है। हम इसे बढ़ावा दे रहे हैं। यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के बारे में पूछे जाने पर मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने यूरिया आयात पर निर्भरता खत्म करने के लिए दोतरफा रणनीति अपनाई है। मंत्री ने बताया सरकार ने चार बंद यूरिया संयंत्रों को फिर शुरू किया है और एक अन्य कारखाने को वापस चालू करने का काम जारी है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	81,350
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	71,700
गिन्नी (प्रति नग)	53,400-53,600
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	69,950
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	78,500
चांदी तैयार	78,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	69,500
सोना जेवरात गिन्नी	68,500
चांदी पक्की	770 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	69,350
चांदी आभूषण	78,100।

आयुर्वेद उत्पाद बाजार 2027-28 तक 1.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने जारी किए आंकड़े

भारत का आयुर्वेद उत्पादों का बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 16.27 अरब डॉलर यानी 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप निरोगस्ट्रीट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्राकृतिक एवं हर्बल उपचार की बढ़ती मांग, आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या बढ़ने, सरकारी पहल और नए उद्यमियों के आने से आयुर्वेद उत्पाद बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल इसका बाजार सात अरब डॉलर यानी 57,450 करोड़ रुपये है। निरोगस्ट्रीट ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि भारत में आयुर्वेद उत्पाद बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,20,660 करोड़ रुपये (16.27 अरब डॉलर) तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सर्वेक्षण के मुताबिक, आयुर्वेदिक उत्पादों एवं सेवाओं का समग्र बाजार वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से बढ़ने का अनुमान है।

रेपो दर को स्थिर रखने से सेंसेक्स नए शिखर पर

मुंबई। नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के फैसले से घरेलू शेयर बाजार का सूचकांक सेंसेक्स नकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद शुक्रवार को मामूली बढ़त के साथ नए शिखर पर पहुंचने में सफल रहा जबकि निफ्टी में मामूली गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 20.59 अंक यानी 0.03 प्रतिशत बढ़कर 74,248.22 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में सेंसेक्स ने 74,361.11 का नया उच्चस्तर भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 0.95 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर बंद हुआ।

केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लेन-देन में आई कमी : शंकर

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर ने दी जानकारी

भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लेन-देन संख्या दिसंबर 2023 में 10 लाख पार कर गई लेकिन उसके बाद इसमें कमी आई है। शंकर ने कहा कि प्रायोगिक आधार पर एक दिसंबर 2022 को सीबीडीसी पेश किये जाने के बाद से लेन-देन की कुल संख्या 2.2 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें प्रतिभागियों की संख्या 50 लाख हो गई है।

उन्होंने कहा-संख्या पहले जैसी नहीं रही है, उसमें कमी आई है। एक दिन में 10 लाख का लक्ष्य

लोकप्रिय यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) मंच के साथ जोड़े जाने जैसे उपायों के कारण पहले ही पूरा कर लिया गया था। एक खबर के अनुसार बैंकों ने दिसंबर में डिजिटल रुपये का उपयोग कर कर्मचारी लाभ वितरित किये। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 10 लाख दैनिक लेनदेन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिली। शंकर ने कहा कि अभी सीबीडीसी में 46 लाख उपयोगकर्ता और चार लाख कारोबारी लेनदेन कर रहे हैं। जैसे-जैसे सीबीडीसी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, व्यक्तियों और कारोबारियों के बीच (पी2एम) होने वाले लेनदेन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा-अधिक कारोबारियों के आने के साथ संख्या पी2पी (कारोबारियों के बीच) से पी2एम की ओर स्थानांतरित हो रही है। शंकर ने यह भी कहा कि सीबीडीसी पर एक सुविधा शुक्रवार को शुरू हुई। विशेष रूप से तैयार इस सुविधा के तहत एक किसान को कृषि कच्चा माल खरीदने के लिए धन हस्तांतरित किए गए।

एक नजर

भाजपा कार्यकर्ता की मौत की एनआईए जांच का दिया गया आदेश

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल में वर्ष 2023 के पंचायत चुनाव से पहले हुई हिंसा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की मौत की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मृतक बिजय कृष्ण मोहंती के बेटे प्रसेनजीत ने एक याचिका दायर करके राज्य पुलिस से जांच को एनआईए को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। प्रसेनजीत ने याचिका में कहा है कि पूर्वी मिदनापुर जिले के मोयना इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थकों ने उनके भाजपा कार्यकर्ता पिता पर बम और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

दो इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में एक महिला नक्सली समेत दो इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया तथा सुरक्षाबलों ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा जिले में आठ-आठ लाख रुपए के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है तथा बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

राष्ट्रीय

हमारा काम तो एक ट्रेलर, अभी बहुत कुछ करना है

राजस्थान की चुनावी रैली में विपक्षी दलों के गठबंधन पर प्रधानमंत्री मोदी का कटाक्ष

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में किए गए अपने काम को महज एक ट्रेलर (नमूना) और मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाला ऐपेटाइजर बताते हुए कहा कि अभी तो पूरी थाली बाकी है और हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान

राजस्थान के चुरू जिले में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

है। भारतीय सेना की ओर से की गई एयर एवं सर्जिकल स्ट्राइक की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा-ये नया भारत है। ये नया भारत घर में घुसकर मारता है।

मोदी चुरू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले 'ऐपेटाइजर' और फिल्म के ट्रेलर से की। उन्होंने कहा-जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है।

नया भारत तो घर में घुसकर मारता है: मोदी

उन्होंने कहा-आज दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है, यह नया भारत है। यह नया भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि 2014 में जब भाजपा केंद्र में सत्ता में आई तो देश खस्ता हालत था। उन्होंने कहा-हम जो ठान लेते हैं वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते हुए देखा है। आप याद करिए कांग्रेस के शासन में 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था।

तमिलनाडु के मंत्री की याचिका पर 8 अप्रैल को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह भ्रष्टाचार के एक मामले में मुकदमा चलाने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली तमिलनाडु के ग्रामीण विकास मंत्री आई. पेरियासामी की याचिका पर 8 अप्रैल को सुनवाई करेगा। पेरियासामी के वकील द्वारा तत्काल सुनवाई की अपील के बाद न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगी। वकील राम शंकर के माध्यम से दायर एक आवेदन में, पेरियासामी ने चेन्नई की एक अदालत के समक्ष भ्रष्टाचार के मामले में मुकदमे को स्थगित करने और व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देने के लिए शीर्ष अदालत से निर्देश देने का अनुरोध किया।

केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश : संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- जेल से बाहर आने के बाद आप के राज्यसभा सांसद ने किया दावा

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में जेल की सलाखों के पीछे डालने की साजिश रची।

सिंह ने जेल से बाहर आने के दो दिन बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए मगुंटा राघव रेड्डी पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। रेड्डी दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी से सरकारी गवाह बने हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को 21 मार्च को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया

गया है। सिंह ने कहा कि राघव रेड्डी के पिता, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के खिलाफ 16 सितंबर, 2022 को कार्रवाई की गई थी। सिंह को भी आबकारी नीति मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सिंह ने आरोप लगाया, उन पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए दबाव डाला गया लेकिन जब उन्होंने इनकार कर दिया तो उनके बेटे राघव रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया।

भाजपा नेता की याचिका पर यूट्यूब चैनल सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से नोएडा की एक अदालत में हुई बदसलूकी की घटना के संबंध में उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियों को लेकर कई यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मामले में अन्य पक्षों को सुने बिना आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए अंतरिम राहत की याचिका पर 13 प्रतिवादी यूट्यूब चैनल और 'एक्स' हैंडल को नोटिस जारी किया। अदालत ने मानहानि मुकदमे पर समन जारी किया और मामले को आठ अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उच्च न्यायालय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) और गूगल को भी नोटिस जारी किया।

न्यायालय ने शोमा कांति सेन को दी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामला

उच्चतम न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में जून 2018 में गिरफ्तार महिला अधिकार कार्यकर्ता शोमा कांति सेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने निर्देश दिया कि उन्हें ऐसी शर्तों पर जमानत पर रिहा किया जाए, जिन्हें विशेष अदालत उपयुक्त और उचित समझे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तों में यह शामिल होगा कि सेन विशेष अदालत की अनुमति के बिना महाराष्ट्र नहीं छोड़ेंगी।

पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा-अपीलकर्ता (सेन) को एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के जांच अधिकारी को उस पते के बारे में सूचित करना होगा, जहां वह जमानत पर रहने के दौरान निवास करेंगी। इसने कहा कि सेन जमानत पर रहने के दौरान केवल एक मोबाइल फोन नंबर का उपयोग करेंगी और इसे जांच अधिकारी के साथ साझा करेंगी। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मोबाइल चौबीस घंटे चालू और चार्ज रहे, ताकि वह जमानत पर रहने की पूरी अवधि के दौरान लगातार उपलब्ध रहें।

दिल्ली में पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी और बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद खुद भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि आरोपी अजय के शव को सबसे पहले उसके बेटे कुशल (22) ने तब देखा जब वह शुक्रवार सुबह काम के बाद घर लौटा। अधिकारी के अनुसार, कुशल ने घर को बंद पाया तो उसने खिड़की से झांका और भीतर अपने पिता को लटका हुआ देखा। पुलिस उपायुक्त ने के अनुसार, पेशे से हलवाई अजय ने पहले अपनी पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद आत्महत्या कर ली।

आयुर्वेद, योग को आयुष्मान भारत में शामिल करने की याचिका स्वीकार करे केंद्र : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने संबंधित मंत्रालय को दिया निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से उस याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर स्वीकार करने कहा, जिसमें आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस आरोड़ा की पीठ ने प्रतिवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लेने का निर्देश देने के बाद जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

उच्च न्यायालय ने याचिका बरकरार

करने की याचिकाकर्ता की अर्जी स्वीकार कर ली और मंत्रालय से इसे प्रतिवेदन के रूप में स्वीकार करने को कहा। अदालत ने आयुष मंत्रालय द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए यह आदेश जारी किया। हलफनामे में कहा गया है कि भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने के लिए कदम उठाने के वास्ते स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय किया जा रहा है। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वित्त और गृह मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था तथा उनसे याचिकाकर्ता-अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था। वहीं आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा को पीएम जन आरोग्य योजना में शामिल करने का याचिका में अनुरोध किया गया है।

सीबीआई को कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की मिली अनुमति

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को अनुमति दे दी।

कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया। जांच एजेंसी ने न्यायिक हिरासत में कविता से पूछताछ करने की अदालत से अनुमति मांगी थी।

मुख्तार अंसारी के बेटे की याचिका पर यूपी सरकार से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 10 अप्रैल को अपने पिता मुख्तार अंसारी की फातेहा (विशेष प्रार्थना) में शामिल होने की अनुमति मांगी है।

गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद अब्बास अंसारी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने पिता के अंतिम संस्कार

में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी। शुक्रवार को अब्बास के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उनकी याचिका समय पर अदालत के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतिम संस्कार हो चुका है। वकील ने कहा कि उन्हें याचिका में संशोधन करने और 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि वह खुद ही आज संशोधित याचिका दायर करेंगे। पीठ ने कहा-याचिकाकर्ता के वकील ने शुरू में कहा कि चूंकि अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है, याचिकाकर्ता रिट याचिका में संशोधन करना चाहता है ताकि वह 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल हो सके। नोटिस जारी करें, और 9 अप्रैल तक इस पर जवाब मांगें। अदालत ने कहा-मामले की सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

धन जारी नहीं करने पर दिल्ली जल बोर्ड को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार की उस याचिका पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को नोटिस जारी किया, जिसमें राजधानी में जलापूर्ति के लिए जिम्मेदार निकाय को धन जारी नहीं करने का आरोप लगाया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को डीजेबी के लिए जरूरी धनराशि जारी करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि वह जल बोर्ड से पानी को लेकर बकाया धनराशि के बारे में जानना चाहती है। पीठ ने दिल्ली सरकार की याचिका को आगे 10 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को प्रधान सचिव (वित्त) को उस याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अधिकारी विधानसभा द्वारा बजटीय मंजूरी के बावजूद दिल्ली जल बोर्ड को धन जारी नहीं कर रहे।

कच्चातिवु वापस करने के भारत के अनुरोध का कोई आधार नहीं

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई मंत्री ने भारत के दावे को किया खारिज

कच्चातिवु द्वीप को लेकर भारत में लगातार बयानबाजी चल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीलंका पलटवार किया है। श्रीलंका के मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवु द्वीप को वापस लेने के भारत के बयानों का कोई आधार नहीं है। यह कहकर श्रीलंका के मंत्री ने भारत के कच्चातिवु द्वीप पर दावों को खारिज कर दिया।

श्रीलंका के मंत्री का यह बयान तब सामने आया है, जब भारत में पीएम मोदी और उनकी सरकार कांग्रेस पार्टी और डीएमके पार्टी पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार का आरोप है कि कांग्रेस और डीएमके ने कच्चातिवु द्वीप के आसपास मछली पकड़ने वाले मछुआरों के हितों की अनदेखी की। अब इस पर श्रीलंका के मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि यह भारत में चुनाव का समय है और कच्चातिवु द्वीप को लेकर ऐसी बातें सुनना असामान्य नहीं है।

देवानंद ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने हितों के लिए काम कर रहा है और कोशिश कर रहा है कि उस जगह पर भारतीय मछुआरे मछली पकड़ सकें। हालांकि उन्होंने कहा कि कच्चातिवु पर श्रीलंका के कब्जे को लेकर जारी बयानों का कोई आधार नहीं है।

अमेरिका के मंदिर में 11 साल के बच्चे को गर्म सरिया से दागा

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सस में एक 11 साल के बच्चे को गर्म सरिए से दागने के मामले में एक मंदिर और उसके मूल संगठन पर बच्चे के पिता ने केस कर एक मिलियन डॉलर मुआवजे की मांग की है।

फोर्ट बेंड काउंटी में रहने वाले विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को गर्म लोहे की छड़ से दागा गया था। दायर मुकदमे के अनुसार, बच्चे को बहुत दर्द और स्थायी विकृति का सामना करना पड़ा, जिसमें बच्चे के पिता चेरुवु मंदिर और जेईटी यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में 1 मिलियन डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहा है। बच्चे के पिता ने कहा कि बेटे के कंधे पर भगवान विष्णु की आकृति में दो भागों पर उसे दागा गया।

पेनल्टी चार्ज लोन राशि में नहीं जोड़ सकेंगे बैंक, 1 अप्रैल से लागू

लोन अकाउंट्स पर पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट से संबंधित रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइंस 1 अप्रैल से लागू हो गई हैं। ये नियम पेनल्टी को लेकर बैंकों और फाइनेंस कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाते हैं। जानते हैं कि बैंक अब क्या नहीं कर सकते...

- कमाई बढ़ाने के लिए चार्ज नहीं लगा सकते पेनल चार्ज का उद्देश्य कर्जधारकों के बीच कर्ज चुकाने के मामले में अनुशासन की भावना पैदा करना है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि इन चार्ज का इस्तेमाल कमाई बढ़ाने के लिए नहीं किया जा सकता। केंद्रीय बैंक की समीक्षा में पाया गया कि बैंक और फाइनेंस कंपनियां इनकम बढ़ाने के लिए जुर्माना और चार्ज लगाते हैं, जिसको लेकर ग्राहकों की शिकायतें बढ़ी हैं।

क्या कहते हैं नए दिशानिर्देश

आरबीआई ने बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को पेनल्टी इंटरेस्ट लेने से रोक दिया है, जो अक्सर ईएमआई के भुगतान में देरी होने पर वसूला जाता है। इसके अलावा, कर्जदाता विकल्प के रूप में ब्याज दर में अतिरिक्त कम्पोनेंट पेश नहीं कर सकते। आरबीआई ने दंडात्मक शुल्क लगाने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि ये पेनल्टी चार्ज लोन अमाउंट में न जुड़े और ऐसे शुल्क पर अतिरिक्त ब्याज न लगे।

पेनल चार्ज, पेनल इंटरेस्ट में क्या है अंतर

पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज दरों के रूप में जुर्माना हैं। दंडात्मक शुल्क एक निश्चित भुगतान है। इसे ब्याज में नहीं जोड़ा जाता, जबकि दंडात्मक ब्याज ग्राहक से ली जाने वाली मौजूदा ब्याज दर में जोड़ी जाने वाली रेट है। आरबीआई ने बैंकों को ये भी निर्देश दिया कि वे पेनल चार्जेस का कैपिटलाइजेशन न करें। मतलब ऐसे चार्जेस पर आगे कोई ब्याज की गणना नहीं की जाएगी।

पेनल्टी चार्ज पर आरबीआई के नियम

दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज से जुड़े ये नए नियम 1 अप्रैल से लागू हो चुके हैं। मौजूदा लोन 1 जून 2024 से नए नियमों के अधीन होंगे। बता दें कि इन नियमों को आरबीआई 1 जनवरी 2024 से ही लागू करने वाला था। लेकिन वित्तीय संस्थान को ख्याल करते हुए तारीख आगे बढ़ा दी गई थी।

बैंकों को अतिरिक्त शुल्क वसूलने का अधिकार नहीं

बैंकों और एनबीएफसीएस को उधारकर्ताओं से अतिरिक्त शुल्क लेने से रोकने के लिए ऐसे काम करेंगे आरबीआई के नए नियम... आरबीआई ने लोन की राशि में दंडात्मक शुल्क शामिल न करने करने का निर्देश दिया है। साथ ही इन शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना करने से भी मना किया है। बता दें, बैंक लोन के ईएमआई में देरी करने पर ग्राहकों पर दंडात्मक ब्याज लगते हैं। साथ ही अतिरिक्त शुल्क भी जोड़ते हैं। लेकिन आरबीआई के निर्देशानुसार अब बैंकों और वित्त कंपनियों को दंडात्मक ब्याज वसूलने का अधिकार नहीं होगा। उन्हें एडिशनल चार्ज जोड़ने की अनुमति भी नहीं होगी। हालांकि अभी भी बैंक जुर्माना लगा सकते हैं। नए नियमों के तहत बैंक और वित्तीय संस्थान डिफॉल्ट राशि के आधार पर दंडात्मक शुल्क को निर्धारित करेंगे। रिजर्व बैंक ने अनुमोदित नीति के अनुसार निष्पक्ष और लगातार चार्ज लगाने का निर्देश जारी किया है।

एक नजर

16 हजार फुट ऊंचा शिंकुला दर्रा आवाजाही के लिए किया बहाल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दारचा पदुम नीमू सड़क के बीच पड़ने वाले 16 हजार फुट ऊंचे और कई फुट बर्फ की मोटी परत चढ़े शिंकुला दर्रा वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया है। बीआरओ के मुख्य अभियंता आर के साहा ने हरी झंडी दिखाकर दर्रा से वाहनों को जांस्कर घाटी की ओर रवाना किया। मुख्य अभियंता ने कहा कि बीआरओ के जवानों की कठिन मेहनत के चलते शिंकुला दर्रा बहाल हुआ है। जवानों ने 20 से 25 फुट बर्फ की मोटी परत को माइनस तापमान में दारचा पदुम निमू सड़क को बहाल किया है। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस सड़क के खुल जाने से पर्यटन पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव रहेगा।

छत्तीसगढ़ में पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, कई घायल

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार किरंदुल थाना क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल, बड़ेपल्ली, दोडीतुमनार, गमपुर के जंगल में सशस्त्र माओवादियों की सूचना पर डीआरजी की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ हुई, जिसमे एक पुरुष माओवादी को मार गिराने मे दंतेवाड़ा पुलिस को सफलता मिली है। मुठभेड़ में कई नक्सली घायल होने का दावा भी पुलिस कर रही है।

बुशरा के निजी डॉक्टर ने जहर देने के दावे को किया खारिज

इस्लामाबाद। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी के निजी चिकित्सक ने बुशरा को जहर दिए जाने के दावे को खारिज कर दिया है। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया है कि, उन्हें (बुशरा बीबी को) कोई जहरीला पदार्थ नहीं दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खान द्वारा उनके निजी आवास में कैद में रखे जाने के दौरान बुशरा बीबी को जहर दिए जाने के आरोप लगाने के बाद उनके चिकित्सक का यह बयान आया है। बता दें, इमरान ने कहा था कि जहर से नकारात्मक प्रभाव के रूप में बुशरा की त्वचा और जीभ पर निशान हो गए हैं। खान इसके लिए सेना प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया था।

यूक्रेन ने रूस पर 53 ड्रोन से किया हमला, ऊर्जा संयंत्र तबाह

कीव। रूसी सीमा के रोस्तोव क्षेत्र में यूक्रेन ने 53 ड्रोन से हमले किया है। इसे यूक्रेन की ओर से सबसे बड़े हवाई हमलों में एक माना जा रहा है। हालांकि रूसी सेना की ओर से दावा किया गया है कि इनमें से 44 ड्रोन को मार गिराया गया। इन्हें मोरोजोस्की जिले में मार गिराया गया। रोस्तोव गवर्नर ने कहा है कि हमले में एक पावर सबस्टेशन को क्षति पहुंची है। रूसी मीडिया ने कहा कि मोरोजोस्की के पास सैन्य हवाई क्षेत्र स्थित है। हालांकि, साफ नहीं हो पाया है कि उनका निशाना सैन्य हवाई क्षेत्र था या नहीं।

पाकिस्तानी सूफी संत की अस्थियों को भारत लाने की अर्जी पर सुप्रीम इनकार

याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा- पाकिस्तानी नागरिक के शव को देश में लाने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में भारत में जन्मे पाकिस्तानी सूफी संत के अस्थियों को बांग्लादेश से लाने के लिए अर्जी दाखिल की गई। सूफी संत हजरत शाह मुहम्मद अब्दुल मुक्तदिर शाह मसूद अहमद की 2022 में बांग्लादेश में मृत्यु हो गयी थी। उनके पार्थिव शरीर को प्रयागराज में दफनाने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी, जिसे सीजेआई ने खारिज कर दिया।

याचिका में 1992 में पाकिस्तानी नागरिकता हासिल करने वाले प्रयागराज के पूर्व मूल निवासी सूफी संत की वसीयत का हवाला दिया गया था। इसमें कहा गया है कि उनके पार्थिव शरीर को उत्तर प्रदेश के शहर की दरगाह में दफनाया जाएगा, जिसकी उन्होंने अध्यक्षता की थी। शीर्ष अदालत ने कहा आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि भारत सरकार उसके अवशेषों को भारत में दफनाने के लिए लाएगी। ऐसा कोई अधिकार नहीं है जिसके प्रवर्तन की मांग की जा सके। सीजेआई और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हमें संवैधानिक अधिकारों के प्रवर्तन के सिद्धांतों के अनुसार भी चलना होगा।

चंडीगढ़ चुनाव अधिकारी मसीह ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी

नई दिल्ली। चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह ने अपने आचरण के लिए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली है। बता दें, न्यायालय ने फरवरी में चंडीगढ़ महापौर चुनाव का नतीजा पलट दिया था। उच्चतम न्यायालय ने मसीह को फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ मतगणना के दौरान गंभीर कदाचार के लिए मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। मसीह ने कहा कि वह पहले दिया हलफनामा वापस लेंगे, जिसमें कहा गया था कि वह अवसाद और बैचेनी से गुजर रहे थे और इसमें उन्होंने मतपत्रों में छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने हलफनामे में कहा था, इकतीस जनवरी को चुनाव प्रक्रिया की एक कथित वीडियो रिकॉर्डिंग ऑनलाइन लीक हो गई थी। इसके बाद, प्रतिवादी (मसीह) को सोशल मीडिया के साथ ही राजनीतिक दलों के सदस्यों की लगातार आलोचना और टीका-टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। इससे प्रतिवादी एवं उनके परिजन अत्यधिक मानसिक तनाव में आ गए।

एआईएफएफ की याचिकाओं पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से संबंधित याचिकाओं पर विचार करने और शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एल. नागेश्वर राव द्वारा तैयार इसके संविधान को अंतिम रूप देने पर विचार के लिए शुक्रवार को सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने न्यायमित्र के तौर पर अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण की इस बात पर गौर किया कि याचिकाओं पर सुनवाई की जानी चाहिए। शंकरनारायण ने कहा, 19 मार्च को कहा गया था कि याचिकाओं को पांच अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा और आज पांच अप्रैल है। इसके बाद पीठ ने आश्वासन दिया कि मामले को सुनवाई के लिए जल्द सूचीबद्ध किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने भारतीय ओलंपिक संघ और एआईएफएफ से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाएं स्वीकार कर लीं।

अमस में भीड़ ने की नेपाली पर्यटक से अभद्रता, केस दर्ज

जोरहाट। असम के जोरहाट जिले में एक विदेशी महिला के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। नेपाल से आई पर्यटक ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों की भीड़ ने उसके साथ अभद्रता की है। हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर ली और जांच शुरू कर दी है।

असम पुलिस ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि नेपाल की महिला पर्यटक से अभद्रता के स्थनीय लोगों पर आरोप लगे हैं। हालांकि मामला दर्ज कर दिया गया है। टिटाबोर के उप विभागीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह पीड़िता संपर्क में है। कानून के मुताबिक, आगे की कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता द्वारा गुरुवार को एक सोशल मीडिया वीडियो के जरिए अभद्रता और पुलिस निष्क्रियता के आरोप लगाए गए थे।

पीड़ित महिला पर्यटक ने दावा किया कि मारियानी इलाके में भीड़ ने सिर्फ उसके साथ इसलिए अभद्रता की क्योंकि उन्हें मेरे लड़कों की तरह पहने कपड़ों से आपत्ति थी। महिला ने आरोप लगाया कि वहां के स्थानीय लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और मेरे कपड़ों को फाड़ दिया गया।

विमान में महिलाओं के सामने यात्री ने कप में किया पेशाब

सिडनी, एजेंसी

- शर्मनाक हरकत करने से यात्री पर 600 डॉलर का जुर्माना लगाया

सिडनी हवाईअड्डे पर एक यात्री विमान में की गई शर्मनाक हरकत सामने आई है। विमान में देरी के दौरान यात्री ने महिलाओं के सामने कप में पेशाब किया, और उसके उतरते ही उसपर कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना, पिछले दिसंबर में ऑकलैंड से एयर न्यूजीलैंड की उड़ान में 3 घंटे की देरी हुई थी और सिडनी की एक अदालत ने फरवरी में ऐसे व्यवहार के लिए 53 वर्षीय व्यक्ति पर 600 डॉलर का जुर्माना लगाया था। यह घटना लोगों के ध्यान में तब आई, जब न्यूजीलैंड की समाचार वेबसाइट स्टफ ने बताया कि उसी पंक्ति में एक महिला यात्री, जिसकी पहचान होलव के रूप में हुई, उसने बताया कि उसने एयर क्रू को इस व्यवहार की सूचना दी थी। महिला यात्री ने कहा कि वह और उसकी 15 वर्षीय बेटी सब सीट पर बैठी थीं, तभी खिड़की वाली सीट पर बैठा व्यक्ति एक कप में पेशाब कर रहा था। उसने कहा कि वह आदमी साफ तौर पर नशे में था और विमान से बाहर निकलते ही उसने एक फ्लाइट अटेंडेंट पर पेशाब गिरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने कहा कि नशे सहित गलत व्यवहार के लिए हर महीने पांच से 10 यात्रियों पर एयरलाइन प्रतिबंध लगाता है।

केरल के कन्नूर में विस्फोट, एक की मौत, 3 घायल

कन्नूर। केरल के कन्नूर जिले में स्थित पनूर इलाके के पास शुक्रवार को एक धमाका हुआ, जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस घटना के बाद से राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने सीपीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि वामपंथी दल ने इस घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। विपक्षी कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, सीपीआई समर्थकों द्वारा देशी बमों को बनाने के दौरान यह घटना घटी। वहीं, भाजपा ने भी सीपीआई को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि बम के जरिए वाम दल दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है। सीपीआई ने कहा राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी लोगों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर झूठा प्रचार कर रहे हैं।

गुलमर्ग गुलजार...



गुलमर्ग: हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी जारी है। इस कारण जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग की वादियों पर बर्फ की चादर बिछी है। इनका दीदार करने और वहां स्कीइंग का लुत्फ उठाने के लिए सैलानी लगातार उमड़ रहे हैं। इस महीने गुलमर्ग में 10 सेमी बर्फबारी हो चुकी है। उधर, हिमाचल के कुल्लू और लाहौल की चोटियों पर बर्फबारी का दौर जारी है। गुरुवार रात को अटल टनल के साथ रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई। रोहतांग दर्रा व कुंजम दर्श में 10 सेंटीमीटर और बारालाचा में 5 सेंटीमीटर बर्फ रिकॉर्ड की गई। लाहौल के नॉर्थ पोर्टल, सिस्सू में ताजा बर्फबारी के बाद सैलानी पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी कुछ क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हुई है। हालांकि शनिवार को मौसम साफ होने के आसार हैं। ● एजेंसी

भारतीय तटरक्षक बल ने 27 बांग्लादेशी को बचाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाव खराब होने से बीच समुद्र में फंसे मछुआरों को बांग्लादेश को सौंपा

भारतीय तटरक्षक बलों ने बीच समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और शुक्रवार को उनको बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले तो उनकी नाव को ठीक करने की कोशिश की, जब नांव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

कोलकाता स्थित भारतीय तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, तटरक्षक बल का आदर्श वाक्य है वयम् रक्षाम (हम रक्षा करते हैं), जिसे हमने साबित करके दिखाया। भारतीय तटरक्षक बल ने बताया है कि, नौका स्टीयरिंग गियर टूटने के बाद भारतीय जल क्षेत्र में आ गई थी और वे सभी समुद्र में फंस गए थे। भारतीय तट रक्षकर बल के एक

अधिकारी ने बताया कि एक त्वरित ऑपरेशन करके भारतीय तटरक्षक (आईजीसी) गुरुवार रात को समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया। रात करीब 11.30 बजे भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पर गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। आईसीजी जहाज ने जांच के लिए बोर्डिंग टीम को भेजा। जांच के दौरान पता चला कि नाव का पिछले दो दिनों से स्टीयरिंग गियर खराब था और तब से वह भटक रही थी, जिसके कारण नाव भारतीय जल सीमा के अंदर चली गई। बीएफबी में 27 चालक दल/मछुआरे सवार थे। अधिकारी ने बताया भारतीय तटरक्षक तकनीकी टीम ने खराबी की पहचान करने और उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब देखा कि नाव का पतवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और समुद्र में इसकी मरम्मत नहीं की जा सकी। समुद्र की स्थिति और मौसम की स्थिति अनुकूल थी, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि संकटग्रस्त नाव को भारत-बांग्लादेश आईएमबीएल में लाया गया।

असम कांग्रेस अध्यक्ष का हिमंत पर 10 करोड़ का मानहानि का केस

गुवाहाटी। असम के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने एक स्थानीय अदालत में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा के खिलाफ 10 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दायर किया है। कांग्रेस नेता ने अपनी शिकायत में कहा है कि हिमंत विश्व सरमा के कई बयानों ने उनकी सार्वजनिक छवि और पार्टी को नुकसान पहुंचाया है।

बोरा ने गुरुवार को सिविल जज सह सहायक सत्र न्यायाधीश नंबर एक, कामरूप मेट्रो की अदालत में मामला दर्ज कराया। एक प्रमुख स्थानीय दैनिक और उसके संपादक को मामले में प्रतिवादी बनाया गया है। आरोप लगाया है कि शर्मा ने राज्य के कांग्रेस प्रमुख जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा है।

विज्ञान नए शोध में नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया तारों के रहस्य का खुलासा

भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : तारों के बारे में जैसा हम समझते हैं, वैसा न होकर ये कहीं अधिक अनसुलझी गुत्थियों से उलझे हुई है। एक नए शोध से कुछ ऐसा ही पता चला है। जिसमें भ्रमित करने वाले हजार तारों का चौंकाने वाला रहस्य उजागर हुआ है। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी वैज्ञानिकों ने यह आश्चर्यजनक खोज की है।

नए मॉडल का उपयोग कर खगोल भौतिकीविदों ने हमारी आकाशगंगा के केंद्रीय सुपरमैसिव ब्लैक होल के सैजिटेरियस ए (एसजीआर ए) की परिक्रमा कर रहे 1,000 भ्रम मे डालने वाले नकली सितारों को पता लगाया है, जो बेहद हिंसात्मक हैं और तेज़ गति के साथ एक दूसरे से टकराते हैं। टकराव के बाद कुछ एक दूसरे में विलय हो जाते हैं, जबकि कूछ तरोताजा दिखते हैं। साथ ही तारे बहुत कुछ कारण से युवा दिखते हैं।

ब्लैकहोल के साथ नजदीकी तारों का चित्र।

यह जानकारी भी सामने आई है कि टकराव से बचे तारे अपना द्रव्यमान खो देते हैं और कम द्रव्यमान वाले तारे बन जाते हैं या फिर अन्य तारों के साथ विलय करके विशाल और पुनर्जीवित हो जाते हैं। शोध का नेतृत्व कर रही वैज्ञानिक सानिया सी. रोज़ के अनुसार केंद्रीय ब्लैक होल के आसपास का क्षेत्र बेहद तेज़ गति से घूमने वाले तारों से भरा पड़ा है।

उनके आपस मे एक दूसरे के बहुत करीब से गुजरने पर गुरुत्वाकर्षण के कारण परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है। हमारी आकाशगंगा के केंद्र में यह बेहद अजीब जगह है। जहाँ तारों की संख्या दस लाख से भी अधिक है। जिसमें ब्लैकहोल के समीपवर्ती तारों का व्यवहार हमारी कल्पना से परे बेहद अजीब है। हमारा सूर्य ब्लैकहोल से लगभग चार प्रकाश वर्ष दूर है। जिस कारण हमारी सूर्य के आसपास की दुनिया शांत है।

छोटे तारों को निगल जाते हैं बड़े तारे

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स द्वारा द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह शोध प्रकाशित होने जा रहा है। दअरसल गुरुत्वाकर्षण प्रभाव जितना रोचक है, उतना ही ख़तरनाक भी है। जिसके परिणामस्वरूप बड़े तारे कम गुरुत्वाकर्षण वाले तारों को निगल जाते हैं और ब्लैकहोल अपने नजदीकी तारों को।

ब्रिटेनः भारतीय छात्रों ने शुरू किया फेयर वीजा फेयर चांस अभियान

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय छात्रों ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा के पक्ष में 'फेयर वीजा, फेयर चांस' नाम से एक नया अभियान शुरू किया। 'ग्रैजुएट रूट' वीजा अंतर्राष्ट्रीय स्नातकों को उनकी डिग्री के बाद दो साल के लिए ब्रिटेन में रहने और कार्य अनुभव प्राप्त करने का मौका देता है। दरअसल, एक स्वतंत्र विस्थापन सलाहकार समिति (एमसीए) को ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उस उद्देश्य को पूरा करता है या नहीं, जिसके लिए इसे बनाया गया है। माना जा रहा है कि समिति अगले माह तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि ब्रिटेन के लिए अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय छात्र ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 42 अरब जीबीपी का योगदान करते हैं।

भारतीयों के लिए नई वीजा कैटेगरी शुरू करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- जून से शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय कर सकेंगे आवेदन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीयों को प्रवेश देने के लिए नई वीजा कैटेगरी की शुरुआत की है। जून के अंत अथवा जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय आवेदन कर सकेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसके लिए अमेरिका ने भारत को ट्रीटी कंट्री (समझौता देश) का दर्जा दिया है। इस कदम से एच-1 बी वर्क वीजा के लिए वेटिंग लिस्ट में शामिल लगभग 3 लाख भारतीयों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। एच-1 बी वीजा का इंतजार कर रहे भारतीय अब ई-1 और ई-2 में आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में एच-1 बी वर्क वीजा की पेंडेंसी लगभग 134 साल है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 2023 में

भारतीय को रिकॉर्ड 14 लाख वीजा जारी किए थे। इनमें 50 फीसदी संख्या अमेरिका में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की थी।

ई-1 वीजा में आवेदक को संपत्ति माना जाएगा, फैमिली भी ला सकेंगे, ई-1 वीजा कैटेगरी में आवेदक को संपत्ति (असेट) माना जाएगा। इन्वेस्टर, एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर और अन्य किसी भी स्किल्ड वर्कर का मूल्यांकन संपत्ति के तौर पर होगा। अमेरिकी इमिग्रेशन डिपार्टमेंट हर आवेदक रिकॉर्ड को देखकर अर्थव्यवस्था में उसके योगदान को तय करेगा। ई-2 कैटेगरी में आवेदक को अपने मूल देश में इन्वेस्टमेंट को बताना होगा। उदाहरण के लिए ई-2 कैटेगरी का आवेदक ये बताएगा कि भारत में उसके व्यापार में से 50 फीसदी के बराबर का निवेश वह अमेरिका में भी करेगा। दोनों कैटेगरी में वीजा मिलने पर आवेदक अपनी फैमिली को अमेरिका ला सकेगा।

अमेरिका में हर साल करोड़ों का योगदान देते हैं भारतीय प्रोफेशनल

भारतीय प्रोफेशनल अमेरिका के सर्विस सेक्टर में लगभग 2.65 लाख करोड़ रुपए का योगदान देते हैं। अमेरिका ने इसका लक्ष्य 2024 में तीन लाख करोड़ रुपए रखा है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति बाइडन के समक्ष ट्रीटी कंट्री का दर्जा देने की बात उठाई थी। बाइडन ने इसे मंजूरी प्रदान कर संभावना जताई है कि वीसा बैकलॉग भी इससे कम हो सकेगा।